# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-240 | गुरुवार, 02 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12


एचएएल को अमेरिका से तेजस का चौथा इंजन मिला 11

एचएएल को अमेरिका से तेजस का चौथा इंजन मिला 11

## बधाई/सूचना

विजयादशमी पर सभी सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक बधाई। इस अवसर पर **'कैनविज टाइम्स'** कार्यालय में 02 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा, अतः अगला अंक 04 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

**-प्रधान संपादक**

# 'संघ के खिलाफ साजिशें हुईं'

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्र के प्रति योगदान को रेखांकित करने वाला विशेष रूप से डिजाइन एक स्मारक डाक टिकट और सिक्के को जारी किया। इस साल विजयदशमी से लेकर 2026 विजयदशमी तक संघ शताब्दी वर्ष मनाएगा।

पीएम मोदी डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें संघ जैसे संगठन का शताब्दी वर्ष देखने को मिल रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों शुभकामनाएं दीं और संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पीएम मोदी ने समारोह के दौरान कहा, आज महानवमी है। आज देवी सिद्धिदात्री का दिन है। मैं सभी देशवासियों को नवरात्रि की बधाई देता हूं। कल विजयादशमी का महापर्व है- अन्याय पर न्याय की जीत, असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत है। विजयदशमी भारतीय संस्कृति के इस विचार और विश्वास का कालजयी उद्घोष है। ऐसे महान पर्व पर 100 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना ये कोई संयोग नहीं था। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनरुत्थान था। ● शेष पेज 11 पर



- शताब्दी समारोह में पीएम मोदी ने गिनाईं आरएसएस की उपलब्धियां
- 'सिक्के के ऊपर अंकित संघ का बोध वाक्य'
- '1963 में 26 जनवरी की परेड में शामिल हुए थे स्वयंसेवक'
- 'सरकारों ने लंबे समय तक संघ को नहीं दी प्राथमिकता'

### समाज की सक्रियता और पुरुषार्थ को जागृत करना ही संघ का जीवन व्रतः सरकार्यवाह

संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत सरकार को विशेष डाक टिकट और सिक्का जारी करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का काम देश और समाज के लिए कार्य करने वालों को सम्मान देना है। सरकार्यवाह ने कहा कि समाज की सक्रियता और पुरुषार्थ को जागृत करना ही संघ का जीवन व्रत रहा है। संघ प्रतिक्रिया में बना हुआ संगठन नहीं है। हमारा उद्देश्य राष्ट्र के लिए काम करना और विश्व के कल्याण में योगदान देना रहा है। व्यक्ति को समाज से जोड़ना हमारा कार्य है। इस बारे में हमें किसी के सर्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है और संघ की कोई अपेक्षा भी नहीं है। सरकार्यवाह ने देश के बारे में चलाए जा रहे नकारात्मक कथानक के प्रति अगाह किया और कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में भारत के विमर्श को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि भारतीय समाज के बारे में विमर्श सकारात्मक और सत्य आधारित होनी चाहिए। संघ कार्य की पद्धति नई है लेकिन कार्य वही है। यही डॉ. हेडगेवार ने कहा था कि संघ भारत की जीवन संस्कृति के जागरण का कार्य है।

# गेहूं का नया एमएसपी 2582 रुपये हुआ

## बीते साल से 160 रुपये का हुआ इजाफा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने रबी फसल वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं सहित चुनींदा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए एमएसपी में वृद्धि को हरी झंडी दिखायी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इसके अलावा जौ का एमएसपी 2150 रुपये प्रति क्विंटल, चना 5875 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 7000 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों /रेपसीड 6200 रुपये प्रति क्विंटल और सैफफ्लावर (कुसुम) का एमएसपी 6540 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। अगर साल रबी फसल वर्ष 2025-26 से तुलना करें तो गेहूं के ● शेष पेज 11 पर

### केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि

नयी दिल्ली। सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की वृद्धि करने का फैसला किया है। यह फैसला एक जुलाई से प्रभावी माना जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। फैसले की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह तीन प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता कर्मचारियों एवं पेंशन भोगियों को वर्तमान में मिल रहे 55 प्रतिशत भत्ते और राहत के अतिरिक्त होगा। इस फैसले से 49 लाख 19 हजार केन्द्रीय कर्मचारी और 68 लाख 72 हजार पेंशन भोगी लाभान्वित होंगे। भत्ते में इस बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर 10083.96 करोड़ रुपये वार्षिक का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

## संक्षेप

### दशहरा-दीपावली पर योगी सरकार का तोहफा, कम हुआ बस का किराया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेशवासियों को दशहरा और दीपावली पर तोहफ़ा दिया है। सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सभी वातानुकूलित बसों के किराए में लगभग 10 फीसदी की कमी को अग्रिम आदेशों तक जारी रखने का ऐलान किया है। परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बुधवार को बताया कि योगी सरकार जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस निर्णय से यात्रियों को कम किराए में आरामदायक सफ़र की सुविधा मिलेगी। यह छूट जनरथ, पिंक, शताब्दी, वोल्वो, वातानुकूलित शयनयान जैसी सेवाओं पर लागू होगी। हालांकि, 1 जनवरी 2024 के बाद पंजीकृत नई वातानुकूलित बसों पर यह छूट लागू नहीं होगी। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि निगम की सकल आय पर असर न पड़े इसके लिए बसों पर तैनात चालक-परिचालकों को प्रेरित कर अधिक यात्रियों को आकर्षित करने के लिए विशेष काउंसिलिंग की जाएगी।

### वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर हुआ महंगा

**नयी दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से वाणिज्यिक एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की कीमतों में 15.50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की। राष्ट्रीय राजधानी में आज से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम 15.50 रुपये बढ़ गये हैं। वहीं 14.12 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले इस साल मार्च के बाद लगातार छह बार वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गयी थी।

# आपके लोन की ईएमआई जस की तस रहेगी

एजेंसी

- आरबीआई एमपीसी ने रेपो रेट 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा,
- जीएसटी में सुधारों से महंगाई पर पड़ेगा असर : गवर्नर
- टैरिफ के कारण दूसरी छमाही में थम सकती है विकास दर

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को 5.5% पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी की तीन दिन चली बैठक के बाद इस फैसले की जानकारी दी। तमाम बाजार विश्लेषकों की ओर से ब्याज दरों में कटौती के दावों के बीच अमर उजाला ने पहले ही अनुमान जताया था कि आरबीआई एमपीसी इस बार नीतिगत दरों को स्थिर रखेगी। आरबीआई गवर्नर ने बुधवार को नीतिगत दरों को बरकरार रखने का एलान करते हुए बताया कि अनुकूल मानसून, कम मुद्रास्फीति और मौद्रिक नरमी से आर्थिक वृद्धि की संभावना मजबूत बनी हुई है।

आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी के फैसलों का एलान करते हुए कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से महंगाई पर मजबूत असर पड़ेगा। इसके साथ ही उपभोग और विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर ● शेष पेज 11 पर

# महिलाओं के प्रति अपराध में न्यूनतम, सजा दिलाने में नम्बर वन है यूपी : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं गुरुवार को मनाए जाने वाले विजयदशमी पर्व की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि जीवन के किसी भी पक्ष में नारी शक्ति के बगैर सृष्टि की कल्पना ही नहीं की जा सकती। नारी शक्ति के प्रति सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए इसी भाव के साथ अनेक कार्यक्रम चला रही है। इन कार्यक्रमों के परिणामस्वरूप सुखद तथ्य यह है कि आबादी के दृष्टिकोण से देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश के महिलाओं के प्रति अपराध न्यूनतम है, जबकि महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध के मामले में यह प्रदेश देश में नम्बर वन है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान के कार्यक्रम से श्रद्धा और उल्लास से जुड़ते हैं। सनातन परंपरा में मातृ शक्ति व नारी शक्ति के प्रति आस्था का यह पर्व नई प्रेरणा प्रदान करता है। नवरात्र का यह पर्व अवगत कराता है कि चराचर जगत की आदि शक्ति, नारी शक्ति का ही रूप हैं। उन्होंने कहा कि आज शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है। वह सौभाग्यशाली है कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

### बरेली उपद्रव में शामिल दो और गिरफ्तार

**बरेली।** बरेली शहर में हुए उपद्रव और पुलिस पर हमले की घटना में शामिल दो शातिर दंगाइयों को थाना सीबीगंज पुलिस ने मुठभेड़ बाद गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने छीनी गई सरकारी एंटी रायट गन और दो तमंचे, जिंदा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार 26 सितंबर को इस्लामिया इंटर कॉलेज, थाना कोतवाली क्षेत्र में असामाजिक तत्वों ने दंगा भड़काने की योजना बनाकर पुलिस पर फायरिंग, ईंट-पत्थर और एसिड बोतलों से हमला किया था। इस दौरान हमलावरों ने एक सिपाही की सरकारी एंटी रायट गन भी छीन ली थी। घटना बाद से ही पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में थी। आज सुबह सूचना पर सीबीगंज पुलिस टीम ने बंडिया नहर हाईवे पुलिया पर घेराबंदी ● शेष पेज 11 पर




# भारतीय रेलवे में एक अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। भारतीय रेलवे पर 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सभी कार्यालयों,स्टेशन परिसरों, स्टेशनों, ट्रेनों, यूनिटों, कॉलोनियों, कार्यशालाओं, कोचिंग डिपो, रेलवे अस्पतालों आदि में स्वच्छता में स्पष्ट और स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।इसी क्रम में आज दिनांक 01 अक्टूबर,2025 बुधवार को मंडल रेल प्रबंधक,वाराणसी श्री आशीष जैन ने बनारस रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारियों एवं मंडलीय अधिकारीयों के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों को भी को स्वच्छता शपथ दिलाई । स्वच्छता शपथ :- ल्लमहात्मा गांधी ने भारत का सपना देखा जो न केवल मुक्त बल्कि स्वच्छ और विकसित भारत का भी था। महात्मा गांधी ने भारत माता के लिए आजादी हासिल की। अब देश को साफ और साफ रखकर भारत माता की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। मैं यह प्रतिज्ञा लेता हूं कि मैं स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध रहूंगा और इसके लिए समय समर्पित करूंगा। मैं प्रति वर्ष 100 घंटे, यानी प्रति सप्ताह दो घंटे, स्वच्छता के लिए स्वैच्छिक रूप से काम करूंगा। मैं न तो स्वयं कूड़ा करूँगा और ना ही दूसरों को करने दूंगा। मैं स्वच्छता की पहल स्वयं से, अपने परिवार से, अपने मोहल्ले से, अपने गाँव से और कार्यस्थल से करूँगा। मेरा मानना है कि दुनिया के देश जो साफ दिखते हैं, वे इसलिए हैं क्योंकि उनके नागरिक ना स्वयं कूडा करते हैं, और न ही वे इसे होने की अनुमति देते हैं। इस दृढ़ विश्वास के साथ, मैं गांवों और कस्बों में स्वच्छ भारत मिशन के संदेश का प्रचार करूंगा। मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, उसे लेने के लिए 100 अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करूँगा। मैं उन्हें स्वच्छता के लिए अपने 100 घंटे समर्पित करने के लिए प्रेरित करूँगा। मुझे विश्वास है कि स्वच्छता की दिशा में उठाया गया मेरा हर कदम मेरे देश को स्वच्छ बनाने में सहायक होगा।ल्ल इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक( आप) श्री राजेश कुमार सिंह,अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) श्री अजय सिंह,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा आर.जे.चौधुरी, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री राजेश कुमार,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-2 श्री विनीत कुमार,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(क्द्भद्धद्ध) श्री अभिषेक राय समेत वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे । इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने बनारस स्टेशन के सेकेण्ड इन्ट्री पर पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता उपकरणों/संसाधनों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया तथा पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग विभाग द्वारा रेलवे स्टेशनों और कोचों की साफ-सफाई, पर्यावरण नियमों के पालन करने और रेलवे परिसरों में कचरा प्रबंधन करने जैसे कार्यों में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों एवं संसाधनों की जानकारी ली जिससे यात्रियों के लिए एक स्वच्छ और बेहतर माहौल सुनिश्चित किया जा सके ।इसी क्रम में उन्होंने बनारस स्टेशन के सेकेण्ड इन्ट्री का स्वच्छता निरीक्षण भी किया और सम्बंधित को स्टेशन के अछूते क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई का दिशा निर्देश दिया । इस दौरान उन्होंने बनारस स्टेशन पर कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों से सीधा संवाद कर साफ-सफाई के क्षेत्र में होने वाली समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें और अधिक निष्ठापूर्वक स्वच्छता के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित । इस आयोजन में रेलवे अधिकारी और रेलवे कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इसी क्रम में वाराणसी मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों को भी स्वच्छता शपथ दिलाई गई । इसके साथ ही सभी रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को अपने आवास के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ''स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत'' नारे के साथ सुबह में स्वच्छ रथ/प्रभात फ़ेरी निकाली गई ।

## शराब के नशे में धुत सिपाही की दबंगई, युवक को पीटा और थाने में किया बंद




कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। खीरी थाने में तैनात सिपाही अमन की दबंगई ने मंगलवार की रात कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि मेजा तहसील के धंधुआ गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में नशे की हालत में पहुंचे सिपाही ने युवक असीस सरोज पुत्र हंसराज को सैकड़ों लोगों के सामने पीटा और गाली-गलौज की।घटना तब हुई जब कार्यक्रम में डांस कर रही दो लड़कियों का वीडियो बनाने से युवक ने सिपाही को रोका। इस पर सिपाही बौखला गया और युवक को बुरी तरह पीट डाला। महिलाओं के विरोध के बावजूद मनबढ़ सिपाही नहीं रुका और युवक को घसीटते हुए थाने ले जाकर बंद कर दिया। बुधवार को उसका चालान करवा दिया गया।परिजनों ने आरोप लगाया है कि सिपाही ने बीएनएस की धारा 35सी का उल्लंघन किया है। न तो अरेस्ट मेमो दिया गया और न ही मानवाधिकारों का पालन किया गया। थाना प्रभारी खीरी ने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई है।गांव में सिपाही की इस करतूत से आक्रोश है। परिजनों ने उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### आनंद लोक कॉलोनी में धूमधाम से हुआ मांग भगवती का जागरण



लखनऊ । चिनहट थाना अंतर्गत अयोध्या हाइवे पर स्थित आनंद लोक कॉलोनी में मंगवालर को बड़े ही धूमधाम से हुआ आयोजित जागरण इस कार्यक्रम में भारी संख्या में कई श्रद्धालुओं ने माता रानी कि पूजा अर्चना कि साथ ही साथ कई झाकियों का भी आयोजन किया गया साथ ही साथ सुबह भव्य भंडारे का भी आयोजन हुआ इस मौके युवा जागरण मंच से जुड़े विवेक मिश्रा, जावेद खान, शरद, दीपू, अजय पांडे, संदीप पाल, कुलदीप पाल, लक्ष्य पाठक , पत्रकार राम यादव , पवन दीक्षित सहित कई जागरण मंच के पदाधिकारी मौजूद रहे इस आयोजन को पूरे शांति व्यवस्था कराने के लिए चिनहट थाने पर तैनात उप निरीक्षक दुर्गेश यादव, उप निरीक्षक बिट्टू, उप निरीक्षक सरिता, कांस्टेबल रामपाल जायसवाल, आनंद कुमार सिंह सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### हाईवे पर बकरों से भरी ट्रक में लगी आग

प्रयागराज। उतरांव थाना क्षेत्र के बलीपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब हाईवे पर बकरों से भरी एक ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग भीषण रूप ले ली और कई बकरे जलकर खाक हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई गई है। पुलिस और दमकल विभाग ने स्थिति को काबू में किया। घटना से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। अतीक अहमद के बेटे अली की जेल बदली जाएगीप्रयागराज। सूत्रों के हवाले से बड़ी खबर सामने आई है कि अतीक अहमद के बेटे अली की जेल बदली जाएगी। जानकारी के अनुसार नैनी सेंट्रल जेल से अली को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों की ओर से आदेश भी जारी हो चुका है। सूत्र बताते हैं कि सुरक्षा कारणों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। फिलहाल प्रशासन ने इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। अतीक अहमद परिवार से जुड़े मामले को लेकर जेल विभाग की हलचल तेज हो गई है।

### ईमानदार थाना प्रभारियों पर छवि खराब करने की कोशिश

प्रयागराज। यमुनानगर क्षेत्र में हाल ही में शंकरगढ़ के प्रभारी यशपाल सिंह और बारा के प्रभारी विनोद सोनकर की तैनाती हुई है। दोनों अपने कामकाज और ईमानदारी के लिए चर्चा में हैं। लेकिन कुछ तथाकथित पत्रकारों को इनकी ईमानदारी रास नहीं आ रही है। आरोप है कि ठेकेदारों के पास जाकर 500-1000 रुपये की वसूली करने वाले कुछ लोग अब इन ईमानदार थाना प्रभारियों की छवि खराब करने में लगे हैं। वे अवैध खनन का बहाना बनाकर इन अधिकारियों को बदनाम कर रहे हैं, जबकि खनन का मामला सीधे खनन विभाग से जुड़ा है।

### अतीक अहमद के बेटे अली का जेल ट्रांसफर

प्रयागराज। अतीक अहमद परिवार से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। अतीक अहमद के बेटे अली का जेल ट्रांसफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक अली को प्रयागराज केंद्रीय कारागार से झांसी केंद्रीय कारागार शिफ्ट कर दिया गया है। यह कदम जेल विभाग के रूटीन ट्रांसफर नियमों के तहत उठाया गया है। प्रशासन का कहना है कि यह सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि इस ट्रांसफर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। जेल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की है।

### मिशन शक्ति अभियान में करेली थाना प्रभारी की पहल

प्रयागराज। मिशन शक्ति अभियान 5 के तहत करेली थाना प्रभारी आशीष सिंह लगातार सराहनीय कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत आज एक विशेष पहल करते हुए थाना प्रभारी ने छात्रा ज्ञाना दुबे को एक दिन के लिए थाना करेली की कोतवाल बनाया। ज्ञाना दुबे का सपना ऋष्ट्ट बनकर समाज की सेवा करना है। इस पहल से छात्रा बेहद उत्साहित नजर आई। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना तथा उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। करेली थाना प्रभारी के इस कदम की व्यापक सराहना हो रही है।

### संघ शताब्दी वर्ष: लखनऊ में 411 स्थानों से निकलेंगे पथ संचलन

लखनऊ,। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण हो गए हैं। संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। विजयादशमी से संघ का शताब्दी वर्ष शुरू होगा। विजयादशमी पर गुरूवार को लखनऊ विभाग में 50 स्थानों पर शताब्दी वर्ष के उद्घाटन के कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर पथ संचलन भी निकाला जाएगा। लखनऊ विभाग में 02 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर के बीच 411 स्थानों पर पथ संचलन निकाले जायेंगे।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ के विभाग प्रचार प्रमुख दुष्यंत ने बताया कि शताब्दी वर्ष में संघ ने वर्ष भर अनेक कार्यक्रमों की योजना बनाई है। जिसमें सबसे पहला कार्यक्रम विजयादशमी का है। विजयादशमी के अवसर पर संघ की ओर से महानगरों में बस्ती स्तर पर पथ संचलन ?निकाला जायेगा।लखनऊ विभाग में चार भाग आते हैं। इन सभी भागों में मिलाकर कुल 411 बस्तियां हैं। सभी बस्तियों में पथ संचलन निकाले जायेंगे। शताब्दी वर्ष में नए गणवेश भी बड़ी संख्या में तैयार हुए हैं। टोलियां नए गणवेश बनाने में लगी हैं। लखनऊ में विजयादशमी के अवसर पर पथ संचलन में शामिल होने के लिए करीब दस हजार नए गणवेश बने हैं। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्वयंसेवकों में उत्साह है।

### मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने अलोपशंकरी मंदिर में कलाकारों को किया अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित

प्रयागराज । नवरात्रि के पावन अवसर पर अलोप शंकरी देवी मंदिर शक्तिपीठ में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकगायिका उर्मिला देवी ने देवी भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके प्रस्तुत गीत ल्लमाई लजिया मोर बचाये रखनाङ्ख, ल्लकेकरे घरे में माई दियाना जलाइल...ङ्ख तथा ल्लबाढ़त बुई गंगा मोरी, ओहरत आबई कगार होङ्ख जैसे लोकभक्ति गायन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर माननीय मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग से राकेश कुमार वर्मा तथा सिविल डिफेंस के कई वालंटियर भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय डॉ. सुभाष चन्द्र यादव, नोडल अधिकारी प्रयागराज द्वारा किया गया।

## छह उपनिरीक्षकों ने मिलकर पीटा फॉलोअर, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । पुरामुफ्ती कोतवाली पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर कठघरे में है। आरोप है कि 28 सितंबर की रात लगभग 11:30 बजे थाने में तैनात फॉलोअर प्रभु नारायण शुक्ला, पुत्र प्रेम नारायण शुक्ला निवासी काजू, थाना चरवा, को आधा दर्जन उपनिरीक्षकों ने मिलकर बर्बरतापूर्वक पीटा।फॉलोअर जब थाने के कमरे में सो रहा था तभी उपनिरीक्षक विवेक उसे पकड़कर कार्यालय के भीतर ले आया। इसके बाद उपनिरीक्षक विवेक, वरुण, कांत, विशाल, निशांत और कोमल ने मिलकर लाठी-डंडों से उसकी जमकर पिटाई की। पूरी घटना थाने के सीसीटीवी कैमरे में कैद है।पीटाई के बाद मामले को दबाने के लिए अगले दिन धारा 151 के तहत फॉलोअर का चालान कर दिया गया। लेकिन अब सवाल उठ रहे हैं कि एक अकेले फॉलोअर को पकड़ने और पीटने के लिए छह उपनिरीक्षकों का एक साथ बल प्रयोग करना कहां तक उचित है।स्थानीय लोग इसे पुलिस की बुज़िदली और वर्दी पर कलंक बता रहे हैं। उनका कहना है कि जब अपराधियों से मुकाबले की बात आती है तो यही उपनिरीक्षक कमजोर पड़ जाते हैं, लेकिन एक बेबस फॉलोअर पर सामूहिक अत्याचार कर अपनी ''वीरता'' दिखा ।

## मरीजों के लिए अब और हो गया बेहतर सुविधा पंचकर्म तथा ओपीडी तक जाने के लिए मिलेगा नि:शुल्क ई-रिक्शा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में अब और बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गया है। मुख्य गेट से ओपीडी और पंचकर्म तक आने वाले गम्भीर रोगियों के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा उपलब्ध हो गया है। महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों की संख्या एक हजार के करीब पहुंच गई है। न्यूरो, हड्डी ,अस्थमा, हृदय जैसे गम्भीर रोगियों को , मुख्य गेट से ओपीडी तथा पंचकर्म तक जाने के लिए , निःशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा उपलब्ध हो गया है। सोमवार को गोरखपुर क्षेत्र यूनियन बैंक के रिजनल मैनेजर मनीष सिंह ने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डां के रामचन्द्र रेड्डी को तीन ई-रिक्शा की चाभी सौप दिया है। धार्मिक परंपराओं के साथ ई-रिक्शा का पूजन करने के बाद कुलपति ने निर्देश पर सेवा व्यवस्था शुरू कर दिया गया। पिछले एक जूलाई को राष्ट्रपति द्वारा विश्वविद्यालय के लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर सुविधाओं को और तेजी से बढ़ाया जा रहा है। आयुष विश्वविद्यालय में ही फार्मेसी कम्पनी द्वारा , शुगर की मधुमेहरी चूर्ण, अश्व गंधा आदि दवाओं का निर्माण करके वितरण शुरू कर दिया गया है। आयुष विश्वविद्यालय को विश्व स्तरीय बनाने के लिए मुख्यमंत्री पहले ही कह चुके हैं।? मरीजों के दिक्कतो को ध्यान में रखते हुए सरकार सुविधाओं को और बढ़ा रही है। दो दिन पहले से यहा निर्धारित बहुत कम शुल्क में मरीजों को भर्ती करके बेहतर इलाज भी किया जा रहा है। आगे मेडिकल कोर्स इत्यादि से संबंधित और सुविधाएं बढ़ाई जाएगी ।

## 106वीं जयंती पर याद किये गए गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर/मुंबई। भारतीय सिनेमा के महान गीतकार और शायर मजरूह सुल्तानपुरी की आज 106वीं जयंती है। हिंदी फिल्म उद्योग को पाँच दशकों तक अपनी शायरी और गीतों से सजाने वाले मजरूह का जन्म 1 अक्टूबर 1919 को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में हुआ था और 24 मई 2000 को मुंबई में उनका निधन हुआ।

मजरूह सुल्तानपुरी का असली नाम असरार उल हसन खान था। पेशे से वह हकीम थे, लेकिन शायरी उनकी पहचान बनी। 1945 में मुंबई में आयोजित मुशायरों में भाग लेने के बाद फिल्म निर्माता ए.आर. कारदार की नजर उन पर पड़ी। इसके बाद उन्हें फिल्म शाहजहाँ (1946) के लिए गीत लिखने का मौका मिला। उनका पहला गाना ल्लजब दिल ही टूट गयाल्ल के.एल. सहगल ने गाया था, जो आज भी अमर है। फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कारः फिल्म दोस्ती के गीत ल्लचाहूंगा मैं तुझेल्ल के लिए उन्हें फ़िल्मफ़ेयर सर्वश्रेष्ठ गीतकार पुरस्कार मिला।

दादा साहब फाल्के पुरस्कारः मजरूह सुल्तानपुरी दादा साहब फाल्के पुरस्कार पाने वाले पहले गीतकार बने। यह सम्मान उन्हें 1993 में दिया गया, जो हिंदी सिनेमा का सर्वोच्च पुरस्कार है। प्रगतिशील लेखक आंदोलनः 1950 और 1960 के दशक में वे भारतीय सिनेमा की संगीत क्रांति का अहम हिस्सा रहे और प्रगतिशील लेखक आंदोलन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। पाँच दशकों के लंबे करियर में उन्होंने 250 से अधिक फिल्मों के लिए 2000 से अधिक गीत लिखे। इनमें ल्लजब दिल ही टूट गयाल्ल, ल्लचाहूंगा मैं तुझेल्ल और ल्लपहला नशाल्ल जैसे सदाबहार गीत शामिल हैं। उनकी लेखनी आज भी पीढ़ियों को मोह लेती है और श्रोताओं के दिलों में बसती है। 80 वर्ष की आयु में 24 मई 2000 को मजरूह सुल्तानपुरी ने अंतिम सांस ली, लेकिन उनकी शायरी और गीत अमर हो गए। उनकी पुण्यतिथि पर पूरा देश उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके योगदान को याद करता है।

## पटेल चौक पर हुए गोलीकांड के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर सुल्तानपुर। मंगलवार को रात्रि पौने 09 बजे थाना कादीपुर क्षेत्र के कादीपुर चौराहे पर दो पक्षो के बीच विवाद के पश्चात एक पक्ष के द्वारा अवैध असलहे से फायर किया गया। घटना में दुसरे पक्ष के 1- उज्जवल सिंह उम्र 27 वर्ष (जाति-ठाकुर सामान्य) पुत्र जय प्रकाश सिंह निवासी विवेकानन्द नगर 2- नईम अहमद उम्र 34 वर्ष पुत्र फुन्नन घोसी निवासी जवाहरनगर 3- एहसान पुत्र छुट्टन उम्र 19 वर्ष लगभग पुत्र छुट्टन निवासी घोसी थाना कादीपुर घायल हो गये। जिन्हे ईलाज हेतु अस्पताल में भेजा गया। जहां उनकी स्थिति डॉक्टरो द्वारा ठीक बताई गयी है ।इस सम्बंध में थाना कादीपुर पर वादीनी आसमा पत्नी शरीफ निवासी गोपालपुर नमाजगढ थाना कादीपुर द्वारा तहरीर देकर प्रथम पक्ष के आरोपियों अंकित सिंह उम्र 28 वर्ष (जाति-ठाकुर सामान्य) पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जलालपुर ,शनि सिंह उम्र लगभग 29 वर्ष (जाति-ठाकुर सामान्य) निवासी ग्राम धूरीपुर थाना कादीपुर , राहुल राजपूत उम्र 30 वर्ष (जाति-ठाकुर सामान्य) पुत्र राजनरायण निवासी ग्राम जलालपुर थाना कादीपुर व 02 अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया । सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमो का गठन किया गया । जिसके क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि उपरोक्त अभियुक्तगण कही भागने की फिराक में है । जिस पर पुलिस टीमो द्वारा घेरा बन्दी की गयी तो अभियुक्तो द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिसमे अभियुक्त अंकित सिंह व राहुल राजपूत के पैर में गोली लगने से घायल हुए जिन्हे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है आग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल का बन्दोबस्त किया गया है। मौके पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है ।

### एक्शन में पुलिस अधीक्षक मारपीट के आरोपी सिपाही को किया लाइन हाजिर

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के थाना घुंघचिहाई पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आया है। आरोप यह कि थाने पर बुलाकर युवक की बेरहमी से मारपीट की गई है।पुलिस की बर्बरता का शिकार हुआ युवक वीरू पुत्र अहिवरन के साथ समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला जिसने पुलिस पर बेरहमी से पिटाई कर घायल करने का आरोप लगाया है।जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, अमित पाठक,ज्योति प्रकाश शुक्ला और धनपत वर्मा एडवोकेट ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव को लिखित शिकायत सौंपी और फोन पर उनसे बात की और बताया कि पुलिस ने पीड़ित पर कोटे की दुकान की बोली को लेकर दबाव बनाया विरोध करने पर उसकी पिटाई की गई। सपा नेताओं ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की निष्पक्ष कार्रवाई थाना घुंघचाई के गांव उदरहा की निलंबित राशन कोटे की दुकान के आवंटन मे वीरू अपने पक्ष के समर्थन में मतदान करने जा रहा था वहीं थाने गेट पर खड़ा सिपाही हरेंद्र कुमार ने रोककर वीरू का मोबाइल छीनकर थाने ले गया था आरोपित सिपाही ने थाना में वीरु को बेरहमी से मारा जिससे वह काफी घायल हो गया था ।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-584-25-1(Advertising-Out Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 15.10.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 15.10.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSD-504-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PFM-OSN-531-24-1(Advertising-On Station Premise (Non-Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-116-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-118-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-120-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MobStore-117-25-1 (Misc Static Services Mobiles and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 24.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 10.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 10.10.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-548-25-2 (Advertising-Out Of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-BSB-RCR-114-25-2 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-RCR-111-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 09.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-AY-RCR-112-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LK0-AYC-RCR-113-25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-PRG-RCR-115--25-1 (Misc Static Services Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 22.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 08.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 09.10.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3032/25

# श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू को मिला सम्मान

**निगोहां प्रेस क्लब ने पीजीआई क्षेत्र के समाजसेवी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मान**

**बड़ी संख्या में पत्रकार व समाजसेवी रहे मौजूद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीजीआई, लखनऊ । समाजसेवा हो या राजनीति, दोनों ही क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाने वाले पीजीआई क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान निगोहां प्रेस क्लब की ओर से आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जहां उन्हें अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दर्जनों पत्रकारों और समाजसेवियों ने उनकी उपलब्धियों की सराहना की।राजधानी लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में लगातार 18 वर्षों से माता रानी का भव्य जागरण आयोजित करवाने वाले समाजसेवी दुर्गेश सिंह दीपू का जीवन समाज के लिए समर्पण का उदाहरण रहा है। छात्र जीवन में वे के.के.सी. डिग्री कॉलेज में संयुक्त मंत्री के पद पर रहते हुए सक्रिय रहे। इसके बाद उन्होंने पीजीआई क्षेत्र में व्यापार मंडल अध्यक्ष के रूप में व्यापारियों की समस्याओं को उठाया और उनके हक की लड़ाई लड़ी। वर्तमान में वे श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं और युवाओं के बीच प्रेरणा स्रोत माने जाते हैं। उन्होंने अमेठी विधानसभा से विधायक पद का चुनाव लड़कर उपविजेता स्थान प्राप्त किया तथा लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने उपविजेता बनकर अपनी अलग पहचान कायम की।समाज में असहाय और गरीबों की मदद करना उनकी प्राथमिकता रही है। धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भूमिका ने उन्हें समाज के हर वर्ग से जोड़ दिया है। आज उनके साथ सैकड़ों युवाओं की टीम जुड़ी हुई है और उनका काफिला लगातार बढ़ रहा है। सम्मान समारोह के दौरान क्लब संरक्षक मुकेश द्विवेदी ने कहा कि दुर्गेश सिंह दीपू जैसे समाजसेवी युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्होंने राजनीति और समाज सेवा दोनों में ही अपनी अलग पहचान बनाई है। वहीं अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने कहा कि दुर्गेश सिंह दीपू जी ने हमेशा जरूरतमंदों की सेवा और व्यापारियों के हित को प्राथमिकता दी है। उनका यह समर्पण भाव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

# निगोहां: क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**प्रत्याशी नवीन मिश्रा की अच्छी पैठ क्षेत्र में मिल रहा प्यार दुलार**

निगोहां, लखनऊ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं , मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य शुरू होने के साथ ही संभावित उम्मीदवारों में चुनावी सरगर्मियां बढ़ गई है । हालांकि आरक्षण की स्थिति अभी स्पष्ट नहीं हुई है , फिर भी दावेदार अपनी रणनीति बनाने और प्रचार प्रसार में जुट गए हैं। गांवों में सुबह-शाम के समय में पंचायत चुनाव को देखते हुए चौपालें सजने लगी हैं। लखनऊ के विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज की वार्ड संख्या 20 में इस बार लालपुर निवासी नवीन मिश्रा के पक्ष में माहौल देखने को मिल रहा है , जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ते जा रहे हैं वैसे-वैसे नवीन मिश्रा को लेकर क्षेत्र में माहौल बनते दिखाई दे रहा है। जिला पंचायत क्षेत्र वार्ड संख्या 20 में लगभग एक दर्जन प्रत्याशी मैदान में है लेकिन इन प्रत्याशियों में मतदाताओं के बीच सबसे अधिक चर्चा नवीन मिश्रा की है । मतदाताओं का कहना है कि इस बार सरल ,स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी नवीन मिश्रा के ऊपर ही भरोसा दिखाना है क्योंकि अब तक जिन प्रत्याशियों को मौका दिया गया है उनमें कोई भी प्रत्याशी उम्मीद पर खरा नहीं उतरा, ऐसे में मतदाता इस बार नये प्रत्याशी को अपना जिला पंचायत सदस्य चुनने के पक्ष में है। हालांकि अन्य प्रत्याशियों के अपेक्षा नवीन मिश्रा को वार्ड संख्या 20 में मतदाताओं का खूब प्यार दुलार मिल रहा है। वार्ड 20 की ग्राम पंचायत लालपुर के रहने वाले नवीन मिश्रा का कहना है कि वह हमेशा जनता के बीच रहें हैं क्षेत्र के विकास की प्राथमिकता के साथ उनकी इच्छा है कि समस्त सरकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्रीय लोगों को मिलें और महिलाओं को आगे लाने के भरपूर प्रयास वह कर पाएं ।

# निगोहां का बाल दशहरा मेला आज , तीसरी आंख की नजर में रावण का बध करेंगे राम

**पूरा मेला क्षेत्र परिसर सीसीटीवी कैमरों से हुआ लैस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । कस्बे में दशहरा पर्व पर लगने वाला बाल दशहरा मेला 2 अक्टूबर गुरुवार को तीसरी आंख की निगरानी में सम्पन्न होगा जहाँ विभीषण का किरदार निभाने वाले उस्मान मियां 52 फुट ऊंचा रावण जलाने में राम की मदद करेंगे वही जवाबी आतिशबाजी के साथ देर रात तक लोग रंगारंग कार्यक्रमों का लुफ्त उठाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए मेला प्रबंधक संजीव शुक्ला ने बताया कि दशहरा पर्व पर लगने वाले एक दिवसीय बाल दशहरा मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई है गुरुवार शाम 3 बजे उन्नाव की मशहूर आल्हा सिंगर काजल सिंह ओर से आल्हा प्रस्तुत कर कार्यक्रम प्रारम्भ होगा जहां शाम 6 बजे रामलीला मंचन से पहले भगवान राम की भव्य आरती होगी इस महा आरती में डीसीपी लखनऊ व एसीपी मोहनलालगंज शामिल होंगे।इसके बाद स्थानीय हिन्दू मुस्लिम वर्ग के युवाओं के द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा।वही रात11 बजे 52 फुट का रावण दहन के साथ जवाबी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा जिसमे कई जिलों से आतिशबाज भाग लेंगे विजयी होने वाले आतिशबाज को पुरस्कृत किया जाता है इसके साथ ही निगरानी के लिए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे लगाये गए। भारीभरकम भीड़ होने के कारण जगह जगह एलईडी टीवी लगाए गए हैं।निगोहा कस्बे में लगने वाले बाल दशहरा मेले में लगभग 50 हजार की भीड़ दूरदराज से आती है।

मेला परिसर में सज गई दुकानें

गुरुवार को लगने वाले मेले में लखनऊ रायबरेली उन्नाव जिले से आये व्यापारियों ने दुकानें लगा दी है।वही मेले में विभिन्न प्रकार के आये झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि सुरक्षा के लिये कड़े इंतजाम किये गये है। इसके लिए पीएसी बल के अलावा फायर ब्रिगेड व कई थानो से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मेले में डीसीपी व एसीपी मोहनलालगंज भी मौजूद रहेंगे।

# नगराम के बलसिंह खेड़ा गांव में गूंजे माता रानी के जयकारे, सुंदर-सुंदर झांकियां देख झूमे श्रद्धालु

**धूमधाम से निकली विसर्जन शोभा यात्रा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। नगराम के बलसिंह खेड़ा गांव में नवरात्रि के अंतिम दिन देवी प्रतिमाओं की पूजा कर विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मां दुर्गा की मूर्तियों का इंदिरा नहर में विसर्जन किया। इस दौरान गांव से लेकर नहर तक शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक लालबाबू, विजय वर्मा व दुर्गेश ने बताया कि नवरात्रि के अंतिम दिन स्थापित देवी प्रतिमाओं की पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। बताते चलें कि नवरात्र के पहले दिन बलसिंह खेड़ा निवासी लालबाबू के आवास पर देवी मंडप सजायें थे जहां पर मां दुर्गा की मुर्ति समेत अन्य देवी देवताओं की स्थापना की गई थी। नवरात्र में 9 दिनों तक पूजा अर्चना श्रद्धा भाव से की गई। वहीं अष्टमी को नगराम की लक्ष्मी झांकी ग्रुप द्वारा मां के जगराता सुंदर झांकियों के साथ भव्य जागरण हुआ। जिसमें मुख्य गायक सोनू हरि ने अपने भजन से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। नवरात्र के आखिरी दिन विकास पटेल, लालजी, राजकुमार, लालजी ठेकेदार, राजकुमार, रमाकांत, गोलू, सुनील, गिरिजा शंकर,सोनू ,संदीप, अंशू, सर्वेश, अनुपम, शिवानी पटेल, चांदनी वर्मा, अंजली, समीक्षा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इंदिरा नहर में दूर्गा प्रतिमा समेत अन्य देवो विसर्जन कर दिया। हलवा चने का भोग लगाया तथा भक्तों को प्रसाद का वितरण किया।

## उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने विजय दशमी पर्व पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

लखनऊ। विजयदशमी (दशहरा) का पर्व दो अक्टूबर दिन गुरुवार को पूरे देश मनाया जाएगा। इसी दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी है। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विजय दशमी पर्व और दोनों महापुरुषों की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने बुधवार को अपने बधाई संदेश में कहा कि यह पावन पर्व हमें स्मरण कराता है कि असत्य कितना भी प्रबल क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक को यह प्रेरणा देता है कि हम अपने जीवन से अज्ञान, अन्याय और असत्य रूपी रावण का पराभव कर सद्भाव, साहस और सदाचार के रामत्व को स्थापित करें। इसके अलावा राज्यपाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# आयुष्मान भारत योजना विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है : ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ।आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने पर केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई कन्वेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयुष्मान संपर्क, आयुष्मान सारथी तथा आयुषी एआई चौट बोट का शुभारंभ किया गया। साथ ही पीएमजे हैंडबुक, आशा ई-बुक तथा आयुषमैन कॉमिक बुक का अनावरण भी किया गया। कार्यक्रम में योजना के लाभार्थियों के साथ-साथ निजी एवं सरद्दकारी क्षेत्र की उन चिकित्सा इकाइयों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने इस योजना में उत्कृष्ट कार्य किया है।अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जिसमें अब तक 9 करोड़ से अधिक लोग जुड़ चुके हैं। इस योजना के अंतर्गत लोगों को उनकी पसंद की निजी व सरकारी दोनों ही स्वास्थ्य इकाइयों में निःशुल्क उपचार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा जा रहा है, ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं तक सरल और त्वरित पहुँच मिल सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही तकनीक के माध्यम से आयुष्मान योजना के अंतर्गत अग्रिम अपॉइंटमेंट की सुविधा सभी चिकित्सालयों में शुरू की जाएगी, जिससे मरीजों को लाइन में लगने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी और आवश्यकतानुसार तुरंत उपचार संभव हो सकेगा।

उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकों और पारा मेडिकल स्टाफ से अपील की कि वे मरीजों को भगवान मानकर सेवा करें, क्योंकि चिकित्सा सेवा एक पुनीत कार्य है और इसके लिए ईश्वर ने उन्हें चुना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और स्वस्थ राज्य ही सही अर्थों में प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। आज किसानों को एमएसपी व किसान सम्मान निधि से लाभ मिल रहा है, वहीं सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी निरंतर सुधार हो रहा है।

## तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में मारी टक्कर, युवक गम्भीर

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के बरकत नगर के पास तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। नगराम थाना क्षेत्र की रहने वाली मुकेश की पत्नी मोनी को ने नगराम थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे उनके जीजा कुन्दन निवासी श्रीलंका मैदान वृंदावन कालोनी तेलीबाग थाना पीजीआई अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बरकत नगर के पास गोरिया मोड़ पर पहुंचे, तभी एक डीसीएम ठ्ठ 77 टी 7419 ने तेज गति से उनकी मोटरसाइकिल को सामने से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही कुन्दन सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए, घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपी चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल कुन्दन को तत्काल अस्पताल लेकर गए, जहां उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।इस संबंध में थाना प्रभारी नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि,पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

# ऑनलाइन गेम से साइबर फ्राड करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज लखनऊ । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के धनुवासाँड़ गांव में 14 वर्षीय छात्र यश ने ऑनलाइन गेमिंग में साइबर ठग के चक्कर में फंसकर 13लाख रुपए गवाने के बाद आत्महत्या कर ली थी इससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था जानकारी होने पिता ने साइबर ठग के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था इस मामले में मोहनलालगंज पुलिस व साइबर सेल ने कड़ी मशक्कत के बाद एक साइबर जलसाज को धार दबोचा छात्र यश को आनलाइन गेमिंग की आईडी व पासवर्ड देने के नाम पर झारखंड व बिहार के साइबर जालसाजो ने लाखो रुपये हड़प लिए थे । साइबर जालसाजो की ठगी से परेशान छात्र यश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी तभी से पुलिस साइबर जालसाजों के तलाश कर रहे थी वहीँ पुलिस ने झार खंड के जनपद पूर्वी सिंह भूम राज स्टेट घाटशिला के रहने वाले सनत गौराई को पुलिस ब साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है वहीँ पुलिस ने बिहार के एक नाबालिग को पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पुछताछ कर रही है पुलिस ने चार लाख 71 हजार रूपये नगद,ठगी के पैसे से खरीदा गया लैपटाप व एक मोबाइल फोन कई वालेट में भेजा गया डेढ लाख रूपये पुलिस ने फ्रीज करा दिया । इस मामले में डीसीपी निपुण अग्रवाल व एडीसीपी रल्लापल्ली वसंथ कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व एसीपी रजनीश वर्मा के मार्गदर्शन मे मोहनलालगंज पुलिस व साइबर सेल की टीम ने खुलासा। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह फ्री फायर मैक्स ऑनलाइन गेम खेलता है खेलने के दौरान यश कुमार के साथ उसका संपर्क हुआ था चैट व कॉल के दौरान आरोपी ने यश कुमार को आईडी बेचने का लालच देकर उसको विश्वास में लेकर रुपए ट्रांसफर करवा लिए थे जब यश ने पैसों की मांग की तो उसे धमकी भी देते थे आरोपी पिछले दो महीने से यश के संपर्क में आए थे ।

# विकसित यूपी अ2047 के लिए प्रदेश भर से मिले अबतक करीब 19 लाख फीडबैक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'समर्थ उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेश अ2047 अभियान' को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी 75 जिलों में नोडल अधिकारियों और प्रबुद्ध जनों ने भ्रमण कर छात्रों, शिक्षकों, किसानों, व्यवसायियों, उद्यमियों, स्वयंसेवी संगठनों, श्रमिक संघटनों, मीडिया और आम जनता से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान पिछले 8 वर्षों की विकास यात्रा साझा करने के साथ ही भविष्य के रोडमैप पर चर्चा करते हुए लोगों से सुझाव लिए जा रहे हैं। अबतक प्रदेशभर से तकरीबन 19 लाख सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि सरकारी पोर्टल पर अब तक लगभग 19 लाख फीडबैक प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से अधिकतर सुझाव ग्रामीण क्षेत्रों से आए हैं, जबकि शहरी इलाकों ने भी बड़ी संख्या में अपनी राय दी है। अलग-अलग आयु वर्ग के लोगों ने इसमें सक्रिय भागीदारी की है, खासकर युवाओं का उत्साह देखने लायक रहा। जनता की राय में शिक्षा क्षेत्र सबसे बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। शिक्षा में सुधार, नई तकनीक का इस्तेमाल, व्यावसायिक प्रशिक्षण और विदेशी भाषा सीखने पर जोर दिया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और समाज कल्याण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर भी बड़ी संख्या में सुझाव मिले हैं। कृषि क्षेत्र से जुड़े सुझावों में किसानों को नई तकनीक, मंडियों का आधुनिकीकरण और फसल भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है। सबसे अधिक फीडबैक संभल, महाराजगंज और सोनभद्र जैसे जिलों से प्राप्त हुए हैं। जबकि इटावा, फिरोजाबाद और ललितपुर जैसे जिलों से अपेक्षाकृत कम सुझाव मिले हैं। इससे यह भी साफ होता है कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में इस अभियान को लेकर गहरी दिलचस्पी रही है।

# समाज में परिवर्तन लाने के लिए घर-घर जाएं स्वयंसेवक: दत्तात्रेय होसबाले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि संगठित शक्ति के बल पर भारत को परमवैभव की ओर ले जाने और स्वा के आधार पर भारत को खड़ा करने के साथ समाज में परिवर्तन लाने के लिए वे घर घर जाएं। राष्ट्र के नव निर्माण के लिये एक नया उमंग व उल्लास पैदा करें। यही संघ की अभिलाषा है। संघ के सरकार्यवाह होसबाले बुधवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन के प्रेक्षागृह में राष्ट्रधर्म (मासिक) पत्रिका के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : विचार यात्रा के 100 वर्ष पर प्रकाशित विशेषांक का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। सरकार्यवाह होसबाले ने कहा कि समाज में जागृति लाने के लिए राष्ट्रधर्म की शुरुआत हुई। आजादी के बाद भारत की राष्ट्रीयता को हिन्दुत्व को जीवन के हर क्षेत्र में कैसे क्रियान्वित हो सकता है। होसबाले ने कहा कि संघ की 100 वर्ष की यात्रा आसान नहीं थी। संघ पर प्रतिबंध भी लगा। संघ कार्यकर्ताओं को कष्ट भी उठाना पड़ा। देश दुनिया में आज संघ की सराहना हो रही है। पत्र पत्रिकाओं में लेख आ रहे हैं। इसलिए जिन लोगों ने कार्यकर्ताओं को सहयोग वा समय दिया उनके प्रति आभार व्यक्त करें। सरकार्यवाह ने कहा कि भारत धर्म भूमि है। किसी भी देश का संकट हमारा संकट है। प्रकृति का उपयोग होना चाहिए, उपभोग नहीं। समाज को परस्पर स्नेह वा आत्मीयता से संगठित करना है। समाज का दर्द हमारा दर्द है। भारत के विचार को हर क्षेत्र में स्वीकार करना। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर की अंग्रेजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष विनोद सोलंकी ने कहा कि आज हम शताब्दी वर्ष के साक्षी बन रहे हैं। राष्ट्रधर्म के बारे में जब हम विद्यार्थी के रूप में इसके ध्येय पर चिंतन करते हैं तो यह स्मरण आता है कि यह यात्रा 1895 में स्वामी विवेकानन्द ने ब्रह्मवादिनी की रूप में शुरू की। भारत भूमि योग भूमि है। ऋषियों की तपस्थली है। जब देश परतंत्र था, तब भी भारत की आत्मा काम कर रही थी। विनोद सोलंकी ने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने जो परम्परा शुरू की थी। वह परम्परा गुरू गोलवलकर, बाला साहब देवरस, रज्जू भैया, कुप सी सुदर्शन और आज डॉ. मोहन भागवत के रूप आज भी जारी है। राष्ट्रधर्म के संपादक ओम प्रकाश पाण्डेय ने विशेषांक के बारे जानकारी देते हुए कहा कि संघ के द्वारा भारती की एकता, एकात्मता, अखण्डता व समरसता कैसी होनी चाहिए इसका उल्लेख विशेषांक में किया गया है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में थारू जनजाति की महिलाओं के बीच काम करने वाली संत कबीर पुरस्कार से सम्मानित आरती राणा उपस्थित रहीं।

इस मौके पर प्रो. अमित कुशवाहा व अभिनव भार्गव ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया।

# शहर को प्लास्टिक मुक्त कराने को लेकर नगर निगम ,एचडीएफसी बैंक और होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट के मध्य हुआ एमओयू

**शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने, त्यागे गए पुराने वस्त्रों का पुनः उपयोग सुनिश्चित करना और ग्रामीण महिलाओं को आजीविका उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर नगर निगम, एचडीएफसी बैंक और होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट के मध्य हुआ एमओयू**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने आज, वाराणसी नगर निगम, एचडीएफसी बैंक और होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट के मध्य आज एक महत्त्वपूर्ण समझौता सम्पन्न किया। इस एमओयू का उद्देश्य है शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाना, त्यागे गए पुराने वस्त्रों का पुनः उपयोग सुनिश्चित करना और ग्रामीण महिलाओं को आजीविका उपलब्ध कराना। इस परियोजना अंतर्गत 2,50,000 कपड़े के थैले (झोले) होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट के स्टिचिंग सेंटर पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए जाएंगे। इन झोलों का वितरण नगर भर में कर नागरिकों को प्लास्टिक की थैलियों के विकल्प के रूप में प्रेरित किया जाएगा।यह 360 डिग्री मॉडल तीन प्रमुख पक्षों को साध्य करता है—1. परित्यक्त वस्त्रों को डम्पिंग यार्ड में जाने से बचाना,2. ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबन एवं रोजगार प्रदान करना, 3. नागरिकों में प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों पर चेतना फैलाना।*यह जनहितकारी योजना नगर आयुक्त अक्षत वर्मा की दूरदर्शिता एवं एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड मनीष टंडन द्वारा परिवर्तन पहल के अंतर्गत बैंक के एट्टट सहयोग से साकार हो रही है।**समारोह में उपस्थितिः एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम नगर आयुक्त अक्षत वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। एचडीएफसी बैंक की ओर से बैंक के जोनल हेड मनीष टंडन, क्लस्टर हेड रोहित खन्ना एवं सीएसआर स्टेट हेड अरविंद सिंह सम्मिलित हुए। होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष रवि मिश्रा, सचिव दिव्यांशु उपाध्याय, ट्रस्टी श्यामकरनत सुमन, संदीप गुप्ता एवं विकास दीक्षित उपस्थित रहे।*नगर आयुक्त श्री अक्षत वर्मा का अभिमतः*ल्यह पहल वास्तव में एक 360 डिग्री समावेशी मॉडल है, जो गंगा तट पर एकत्र पुराने वस्त्रों को पुनः उपयोग में लाकर न केवल ग्रामीण महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगी, बल्कि वाराणसी को प्लास्टिक–मुक्त काशी बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

महराजगंज,रायबरेली। बबुरिहा स्थित मैदान में माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को राजा चंद्रचूड़ सिंह इंटर कालेज महराजगंज की मेजबानी में सम्पन्न हुई। सोमवार को चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व सीएचसी अधीक्षक डॉ गणनायक पाण्डेय द्वारा संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ था। आयोजित प्रतियोगिता की 3000 मीटर की फाइनल दौड़ के बालक बालिका दोनों वर्गो में गांधी विद्यापीठ इंटर कालेज बछरावां के मोहित व नीतू अव्वल रहे। इसके अलावा बालक वर्ग की की आठ सौ मीटर की दौड़ में मेजबान कालेज के सौरभ साहू व बालिका वर्ग मे बरखंडी विद्यापीठ इंटर कालेज शिवगढ़ की छात्रा शिवानी ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं क्षेत्र के अटरा स्थित राजा जितेन्द्र सिंह इंटर कालेज ने लगातार जीत दर्ज कराई यहां के छात्र शिवशरण ने छः सौ मीटर की दौड़ में प्रथम, आकाश ने क्रमशः सौ, दोसौ, व चार सौ मीटर की दौड़ में प्रथम रहे। अन्य एथलेटिक्स खेलों के तहत लम्बी कूद व गोला-फेंक में मेजबान कालेज के हिमांशू, ऊंची कूद में राजकीय इंटर कालेज हलोर के चंदन प्रथम रहे।

## सिधौली विधानसभा में समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, प्रदेश सचिव एड0 रामपाल भार्गव के नेतृत्व में सिधौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महाखरपुरवा में पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुँचाने तथा 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ आयोजित किया गया।पंचायत का आयोजन श्री मूलचंद यादव एवं श्री सचिन यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से ऽश्री कन्हैयालाल यादव, श्री रामपाल यादव, श्री रामस्वरूप यादव, सुश्री सरस्वती सिंह, श्री गयाप्रसाद यादव, श्री मुकेश यादव, श्री जितेंद्र यादव, श्री रामसागर, श्री कुलदीप यादव, श्री भगवानदीन यादव, श्री किशन पाल, श्री शैलेन्द्र यादव, श्री रामखेलावन यादव, श्री दिवाकर यादव, शिवा त्रिपाठी, आबिद अली, मोहम्मद सिराज, विकास गौतम, सुरेश राजपूत, मोनू यादव, शिवम यादव (युवा समाजसेवी) समेत कई समाजवादी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दिनदहाड़े गाड़ी से 40 हजार की टप्पेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। महराजगंज पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर टप्पेबाजी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। रजिस्ट्री ऑफिस के सामने खड़ी गाड़ी मे रखें एक बैग में चालीस हजार रुपए अज्ञात टप्पेबाज ने दिनदहाड़े उड़ा लिए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक, रजिस्ट्री ऑफिस के पास रद्दी पेपर और चाय की पॉलिथीन बेचने का काम करने वाले संदीप बाजपेई अपनी गाड़ी वहीं खड़ी कर किराना दुकान में पॉलिथीन देने गए थे। इसी बीच गाड़ी का लॉक खुला पाकर अज्ञात टप्पेबाज ने गाड़ी में रखा लगभग 40 हजार रुपये निकाल लिए और फरार हो गया। घटना का पता चलते ही पीड़ित हक्का-बक्का रह गया। तो वहीं दिनदहाड़े घटित हुई इस घटना से कस्बे के व्यापारियों सहित क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोग एक दूसरे से चर्चा करते नजर आए , वहीं घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस हरकत में आई और अगल-बगल लगे सीसीटीवी फुटेज जांच कर टप्पेबाज का पता लगाने में कड़ी मशक्कत कर रही है। संदीप बाजपेई ने तत्काल पुलिस को मामले की सूचना दी और त्वरित कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और टप्पेबाज की तलाश की जा रही है मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार का कहना है कि घटना संज्ञान में है कोतवाली पुलिस को अगल-बगल लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर तुरंत टप्पेबाज को पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा ।

## वातावरण को शुद्ध बनाएं रखने के लिए, पौधारोपण जरुरी

भटहट, गोरखपुर। प्रभागिय वन अधिकारी के नेतृत्व में वातावरण को शुद्ध बनाएं रखने के लिए पौधारोपण तथा रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।? तिनकोनिया रेंज के ,महमूदाबाद उर्फ मोगलपुरा गांव में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। , क्षेत्रीय प्रभागिय वन अधिकारी के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारी आशीष जयसवाल , दारोगा सुजीत सिंह , तिकोनिया रेंज के कर्मचारियों के साथ महमूदाबाद गांव में पहुंचकर आम, अमरुद, नीम इत्यादि का लगभग एक दर्जन से उपर पौधारोपण किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पौधारोपण हम सभी को फलदार, औषधीय गुणों से युक्त पौंधा लगाना चाहिए । आवला के पौधा से हमें कई तरह के लाभ मिलते हैं। औषधि के आलावा विटामिन सी प्रर्याप्त मात्रा में मिलता है। वही नीम के पत्तियों से कई प्रकार के औषधि तैयार होते हैं। हानिकारक जीवाणु भी नष्ट हो जाते हैं। ग्रामीणों से भी अपने घर के आस पास पौधारोपण करने का अपील किए। इस अवसर पर, गांव के मुंजेश पटेल ,पिंटू चौधरी उर्फ कृपाशंकर, मुकेश , मंदीप पटेल, पवन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस पर एम्स गोरखपुर द्वारा रक्तवीर युवा क्लब शिवाम्बुज पटेल हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर । राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर गोरखपुर जनपद के सीआईडी गोरखपुर में कार्यरत रक्तवीर युवा क्लब के रक्तवीर शिवाम्बुज पटेल को रक्तदान व सामाजिक कार्यो हेतु एम्स गोरखपुर में एम्स गोरखपुर की निदेशक सेवानिवृत्त मेजर जनरल (डॉ.) विभा दत्ता जी द्वारा सम्मानित किया गया।शिवाम्बुज पटेल ने बताया रक्तवीर युवा क्लब निरतंर कई वर्षो से जरूरतमंद लोगों को रक्त मुहैया कराने समय समय पर रक्तदान शिविर कराने,अन्नदान सेवा जैसे अन्य सामाजिक कार्य कर रही है जिसमे शहर के युवा समाजसेवी जुड़े हुए है। शिवाम्बुज पटेल, पिछले कई वर्षों से समाजसेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने इसका श्रेय रक्तवीर युवा क्लब के उन सभी साथियों को दिया जो दिन रात कभी भी दूसरों के सहयोग में खड़े रहते है।रक्तवीर युवा क्लब का एक व्हाट्स एप ग्रुप बनाकर गोरखपुर जिले में पिछले 5वर्षों में 28 रक्तदान शिविर का आयोजन कराए।गोरखपुर में 2800 से ज्यादा मरीजों को रक्त उपलब्ध कराकर हजारों जिंदगियां बचाने का प्रयास किया व हजारों मरीज ऐसे थे जिनके परिजन ही ब्लड देना नही चाहते थे उन्हें रक्तदान के प्रति जागरूक करके उनसे रक्तदान करवाया । थैलेसीमिया के बच्चो के लिए व कैंसर के मरीजों को रक्त की कमी न हो इसके लिए समाज के हर वर्ग को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किये। युवाओं को रक्तदान के प्रति व समाजिक कार्यों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किये।रक्तवीर युवा क्लब के रक्तवीरो के सहयोग से हर साल ठंड में कम्बल वितरण किया जाता है। कोई भूखा न सोए इसके लिए में हर सप्ताह अन्नदान सेवा चल रहा है ऐसे निरतंर समाजिक कार्यो रक्तवीर युवा क्लब द्वारा चलते रहते है।

# वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कलेक्ट्रेट में हुआ सम्मान समारोह

**डीएम ने किया सेवानिवृत्त पेंशनरों को सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। बुधवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस के पुनीत अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट सभागार में सेवानिवृत्त पेंशनर संगठन के पदाधिकारियों व पेंशनरों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह,डीएसडब्लूओ वंदना सिंह के साथ वरिष्ठजन पेंशनर्स को माल्यार्पण एवं शाल भेटकर सम्मानित किया।वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वरिष्ठजन को शुभकामनाएं दीं और सम्मानित किया। वरिष्ठजनो अपने अनुभव से समाज और नई पीढ़ी को सही दिशा दिखाते हैं तथा घर-परिवार की नींव को मजबूत करते हैं। उनके प्रति प्रेम, सम्मान और देखभाल हमारी जिम्मेदारी है।डीएम ने सेवानिवृत्त कार्मिकों के योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए उन्हें सामाजिक सेवा से जुड़े रहने, संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुँचाने और स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार व तनावमुक्त दिनचर्या अपनाने की सलाह दी।प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा ने कहा कि वरिष्ठ जन हमारी असली पूँजी हैं। उनका अनुभव हमें सच्चाई-अच्छाई का रास्ता दिखाता है। वे समाज का दर्पण, भूत-वर्तमान के श्रेष्ठ विश्लेषक और युवा पीढ़ी के सच्चे पथप्रदर्शक हैं। पीडी डीआरडीए एसएन चौरसिया ने कार्यक्रम की आवश्यकता और प्रासंगिकता बताई। डीएसडब्लूओ वंदना सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार की ओर से की जाने वाली सहायता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन पेंशनर्स मौजूद रहे।

# इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे बनगवां गांव में सरकारी कृषि भूमि पर खड़ी कर दी गई है अवैध मंडी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर। इंडो-नेपाल बॉर्डर से सटे बनगवां गांव में सरकारी कृषि भूमि पर अवैध मंडी खडी कर दी गयी है। बिना बैनामा, दाखिल-खारिज और किसी वैध स्वीकृति के केवल स्टाम्प पेपर एग्रीमेंट पर 200 से ज्यादा दुकानों की बस्ती फैल चुकी है। धनकुबेरों का अड्डा–रोज़ाना लाखों का कारोबार यहां हो रहा है। लेकिन ज्यादातर व्यापारियों के पास जीएसटी तक नहीं है सरकार को यहां से भारी नुकसान हुआ हो रहा है भारी राजस्व नुकसान, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने साध रखी है गंभीर सवाल खड़े सरकारी जमीन पर निर्माण की इजाज़त आखिर किसने दी बिना लाइसेंस और जीएसटी के कारोबार कैसे चल रहा है क्या विभागीय मिलीभगत के बिना यह मुमकिन है कानून साफ कहता है कि सरकारी कृषि भूमि पर निर्माण और व्यापार पूरी तरह वर्जित है। मगर यहाँ खुलेआम नियमों को ताक पर रखकर मंडी फल-फूल रही है।

## विजय दशमी पर बरेका में विशेष सुरक्षा प्रबंध

वाराणसी। विजयादशमी पर्व (02 अक्टूबर 2025) के अवसर पर बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। सभी प्रवेश द्वार – ककरमत्ता मुख्य गेट, एफसीआई, नाथूपुर, पहाड़ी व कंदवा गेट खुले रहेंगे।इस दौरान भारी वाहनों का प्रवेश निषिद्ध रहेगा। कर्मचारियों को पहचान पत्र, आमजन को पास अथवा वैध परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य होगा। एंबुलेंस व आवश्यक सेवाओं को छूट दी गई है।सभी से अपील है कि नियमों का पालन करते हुए पर्व को सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएँ।

## महिलाओं को देख अश्लील गाने गाने वाले,तीन युवकों का चालान



गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र में स्थापित दुर्गा पंडालों के पास शाम के समय जब महिलाएं,युवतियां व किशोरियों आरती करने जाती थी तो कुछ मनचले इनको देखकर अश्लील गाने गाकर उल्टी सीधी हरकते कर रहे थे। जिससे महिलाओं सहित बच्चियां अपने को असहज महसूस कर रही थी। जब इसकी सूचना गुलरिहा पुलिस को क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज व सरहरी चौकी से मिली तो मिशन शक्ति 5.0 टीम आरोपित युवकों को दबोच लिया। युवकों के खिलाफ सरहरी व मेडिकल चौकी प्रभारी की तहरीर पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जिनकी पहचान गुलेंद्र निषाद निवासी ठाकुरपुर नंबर एक टोला सेवई,रोहित व दीपक चौधरी हाल पता मेडिकल कॉलेज के रूप में हुई है। तीनों युवकों का पुलिस ने चालान कर निजी मुचलके पर छोड़ द़ी।

## डंफर की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक की मौत



गोरखपुर। थाना क्षेत्र के राम-जानकी मार्ग पर पटनाघाट के पास सीधेगौर गांव निवासी 25 वर्षीय गोविंद हरिजन की डंफर की चपेट मे आने से मौत हो गई। पटनाघाट चौकी की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गोविंद व सबसे छोटा भाई शेषनाथ कल ही मंगलवार को मुंबई से घर आये थे। बुधवार की दोपहर गोविंद अपने गांव सीधेगौर से बाइक से तरकुलहा देवी मां का दर्शन के लिए निकला था। अभी वह पटनाघाट तिराहे से आगे प्रभावती स्कूल के मोड़ पर पहुंचा ही था कि बरहज की तरफ से तेज गति से आ रहे डंफर ट्रक की चपेट मे आ गया। डंफर उसके शरीर के एक हिस्से को रौंदते हुए फरार हो गया। मौके पर ही गोविंद की मौत हो गई। मृतक के माता-पिता की कुछ वर्ष पूर्व ही निधन हो चुका है। गोविंद तीन भाइयों में बड़ा था। अभी वह अविवाहित था। दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। तीनों भाई बाहर रहकर कमाते थे।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष में काशी की पहली शाखा ''धनधानेश्वर'' में पथ संचलन, विजयदशमी उत्सव

वाराणसी । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को काशी की ऐतिहासिक ''धनधानेश्वर शाखा'' में भव्य विजयदशमी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सायं 4 बजे ब्रह्मा घाट स्थित दत्तात्रेय मंदिर प्रांगण में होगा, जिसमें पथ संचलन, शस्त्र पूजन, शारीरिक प्रदर्शन और बौद्धिक सत्र जैसे विविध आयाम शामिल होंगे। काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश उत्सव में प्रमुख वक्ता होंगे। शाखा से जुड़े स्वयंसेवक संतोष सोलापुरकर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।1931 में हुई थी धनधानेश्वर शाखा की स्थापना''धनधानेश्वर शाखा'' उत्तर भारत की पहली शाखा मानी जाती है, जिसकी नींव स्वयं संघ के संस्थापक डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने 13 मार्च 1931 को रखी थी। बताया जाता है कि वीर सावरकर के बड़े भाई बाबूराव सावरकर चिकित्सा के लिए काशी आए थे और स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर शाखा स्थापित करने का विचार रखा। इस पर डॉ हेडगेवार को आमंत्रित किया गया और उन्होंने काशी आकर अमृत भवन के निकट स्थित धनधानेश्वर मंदिर परिसर में दैनिक शाखा की शुरुआत की।

# संवेदनशील इलाको में पुलिस प्रशासन का फ्लैग मार्च



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पिछले वर्ष दशहरा पर 5 अक्टूबर की रात गुलरिहा क्षेत्र के कर्महा में दुर्गा प्रतिमा स्थापना के लिए ले जाते समय मस्जिद के पास दूसरे समुदाय के कुछ लोगो द्वारा डीजे का तार खींचकर तथा मोबाइल पटक कर तोड़ दिया था और मूर्ति के साथ जा रहे युवक का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया था। मामले में दोनों पक्षों आमने सामने हो गए थे। करीब एक माह बाद पुलिस पिकेट की मौजूदगी में छठ पर्व पर दूसरे समुदाय द्वारा सोशल मीडिया पर इमोजी बनाकर कमेंट करने से दोनों समुदाय आमने सामने आ गए थे। बुधवार को एसडीएम दीपक गुप्ता,क्षेत्राधिकारी रवि कुमार सिंह,नायब तहसीलदार आकांक्षा व गुलरिहा प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह मय फोर्स के साथ मामले की गंभीरता को देखते हुए फ्लैग मार्च किया है।

# गांधी जयंती से पूर्व संध्या पर मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखीमपुर में लगा स्वदेशी मेला

**राजापुर चौराहा पर महिलाएं दिखा रही अपनी शक्ति, हस्त निर्मित उत्पादों से सजा स्टॉल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर लखीमपुर खीरी में मिशन शक्ति 5.0 के तहत शहर के राजापुर चौराहे स्थित आकांक्षा स्टोर परिसर में प्रशासन की ओर से आयोजित स्वदेशी मेला में स्थानीय महिलाओं की भागीदारी ने माहौल को उत्सवपूर्ण बना दिया।मेले में स्वयं सहायता समूह (ट्व्क्क), ओडीओपी और खादी ग्रामोद्योग से जुड़ी महिलाओं ने अपने-अपने स्टॉल सजाए और अपने हस्त निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन और बिक्री कर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। चाहे वह मिट्टी के खिलौने, घरेलू सजावट की वस्तुएं हों या पारंपरिक खाद्य सामग्री हर स्टॉल ने दर्शकों को अपनी ओर खींचा।इस अवसर पर परियोजना निदेशक (डीआरडीए) एसएन चौरसिया और डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह भी मेले में पहुंचे और महिलाओं के उत्साह व हौसले को बढ़ाया। उन्होंने न केवल उत्पादों को खरीदा बल्कि महिलाओं को उनकी मेहनत और हुनर के लिए प्रोत्साहित भी किया। साथ ही, मेले में आए स्थानीय महिलाएं और परिवार मिशन शक्ति से जुड़े प्रचार साहित्य और योजनाओं की जानकारी लेकर जागरूक भी हुए। बताते चलें कि यह मेला महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनकी पहचान को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से यह संदेश भी गया कि स्थानीय उत्पादन और स्वदेशी उत्पादों को अपनाना समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाता है।मेले में आने वाले लोगों ने महिला उद्यमियों की मेहनत को सराहा और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल आर्थिक अवसर बढ़ाते हैं बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास और समाज में उनके योगदान को भी बढ़ावा देते हैं।

# चंदौसी में लगातार जारी है शिक्षकों का प्रदर्शन,नहीं खोला नवरात्र का व्रत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**आफलाइन स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों का धरना बुधवार को कंपनी बाग में जारी रहा है**

चंदौसी। प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास पर बैठे शिक्षकों का धरना प्रशासन ने हटवाया ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर गुलाब देवी मंत्री आवास पर 5 दिन से धरने पर बैठे थे शिक्षक, शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आश्वासन देने के बाद भी धरने से नहीं हटे थे शिक्षक। चंदौसी मंत्री गुलाब देवी के आवास पर ऑफलाइन स्थानांतरण की मांग को लेकर शिक्षकों का धरना जारी अब कंपनी बाग में। शिक्षकों ने नवमी पर भी व्रत नहीं खोला और स्थानांतरण सूची जारी होने तक धरना जारी रखने का संकल्प लिया है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से वार्ता न होने पर निराशा जताई और जिलाधिकारी को पत्र लिखकर आंदोलन की जानकारी दी। शिक्षकों ने दशहरा और दीपावली न मनाने का भी निर्णय लिया है। चंदौसी में लगातार जारी है शिक्षकों का प्रदर्शन, नहीं खोला नवरात्र का व्रत कहा- हमारी माता तो अभी मानी नहीं । आफलाइन स्थानांतरण को लेकर शिक्षकों का धरना बुधवार को कंपनी बाग में जारी रहा। धरना दे रहे बहुत से शिक्षकों ने नवरात्र के व्रत रखे हुए थे, पर नवमी के दिन भी उन्होंने अपना उपवास नहीं खोला। स्नान आदि करके फिर अपने स्थान पर बैठ गए। बोलीं महिला शिक्षक- शिक्षा मे व्यवधान मंत्री डाल रहीं, हम नहीं शिक्षा मंत्री की ओर से दिए गए इस बयान पर कि शिक्षक बीच सत्र में स्थानांतरण पर अड़े रहकर शिक्षा में व्यवधान डाल रहे हैं, महिला शिक्षक बिफर पड़ीं। उनका कहना है कि हमारी ओर से दिसंबर-जनवरी में फाइल शासन को भेज दी गई थी। अब अनुमोदन आपके स्तर से अटका है। ऐसे में शिक्षक जिद पर अड़े नहीं हैं, बल्कि मंत्री हैं। और शिक्षा का नुकसान भी आपकी जिद के कारण ही हो रहा है। उनका कहना है कि हमें कोई शौक नहीं है कि अपना घर छोड़कर बच्चों के साथ यहां धरना देने आएं। इसके लिए शासन ने ही हमें मजबूर किया है।आंदोलित शिक्षकों के लिए प्रशासन की ओर से की गई चाक-चौबंद व्यवस्थामंत्री आवास से जब शिक्षकों को कंपनी बाग में शिफ्ट किया गया तो यहां व्यवस्था के नाम पर कुछ बेंच ही दी गईं। हालांकि शिफ्ट करने से पहले डीएम ने शिक्षकों को कंपनी बाग में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया था, जिसे प्रशासन ने निभाया भी। देर शाम से कंपनी बाग में शिक्षकों के लिए टेंट लगना शुरू हो गया था जो रात नौ बजे तक तैयार हो गया।इसमें लाइट, गद्दे के साथ दो बड़े कूलर भी लगाए गए। साथ ही पीने के पानी के लिए कैंपर की व्यवस्था भी की गई। मच्छरों और असुविधा के बीच एक बार लगा कि शिक्षकों को रात काटना मुश्किल होगा, पर प्रशासन की ओर से व्यवस्था करने के बाद यह समस्या भी खत्म हो गई। साथ ही यहां सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया है। शिक्षकों ने इसके लिए पुलिस-प्रशासन का आभार जताया है। ऑफलाइन स्थानांतरण सूची की मांग को लेकर 25 सितंबर से माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी के आवास पर धरना दे रहे शिक्षकों पर प्रशासन का रुख सख्त हो गया है। सोमवार दोपहर करीब दो बजे डीएम और एसपी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शिक्षकों से तीन बजे तक स्थान खाली करने को कहा । अब धरना दूसरी जगह शिफ्ट हो गया है । एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि शिक्षक बिना अनुमति के धरना दे रहे हैं। किसी व्यक्ति के निजी आवास पर धरना देना गैरकानूनी है, इसलिए उन्हें एक घंटे का समय दिया गया है कि वे यह स्थान खाली कर दें। साथ ही शिक्षकों को सुझाव दिया गया कि वे अपना पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लखनऊ भेजकर मांगों को सरकार के सामने रखें। इस दौरान शिक्षकों और पुलिस अधीक्षक के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। उधर, शिक्षकों का कहना है कि वे गिरफ्तारी देने को तैयार हैं, लेकिन बिना स्थानांतरण सूची लिए यहां से नहीं हटेंगे शिक्षक अब कंपनी बाग में अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं ।

## घिनौना सच आएगा सामने, जानें कब होगी फिल्म रिलीज

संभल। फिल्म निर्माता अमित जानी अपनी नई फिल्म पर काम कर रहे हैं और इस फिल्म का नाम है 'संभल फाइल्स'। इस फिल्म के निर्माण के लिए वह लगातार संभल जा रहे हैं और उन्होंने दावा किया है कि इस फिल्म के जरिए वह पूरे देश के सामने संभल में हुए दंगों को लेकर सच लाएंगे, जिससे देश जागेगा। संभल दंगा' आप सभी को याद तो होगा ही, अब इस पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म निर्माता अमित जानी ने इसका ऐलान कर दिया है। अपकमिंग फिल्म 'संभल फाइल्स' सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी? आइए जानते हैं।सामाजिक-राजनीतिक घटनाओं पर आधारित होगी फिल्म एक न्यूज एजेंसी (ऋगट्ट) से बातचीत के दौरान मेकर्स ने बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'संभल फाइल्स' संभल के ऐतिहासिक दंगों और सामाजिक-राजनीतिक घटनाओं पर आधारित होगी। यह फिल्म कश्मीर फाइल्स की तर्ज पर दस्तावेजी अंदाज में बनाई जाएगी। देश के सामने आएगा सच', 2026 में सिनेमाघरों में आएगी 'संभल फाइल्स' पहले कश्मीर फाइल्स' ने लोगों को झकझोरा था, वैसे ही 'संभल फाइल्स' भी दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देगी और समाज को जागरूक करने का काम करेगी।' इस बात का दावा फिल्ममेकर अमित जानी ने किया है। उनका कहना है कि वह गड़े मुर्दे उखाड़ेंगे और सच को सामने लाएंगे, ताकि पूरा देश सच्चाई से रूबरू हो सके।

## सेवा भारती ने किया 251 कन्याओं का पूजन

**अनूपशहर।** सेवा भारती द्वारा नवरात्र पूर्ण होने पर 251 कन्याओं का पूजन कर सामूहिक भोज करया गया। बुधवार को सेवा भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूरी टीम ने समर्पण भाव से नवरात्र के नवमी के दिन 251 कन्याओं का पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मुकेश गुप्ता ने कहा कि सामूहिक कन्या पूजन बहुत ही बढ़िया कार्यक्रम है। माता रानी की कृपा सब पर बनी रहे। इस मौके पर भोज कराने के बाद चरण वंदन कर उपहार देकर विदा किया। कार्यक्रम में सर्वेश वार्ष्णेय, भावना शर्मा, कुमारी तमन्ना, छवि शर्मा, नीलम चौधरी, आराधना मिश्रा, संजीव गुप्ता , नारायण देव मिश्रा, भुवनेश वार्ष्णेय, सुभाष शर्मा, नितेश सैनी, पीयूष गोयल, योगेश चौधरी, रविंद्र इंशा, नरेंद्र कुमार, दाताराम, रामपाल राघव, आयुष मिश्रा डा.आलोक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सरकार की महत्वपूर्ण योजना ''ममता कैटल फीड''का शुभारम्भ

**संभल।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत महिला उद्यमी इकाई की श्रेणी में पशु आहार की उत्पादन इकाई ''ममता कैटल फीड'' का ग्राम गालिबपुर ब्लॉक असमोली जिला संभल में जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा दिनांक 29 सितम्बर को पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। संस्थान की ओर से पंचम सिंह, कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, खगेंद्र सिंह,हर्ष आदि उपस्थित रहे इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की उद्यमी इकाइयों के द्वारा मुख्यमंत्री जी की सोच के अनुसार न केवल ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे अपितु जिले की अर्थ व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने के साथ महिला सशक्ति करण को भी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता के साथ किसानों की आय बढ़ाने के विचार पर भी काम किया जाएगा।

## पाकिस्तान जिंदाबाद की पोस्ट डाली, चार के खिलाफ केस

**बदायूं।** पाकिस्तान जिंदाबाद की पोस्ट इंस्टाग्राम और फ़ेसबुक पर डाल दी गई। मामले की जानकारी पर सक्रिय हुई पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू की है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मई रजऊ में कुछ दिन पूर्व इसी गांव के निवासी अबलू हसन ने फ़ेसबुक और इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान जिंदाबाद का एक पोस्ट डाला था। जिस पर गांव के रहने वाले अवनीश ने विरोध किया तो अबलू हसन सहित तीन अन्य लोगों ने अवनीश के साथ मारपीट कर दी थी। इस मामले की शिकायत पर मंगलवार को थाना पुलिस ने अवनीश की तहरीर पर आरोपी बबलू हसन सहित चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा लिखकर कार्रवाई की है। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया चार लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। जिसमें एक आरोपी को हिरासत में लिया है। तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## 12 अक्टूबर को 18 परीक्षा केन्द्रों पर होगी पीसीएस की परीक्षा

**बदायूँ।** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 आगामी 12 अक्टूबर 2025 को जनपद बदायूँ में 18 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में सम्पन्न होगी, प्रथम पाली प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक होगी। डीएम ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी 18 परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक केन्द्र व्यवस्थापक की तैनाती की है, साथ ही प्रत्येक केन्द्र के लिए एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। परीक्षा को सकुशल रूप से कराने के लिए 18 सैक्टर व 7 जोन बनाए गए हैं, सभी पर एक-एक मजिस्ट्रेट को नामित किया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 384 कुल 6912 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त 04 सैक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट रिवर्ज में रखें गए हैं। परीक्षा के दौरान सभी रिजर्व मजिस्ट्रेट को कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## बिल्सी इंस्पेक्टर कोर्ट में तलब, तीन को होगी पेशी

**बदायूं।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) कोर्ट के आदेश के बावजूद हत्या का मुकदमा दर्ज न करने के मामले में बिल्सी इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह को कोर्ट ने तलब किया है। तीन अक्तूबर को उन्हें कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। बिल्सी निवासी नरेशपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में छह अगस्त 2025 को मौत हो गई थी। उनकी बेटी सोनी ने आरोप लगाया था कि उनके पिता की हत्या की गई है। सोनी ने बिल्सी पुलिस को ताऊ पर ही संपत्ति हड़पने के इरादे से उन्हें धीमा जहर देकर मारने का आरोप लगाया था। उसका कहना था कि पिता की मौत की सूचना उसको नहीं दी गई। परिवार के लोगों ने पिता का अंतिम संस्कार भी कर दिया। पुलिस को तहरीर दी गई लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद सोनी ने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट ने 19 सितंबर को थाना पुलिस को आरोपी पक्ष पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस पर सोनी ने दोबारा कोर्ट को स्थिति से अवगत कराया। एसएचओ मनोज कुमार सिंह ने कोर्ट में कहा था कि आदेश थाने तक नहीं पहुंचा है। कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए अब एसएचओ को तीन अक्तूबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है।

## 29 नवम्बर तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहेगी धारा 163

**बदायूँ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि माह अक्टूबर 2025 से नवम्बर 2025 में दशहरा, महर्षि वाल्मीकि जयंती, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा, सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती आदि के त्यौहार मनाये जाने है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 भी प्रस्तावित है।उन्होंने बताया कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के परिपेक्ष्य में यह सम्भव है कि कतिपय अराजक समाज विरोधी, शरारती, सम्प्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक, जातिगत, वर्गगत, विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरसता, सदभाव व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास कर सकते है, जिसके कारण लोकशान्ति भंग होने की प्रबल संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि इसके दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में 01 अक्टूबर से 29 नवम्बर 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के अधीन (पुरानी सी.आर.पी.सी. 1973 की धारा 144) प्रभावी रहेगी। इस आदेश की अवहेलना भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## बेरोजगार युवा उठाएं खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का लाभ, सरकार देगी अनुदान

**बदायूँ।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी नवीन चन्द्र आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन 03 व 04 अक्टूबर 2025 को ग्राम व न्याय पंचायत अहिरवारा विकास खण्ड उझानी में शरू किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण शिविर मे सूक्ष्म उद्योग जैसे-पापड, अचार, कचरी, मसाला, आटा चक्की, पास्ता आदि उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया जायेगा। इसमे बेरोजगार युवक-युवतियो को खाद्य प्रंसस्करण इकाई घरेलु स्तर से लगाकर अपना स्वंय का रोजगार कर सकते हैं, जिसमे सरकार की तरफ से योजना लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 01 लाख रुपए मशीन व उपकरण मद मे अनुदान प्रदान किया जायेगा।

# मेडिकल कॉलेज में मारपीट मामले की जांच करेगी पांच सदस्यीय टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सिविल लाइंस पुलिस ने छात्र वीर प्रताप यादव की तहरीर पर डॉक्टर मेघाशूं सिंह, शिवांग मणि त्रिपाठी, अखिलेश यादव, तुसार, रवि गुप्ता, रितुराज सिंह, सविन्दल, अभिषेक गिरि, रवि सिंह व अजात डाक्टर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग के छात्रों के बीच हुए विवाद की जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया है। इसी बीच 11 जूनियर डॉक्टरों को निष्कासित कर दिया गया है। वहीं नर्सिंग छात्रों से कमेटी ने पूछताछ की है। मेडिकल कॉलेज में रविवार को बीएससी नर्सिंग के छात्रों और जूनियर डाक्टरों के बीच लंच के दौरान विवाद हो गया। कहासुनी हुई तो कॉलेज प्रशासन ने दोनों पक्षों को वहां से अपने-अपने कमरों में भेज दिया। इसके बाद दिन में 11.50 बजे जूनियर डॉक्टर एकत्र हो गए और नर्सिंग के छात्रों के कमरे के नीचे पहुंचकर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। नीचे मिल गए छात्रों को पीटकर घायल कर दिया। एक छात्र को जमीन पर गिराकर ईंट व बैल्ट आदि से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सामने आया कि डॉक्टरों ने तो जानलेवा हमला छात्रों पर किया है।

सिविल लाइंस पुलिस ने छात्र वीर प्रताप यादव की तहरीर पर डॉक्टर मेघाशूं सिंह, शिवांग मणि त्रिपाठी, अखिलेश यादव, तुसार, रवि गुप्ता, रितुराज सिंह, सविन्दल, अभिषेक गिरि, रवि सिंह व अजात डाक्टर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार को छह डॉक्टरों को गिरफ्तार कर उनका शांति भंग में चालान किया गया। कमेटी ने दर्ज किया बयान सोमवार रात को मेडिकल प्रशासन ने 11 जूनियर डॉक्टरों का निष्कासित कर दिया। नर्सिंग छात्रों पर हुई कार्रवाई के बारे में अधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं दी जा रही है। इस पूरे मामले की जांच के लिए मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर विपिन कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की है। इसमें टीम ने डॉ. विपिन कुमार, डॉ. श्रीनिवासन, डॉ. मनीष, डॉ. शिवम व डॉ. सुचिता यादव हैं। जांच टीम ने अपना शुय कर दिया है। उन्होंने कुछ छात्रों के बयान दर्ज किए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही विभागीय कार्रवाई अमल लाई जाएगी। वहीं प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. अरुण कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 11 जूनियर डॉक्टरों को निष्कासित कर दिया है। इसके अलावा पांच सदस्यीय टीम को पूरे मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है।

# धूमधाम से निकली काली की शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में मां काली की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।मंगलवार की देर शाम श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वाधान में मां काली की विशाल शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जिसका शुभारंभ चेयरमैन बृजेश गोयल तथा समिति के पदाधिकारियों ने मां काली की पूजा-अर्चना कर फीता काटकर किया। शोभायात्रा प्राचीन काली मठ से प्रारंभ होकर फुव्वारा चौक, तहसील, शिव चौक, कलां बाजार, गांधी मंडी, आहार गेट होते हुए मां चामुंडा मंदिर पर संपन्न हुई। मेले में शिव तांडव, राधा-कृष्ण का नृत्य, हनुमान का नृत्य जैसी दर्जनों झांकियां, बैंड बजे आकर्षण का केंद्र रहे। मां काली का स्वरूप तनु सैनी तथा महिषासुर का स्वरूप बने मंथन ठाकुर ने रोमांचकारी प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। जगह-जगह मां काली की आरती उतारकर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। पुलिस प्रशासन कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल ने शोभायात्रा की निगरानी की।

## सोशल मीडिया पर सीएम का अभद्र फोटो पोस्ट, आरोपी को भेजा जेल


बदायूँ। राम बरात वाले दिन सोशल मीडिया पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभद्र फोटो पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मोहल्ला आठ साहबगंज निवासी शहबाज पुत्र इसरार ने अपनी इंस्टाग्राम आईडी से सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री का अभद्र फोटो पोस्ट कर सामाजिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। साथ ही मंगलवार की दोपहर आरोपी शहबाज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# गोरखपुर वासियों पर जमकर बरसा माँ का आशीर्वाद

**भव्य भंडारे के साथ मूर्ति विसर्जन आजः जगराता में झूमे भक्त**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । 22 सितम्बर से शुरू हुए शारदीय नवरात्र का 2 अक्टूबर को भव्य भंडारे के साथ मूर्ति विसर्जन से समापन होगा । इस वर्ष गोरखपुर में माँ के पंडालों की संख्या सर्वाधिक रही । शाहपुर के जेल बाई पास सड़क सरस्वतीपुरम कॉलोनी लेन प्रथम स्थित माँ दुर्गा युवा समिति द्वारा स्थापित माँ की भव्य प्रतिमा शहर में चर्चा का विषय बना रहा । समिति के सदस्यों अभिषेक कुमार वर्मा,आशीष वर्मा,प्रियांशु श्रीवास्तव,रमेश मणि त्रिपाठी, शाकम्भ त्रिपाठी, मुन्ना यादव,संजय शर्मा,प्रदीप शर्मा,रामशेर सिंह,रवीकेशरी,अजय,विजय यादव,अजीत, मोहित व बाहुबली सहित कालोनीवासियों के सहयोग से भव्य माँ



की मूर्ति का स्थापना कराया,सप्तमी को विशाल भगवती जागरण ,अष्टमी को माँ खोइछा भरवाई ,नवमी को हवन व दशमी को भव्य भंडारे , समिति के सक्रिय सदस्यों का सम्मान के साथ माँ की मूर्ति का गाजेबाजे के साथ विदाई किया । माँ का भगवती जागरण चर्चा का विषय बना रहा , कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भक्तजन पूरी रात भजनों पर झूमते नजर आए । भव्य भंडारे में समिति के सदस्यों के साथ साथ कालोनीवासियों ने भी बढ़चढ़ कर सहयोग किया ।

# मिशन शक्ति के तहत ईंट भट्टे पर महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। थाना नखासा पुलिस द्वारा मिशन शक्ति के तहत नखासा पुलिस की बड़ी पहल ईंट भट्टे पर महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक । महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना नखासा पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के ग्राम तुर्तीपुर इल्हा स्थित ईंट भट्टे पर एक बड़ी मीटिंग आयोजित कर महिलाओं,बच्चों और बालिकाओं को जागरूक किया।

गुड टच-बैड टच पर बच्चों को समझाया।मीटिंग के दौरान महिला सुरक्षा दल ने बच्चों व बालिकाओं को गुड टच-बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी,ताकि वे किसी भी परिस्थिति में सतर्क और सुरक्षित रह सकें।सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी।महिला सुरक्षा दल ने उपस्थित लोगों को उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया और उनसे अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साइबर अपराधों से बचने के उपाय भी बताए गए।महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090,आपातकालीन सेवा 112स्वास्थ्य सेवा नंबर 102,एम्बुलेंस सेवा 108,साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930,शामिल हैं।घरेलू हिंसा के खिलाफ किया जागरूक।मीटिंग में महिलाओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ने और अपने अधिकारों को पहचानने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने साफ कहा कि महिलाएं किसी भी तरह की परेशानी में तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करें।समस्याओं को सुना,समाधान का आश्वासनमहिला सुरक्षा दल ने मौके पर मौजूद महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत समस्याएं भी पूछीं और उन्हें शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## गांधी जी व शास्त्री जी के आदर्शों को आत्मसात कर सशक्त भारत के निर्माण में बनें सहभागी

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जनपदवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलना सिखाया, वह आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। गांधी जी के विचार सदैव हमें सत्य और नैतिकता के पथ पर चलने की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि गांधी दर्शन आज भी प्रासंगिक है।जिलाधिकारी ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का अनुकरणीय व अनुपम उदाहरण है। उनका नारा जय जवान, जय किसान आज भी देश की ताकत और आत्मनिर्भरता का मूल आधार है।उन्होंने जनपदवासियों से आह्वान किया कि इस अवसर पर हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि गांधी जी और शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और समाज तथा राष्ट्र की प्रगति में योगदान देंगे व सत्य, शांति, सद्भाव एवं सेवा की भावना को अपनाते हुए एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनेंगे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव के चौथे दिन बालक बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। विरुआ वाड़ी मंदिर प्रांगण स्थित गीताभवन में आयोजित दुर्गा महोत्सव के अंतिम दिन का शुभारम्भ मां दुर्गा के पूजन के साथ हुआ जिसके पश्चात कार्यक्रम प्रभारी एवं मंच संचालक मुकेश वैश्य ने अष्टमी पुष्पांजलि कार्यक्रम के प्रतिभागियों को सूची के अनुसार अपनी-अपनी प्रस्तुति देने हेतु आमंत्रित किया जिसमें छोटे-छोटे बालक-बालिकाओं द्वारा धरे गए देवी-देवताओं के रूप में उन्होंने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया बच्चों की प्रस्तुतियाँ इतनी जीवन्त एवं मनमोहक थीं कि उस दौरान दर्शक पलकें झपकाना तक भूल जाते थे इस कार्यक्रम में चयनित सभी प्रतिभागियों को कमेटी के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों के चेहरों की चमक देखने लायक थीं इस कार्यक्रम में अर्पिता कश्यप, नव्या, देव, श्री चैतन्य सहित एक सौ पचास से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया इसके बाद विभिन्न न्यूज़ चैनल तथा प्रतिष्ठित समाचार पत्र के पत्रकार बन्धुओं का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम प्रभारी एवं मंच संचालक मुकेश वैश्य द्वारा करके उनका आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का समापन माता रानी की आरती के साथ हआ जिसमें शामिल सभी भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुज, मुकेश , सौरभ, अंकित, सावन, विवेक, देवांश, आयुष्मान,सोहन, हर्ष, अक्षत, कुणाल, मदन, ध्रुव, शांतनु, लक्ष्य आदि भक्तों ने अपना महत्व पूर्ण योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## रिटायरमेंट पर आयोजित किया गया भव्य विदाई कार्यक्रम

बदायूं। शहर की सिविल लाइन स्थित उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा में वरिष्ठ प्रबंधक ब्रह्म देव शर्मा को उनके बैंक में चालीस वर्ष का बेदाग सफलतापूर्वक कार्यकाल पूर्ण करने पर रिटायरमेंट के अवसर पर स्टाफ के सभी सदस्यों ने एकत्र होकर बड़े ही आतमीय ढंग से विदाई दी जिसमें कई विभागीय अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक अमित प्रताप सिंह, प्रबंधक विकास राहुल बॉथम, मुख्य प्रबंधक अजीत कुमार शुक्ला तथा शाखा सिविल लाइन के के मौजूदा स्टाफ के साथ-साथ कई रिटायर्ड बैंक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे सभी ने ब्रह्म देव शर्मा को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए उनके आगामी उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर ब्रह्म देव शर्मा के परिवार के सभी सदस्य एवं इस्ट मित्र भी मौजूद रहे।

## मंदिरों व शक्तिपीठों में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

बदायूं। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी अखिलेश चौबे ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में अप्ट्मी एवं महानवमी के पावन अवसर पर 30 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2025 तक सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में 09 मंदिरों व शक्तिपीठों में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की व्यवस्था पूर्ण कराने के लिए सम्बंधित उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को नामित किया गया है। उन्होने बताया कि शक्ति पीठ नगला मन्दिर, ककोडा देवी मन्दिर, शिव शक्ति भवन बिल्सी, गवां देवत मन्दिर बिसौली, दुर्गा मंदिर (अस्टल मंदिर) नगर पालिका परिषद दातागंज, मंगला माता मन्दिर वजीरगंज, देवी मंदिर कश्यप बस्ती, ग्याऊँ, देवी मंदिर महादेव करवा इस्लामनगर, भोलेबाबा देवी मन्दिर में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गोठना गांव में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल/गुन्नौर। सरकार द्वारा महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार को गांव गोठना में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी अखलेश प्रधान एवं उप निरीक्षक अपर्णा बंसल ने ग्रामीणों को मिशन शक्ति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े सुरक्षा कानून, हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112 तथा महिला हेल्प डेस्क की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या घरेलू हिंसा की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्रधान ग्रीस यादव, लव यादव, गौरव यादव, जीत यादव, रोहतास कुमार,चंद्रकला यादव पूर्व प्रधान, आराम सिंह, निशांत यादव, बौबी यादव, पंचायत सहायक वेदपाल यादव, राजेश यादव, इन्द्रपाल यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने मिशन शक्ति के बारे में दी गई जानकारी की सराहना की और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## वन्य जीव हमले में मृतक वृद्ध दम्पत्ति के घर पहुंचे डीएम व एसपी

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत हिंसक वन्य जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम उच्चापाही (भिरगूपुरवा), पोस्ट-मझारा तौकली पहुंच कर सोमवार की रात्रि वन्य जीव हमले में मृतक छेद्दन पुत्र स्व. जनार्दन व श्रीमती मुनकिया पत्नी छेद्दन के घर जाकर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर सांत्वना दी। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि शासन व जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों के साथ है। मानव वन्य जीव संघर्ष में प्रभावित परिवारों को शासन द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने वन विभाग द्वारा हिंसक वन्य जीवों के रेस्क्यू हेतु संचालित गतिविधियों के स्थानों का भ्रमण कर मौके पर मौजूद प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव व पूर्व डीएफओ अजीत प्रताप सिंह से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# गोण्डा जंक्शन का खाना, बीमारी का खजाना

**गोंडा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक, दो,तीन चार पर करीब दो दर्जन से अधिक खानपान के स्टाल चल रहे हैं। इन स्टालों पर नियमतः खानपान की सामग्री को ढककर रखना चाहिए लेकिन यहां पर इसका कोई ध्यान नहीं रख रहा है।**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। आइए आपको हम गोंडा जंक्शन पर खानपान की व्यवस्था से वाकिफ कराते हैं। गोण्डा जंक्शन के पांचो प्लेटफार्मों पर यात्रियों को दी जा रही खाद्य सामग्री का कोई मानक नहीं है।खुले में खाद्य सामग्री बिक रही हैं। उस पर मक्खियां भिनभिना रही हैं। बावजूद इसके यात्री यहां से खाद्य सामग्री लेकर खाने को विव श हैं। और तो और गंदगी के बीच ही खाद्य सामग्री भी तैयार की जा रही है,जिससे खाकर यात्री बीमार भी पड़ रहे हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

गोंडा जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक, दो,तीन चार पर करीब दो दर्जन से अधिक खानपान के स्टाल चल रहे हैं। इन स्टालों पर नियमतः खानपान की सामग्री को ढककर रखना चाहिए लेकिन यहां पर इसका कोई ध्यान नहीं रख रहा है। खुले में खानपान की सामग्री बिक रही है। उस पर मक्खियां बैठ रही हैं।ट्रैक के बीच में फैली गंदगी व गंदे पानी पर बैठकर इधर-उधर बैठने वाली मक्खियां बीमारी को बढ़ावा दे रही हैं। यही नहीं, खान पान की गुणवत्ता को लेकर भी यात्री सवाल खड़े कर रहे हैं। किसी भी स्टाल पर जनता खाना नहीं मिल रहा है।जिससे यात्री बीमारी की चपेट में आते जा रहे हैं। इसमें से सबसे ज्यादा बच्चे शिकार हुए। भले ही यात्री बीमार पड़ रहे हों लेकिन उनकी सेहत को लेकर कोई गंभीर नहीं नजर आ रहा है।आए दिन रेलवे की खानपान व्यवस्था पर सवाल खड़े किए गए थे। कैग की रिपोर्ट में कहा गया था कि रेलवे का खाना बेह द घटिया किस्म का है। इसके बाद काफी हो हल्ला मचा था, बावजूद इसके सूरतेहाल जस के तस हैं। न तो नियमित तौर पर जांच हो रही है न ही कार्रवाई। यहां तक कि अवैध बेंडरिंग भी एक बड़ी वजह है। रेलवे स्टेशन खान पान स्टालों पर बिना वर्दी और बिना आई कार्ड के वेंडर घूमते रहते हैं अब यात्रियों को यह नहीं पता रहता की कौन अधिकृत बेंडर हैं और कौन अनअधिकृत वेंडर है, जंक्शन के रेलवे स्टेशन पर खानपान स्टालों पर बेंडरो का मेला लगा रहता है लेकिन आरपीएफ के द्वारा इन लोगों से कोई पूछताछ नहीं की जाती है।

## आरपीएम ने की कार्रवाई

आरपीएफ ने लोगों पर अवैध वेंडछरग के तहत कार्रवाई की है। क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि पुर्वोत्तर रेलवे की ट्रेनों में अवैध तरीके से बेडरिंग की जा रही है,जिससे काफी परेशानी हो रही है।उन्होंने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों का दर्द

ट्रेनो में यात्रा कर रहे रमेश का कहना था कि रेलवे का खाना कौन खाना चाह रहा है लेकिन क्या करें मजबूरी है।पेट भरने के लिए कुछ तो खाना ही पड़ेगा। अमित का कहना था कि छोला में तो सिर्फ आलू मिला कर बिल्कुल पानी जैसा मिलता है।खाकर उल्टी हो जाए। लेकिन मुसीबत है,अब क्या करें।वही जब गोंडा जंक्शन के खानपान स्टालों पर अवैध बेंडरों के बारे में आरपीएफ इंस्पेक्टर से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनके नंबर की घंटी बजती रही उन्होंने अपना फोन उठाना मुना सिब नहीं समझा और जानकारी नहीं मिल पाई है।

# डांडिया नाइट में भक्ति गीतों पर जमकर झूमीं महिलाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर देर रात डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया था सुवंन्स मिलेनियम पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले की हजारों किशोरियों और महिलाओं ने भाग लिया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुवंन्स मिलेनियम पब्लि क स्कूल की प्रधानाचार्य और शिक्षकाओ ने दीप प्रज्वलित कर और मां दुर्गा की आरती कर के किया।इसमें शामिल महिलाओं, किशोरियों ने भक्ति तथा फिल्मी गानों पर जमकर नृत्य कि या है।डांडिया नाइट के दौरान कई प्रतियोगिता एं भी आयोजित की गईं।सही सवालों का जवा ब देने वाली महिलाओं और लड़कियों को पुर स्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम स्थ ल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुवि धा न हो।इस आयोजन में पुरुषों की संख्या नाममात्र की थी जबकि अधिकांश प्रतिभागी किशोरिया और महिलाएं थीं।जो मां दुर्गा की आराधना कर रही थीं।सपा नेता सूरज सिंह ने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरिया एक साथ एकत्रित होती हैं,उन्हें मिलने और मनोरंजन का अवसर मिलता है।यह कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित हो ता है,और इस वर्ष कुछ अलग प्रतियोगिताओं के साथ विजेताओं को सम्मानित भी किया ग या।डांडिया नाइट कार्यक्रम में अदिति, प्रीति, आराधना, काजल, प्रियंक, माधुर, सोनाल, उम, शालू, साधना, गुड़िया, सोनी, अंजलि, रूबी, अंतिमा सहित हजारों की संख्या में महिलाएं और किशोरिया कार्यक्रम में शामिल हुई है।

# गोण्डा में खेतों को पाताल बनाने में जुटे खनन माफिया

**मिट्टी खनन के लिए मजदूरों के साथ हो रहा जेसीबी का प्रयोग**

**खनन विभाग के अधिकारी के लापरवाही से उपजाऊ भूमि बन रहा तालाब**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले में खनन विभाग की लापरवाही और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते बड़े पैमाने पर जिले में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है।किसान अपने लिए मिट्टी का खनन न कराकर माफिया को अपने खेत दे दिए हैं।ऐसे में खनन माफिया धड़ल्ले से मनमाने तरीके से मिट्टी का खनन कर खेतों को पाताल बनाने में जुटे हैं।जिले में झंझरी ब्लॉक क्षेत्र के तिवारी बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र में ने पाल पुरवा में बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है।हालांकि प्रदेश सरकार की ओर से मिट्टी खनन के लिए किसानों को सहू लियतें देते हुए निर्देश जारी किया गया कि कि सान अपने खेत से जितनी मिट्टी निकालना चा हे निकाल सकता है,उसे इस बात का ध्यान दे ना होगा कि अगल-बगल के खेत उससे प्रभावि त न हों।पुलिस को भी मिट्टी खनन के मामले से दूर रहने को कहा गया। ऐसे में खनन माफिया के हौसले और बढ़ गए हैं।उन्होनें किसानों से उनके खेत मिट्टी निकालने के नाम पर ले लिए। इसके बाद मिट्टी निकालना शुरू किया तो मिट्टी निकालते ही गए। सरकार ने किसानों को खुद के लिए मिट्टी निकालने की छूट दी,मगर किसा न की आड़ में खनन माफिया खुद मिट्टी निकल वाकर उसका व्यावसायिक उपयोग करने लगे। बानगी के तौर पर नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी तिवारी बाजार क्षेत्र ऊंचे झंझरी गांव के पास नेपाल पुरवा के आसपास उपजा ऊ जमीन को खनन माफिया ने तालाब बना दिया है।सूत्रों के मुताबिक इनमें तो कुछ जमीन ऐसी हैं जो सरकारी है।खनन माफिया स्थानीय प्रशासन से सांठ-गांठ करके रोजाना लाखों रुप ये की मिट्टी इन जमीनों से खोद कर बेंच रहें है। वहीं उपजाऊ खेत खनन के चलते तालाब बन ते जा रहे हैं।जिससे आने वाले दिनों में खासी समस्याओं का सामना किसानों को करना पड़ेगा।

## शहर की सड़कों पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रालियों की भरमार

इन दिनों नगर कोतवाली थाना क्षेत्र में रोड पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रालियों की भरमार है।नेपाल पुरवा में उपजाऊ जमीन की जेसीबी से मिट्टी की खोदाई हो रही है।गोंडा बेलसर मार्ग में रोड हो या फिर कूड़ा डंपिंग जोन के रास्ते से य फिरकटहा घाट सड़क हो, इन पर हर पांच मिनट में मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली गोण्डा शहर की ओर आती दिखाई पड़ेगी।सड़क पर फर्राटा भरती इन सभी ट्रैक्टर ट्रालियों का रजिस्ट्रेशन निजी कृषि कार्य के लिए निश्शुल्क हुआ है,मगर इन का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।ले किन जिम्मेदार जानकर आंखें बंद किए हुए हैं.वही अवैध मिट्टी खनन की जानकारी के लिए खनन विभाग के अधिकारी को कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठ रहा है।

# कन्याओं का सम्मान ही सबसे बड़ी आराधनाः आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील

**आयुक्त दंपति ने झुककर कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नवरात्रि की नवमी तिथि पर शक्ति आराधना का अद्वितीय उदाहरण उस समय देखने को मिला जब देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील के सरकारी आवास पर कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया।पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार कन्याओं में देवी शक्ति का वास माना जाता है, इसी श्रद्धा को आत्मसात करते हुए आयुक्त एवं उनकी धर्मपत्नी गरिमा भूषण ने स्वयं सभी कन्याओं को ससम्मान आसन देकर भोजन परोसा।

आयुक्त दंपति ने झुककर कन्याओं के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे वहां उपस्थित सभी लोगों के हृदय में सम्मान और भक्ति का भाव एक साथ उमड़ पड़ा। इस अवसर पर आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि नवरात्रि शक्ति साधना का पर्व है और कन्याओं का सम्मान ही सबसे बड़ी आराधना है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में शक्ति पुंज बनकर देश, प्रदेश और जिले का नाम रोशन कर रही हैं। शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान और रक्षा जैसे क्षेत्रों में बेटियों ने अभूत पूर्व उपलब्धियां हासिल कर यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं।उन्होंने समाज से आह्वान किया कि बेटियों के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा उन्हें समान अवसर देकर राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।कन्या भोज का यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक जागरू कता का सशक्त संदेश भी बन गया।नवरात्रि की इस नवमी पर आयोजित यह अनुष्ठान शक्ति और संस्कार दोनों का सुंदर समागम बन गया।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक की धर्म पत्नी तन्वी जायसवाल भी मौजूद रहे।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक की पत्नी तन्वी जायसवाल भी मौजूद रही।

# राजकीय इंटर कॉलेज, लखैय्याकलां में विज्ञान एवं टीएलएम प्रदर्शनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। राजकीय इंटर कॉलेज, लखैय्याकलां (नानपारा) में विज्ञान एवं टीएलएम (शैक्षिक सामग्री) प्रदर्शनी का भव्य आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई आकर्षक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में सोलर पावर्ड स्मार्ट सिटी, मानव हृदय का कार्यकारी मॉडल, जल का आसवन मॉडल, वर्षा जल संचयन मॉडल सहित कई नवाचारी प्रोजेक्ट्स को अतिथियों व मौजूद लोगों ने खूब सराहा। बच्चों ने अपने प्रयोगों के माध्यम से यह संदेश दिया कि विज्ञान और तकनीक का उपयोग समाज और पर्यावरण के हित में किस प्रकार किया जा सकता है।प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका रमेश चंद पांडेय एवं मदन लाल मिश्र ने निभाई। दोनों निर्णायकों ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जिज्ञासा और नवाचार की भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन और सफल नेतृत्व प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्रोफ़ेसर अरुण कुमार, आनंद जी राव, फूलचंद जी, राजितराम सिंह, शुभम चतुर्वेदी, विजय बहादुर यादव, जगत कुमार सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ मौजूद रहे। प्रधानाचार्य डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार की वैज्ञानिक प्रदर्शनी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। यह न केवल उनकी रचनात्मकता को निखारती हैं, बल्कि उन्हें समाजोपयोगी आविष्कारों की दिशा में भी प्रेरित करती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप सराहना पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय परिसर में प्रदर्शनी को देखने के लिए अभिभावकों और स्थानीय लोगों की भी अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी।

# आईजी सख़्तः सपा नेता की हूटर लगी गाड़ी सीज

**आईजी अमित पाठक ने पुलिस कर्मियों के साथ अचानक चेकिंग कर रहे थे**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में देवी पाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। चेकिंग अभियान के दौरान उन्होंने एक समाजवादी पार्टी नेता की गाड़ी में काली फ़िल्म और हूटर लगी गाड़ी को सीज कर दिया है,आईजी गोंडा जिले में यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त ब नाने के लिए लगातार ऐसे अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

यह घटना लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय चौराहे पर हुई। जहां पर आईजी अमित पाठक ने पुलिस कर्मियों के साथ अचानक चेकिंग कर रहे थे,कि इसी दौरा न सपा का झंडा लगी एक स्कॉर्पियो गाड़ी हूटर बजाते हुए आती दिखी,आईजी ने तत्काल गा ड़ी को रुकवाया।जांच में पता चला कि यह हूट र सपा नेता अंसार अहमद द्वारा रौब झाड़ने के लिए लगाया गया था।आईजी ने मौके पर मौजू द नगर कोतवाल को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद वाहन को सीज कर चालान किया गया और हूटर हटवाया। चेकिंग के दौरान दो अन्य गाड़ियां भी मिलीं, जिनमें काली फिल्म लगी हुई थी।आईजी अमित पाठक ने इन वाह नों को भी रुकवाया और चालकों से काली फि ल्म लगाने का कारण पूछा।वाहन चालक और मालिक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद दोनों वाहनों से काली फिल्म उतर वाई गई और उनका चालान किया गया। चेकिं ग के दौरान,आईजी ने कुछ गाड़ियों में रखी हॉ की और स्टिक भी निकलवाई और उन्हें दोबारा वाहन में न रखने की चेतावनी दी।आईजी अमि त पाठक ने बताया कि यातायात नियमों को न मानने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने को लेकर पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया गया है।जो हूटर लगाकर चल रहे हैं और काली फिल्म लगाकर चल रहे हैं यह लोग कहीं ना क हीं अपने आप को गुंडा मानसिकता का समझ ते हैं।ऐसे लोग नारी सुरक्षा और नारी सम्मान के लिए खतरा है ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि विज्ञान केंद्र में स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अंतर्गत सफाई अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। प्रधानमंत्री के आह्वान पर चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा द्वितीय द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है सफाई अभियान में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार के साथ-साथ वैज्ञानिक उमेश कुमार, डॉ. एस.बी. सिंह (फार्म मैनेजर), उपेंद्र सिंह, ब्रजेश सिंह, श्रीमती मंजू देवी, श्रीमती शुशीला देवी, शक्ति सिंह एवं राम निवास सहित केंद्र के समस्त कार्मिक एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर केंद्र परिसर, फार्म, पौधशालाओं एवं आस-पास के सार्वजनिक स्थानों पर सफाई कार्य किया। सफाई अभियान के दौरान कूड़ा-कचरा हटाया गया, पौधों के चारों ओर गड्ढों की सफाई की गई, रास्तों को समतल किया गया तथा प्लास्टिक एवं पॉलिथीन जैसे अपशिष्ट को अलग-अलग एकत्रित कर उचित निस्तारण के लिए भेजा गया। प्रतिभागियों ने आस-पास के गांवों के लोगों को भी अपने घरों एवं गलियों में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. संदीप कुमार ने सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र भविष्य में भी इस प्रकार के स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# विसर्जन स्थलों की ड्रोन से हो निगरानी,बन्द रहे मांस की दुकानें

**महासमिति महाविसर्जन के लिए महासमिति ने आठ सेक्टरों में बांटा शहर**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। श्री मां दुर्गा हिन्दू पूजन महासमिति (रजि.) के पदाधिकारियों की एक बैठक मां दुर्गा प्रतिमाओं के सकुशल महाविसर्जन को लेकर आहूत की गई।बैठक की अध्यक्षता महासमिति अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने की।बैठक को संबोधित करते हुए महासमिति के अध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने बताया कि मां दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन महानवमी के दिन से शुरू हो जाता है जो एकादशी तक चलता रहता है।उन्होंने बताया कि शहर को महाविसर्जन के मद्देनजर आठ सेक्टरों में बांटा गया है जहां महासमिति के पदाधिकारी चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेंगे।उन्होंने बताया कि आठ सेक्टरों में छावनी चौराहा,घंटाघर, पीपल तिराहा,गुदड़ी चौराहा,काजीपुरा चौराहा,राम लीला ग्राउंड,आशीर्वाद स्कूल, झिंगहाघाट विसर्जन स्थल शामिल है।इससे पूर्व 22 थानों के प्रमुखों व छह तहसील के प्रभारियो की भी नियुक्ति सकुशल विसर्जन सम्पन्न कराने के लिए की गई है।शहर में लगभग 140 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है जिसका विसर्जन बशीरगंज स्थित झिंगहाघाट विसर्जन स्थल पर होगा।महाविसर्जन के लिए पदाधिकारियो व सदस्यों को अंगवस्त्र,पटका,बैज व आईडी कार्ड वितरित किया गया है।बैठक में महामंत्री कन्हैया सोनी,चन्द्रभान सिंह संचित,राम जी शुक्ला,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,शिवशरण सिंह,विपिन यज्ञसैनी, आत्माराम यादव,पवन जायसवाल,लव कुमार द्विवेदी,ज्ञानेंद्र धर शर्मा ज्ञानी,सत्येंद्र शुक्ला, विनोद कुमार रस्तोगी,सुधाकर मिश्रा,सुरेश गुप्ता,निशंक त्रिपाठी, देवेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता युवराज,बैजनाथ रस्तोगी,राज कुमार सोनी,हरिशंकर गुप्ता मौजूद रहे।(इनसेट)ये है आठ सेक्टरछावनी चौराहा,घंटाघर, पीपल तिराहा,गुदड़ी चौराहा,काजीपुरा चौराहा,राम लीला ग्राउंड,आशीर्वाद स्कूल, झिंगहाघाट विसर्जन स्थल शामिल है।

## उपसमितियां वालेंटियर करे तैयार

महासमिति की बैठक में उपसमितियो से अपील की गयी है कि शांतिपूर्ण, सद्भाव के वातावरण में माता रानी का विसर्जन करें। उपसमितियां अपनी-अपनी कमेटियों से वालेंटियर का गठन करें जिन्हें महाविसर्जन के दौरान तैनात करें।(इनसेट)ड्रोन से करें निगरानीमहासमि ति ने जिला प्रशासन से अपील की है कि विसर्जन स्थलों का सघन निरीक्षण करके सड़क,साफ सफाई,प्रकाश की व्यवस्था देख ले।जनपद के विसर्जन स्थल मार्गों का ड्रोन से निगरानी करें।(इनसेट)महाविसर्जन के दिन बन्द रहे मांस की दुकानेंमहासमिति ने बैठक के दौरान कहा कि वैसे प्रदेश सरकार का निर्देश नवरात्रि में मांस दुकानें बंद करने का था,लेकिन जनपद सहित शहर में कई स्थानों पर नवरात्र में मांस की दुकानें खुलेआम संचालित है।बैठक में कहा गया है महाविसर्जन के दिन मांस की दुकानों पर पूर्णतया बन्द होनी चाहिए।

# जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रियों को किया जागरूक

**सफर में सुरक्षा की न करें चिंता, तुरंत मिलेगी मदद**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मिशनशक्ति अभियान के तहत महिलाओं में जागरुकता बढ़ाने के मकसद से रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने महिला यात्रियों को जागरूक किया।कोई दिक्कत हो तो वह हेल्पलाइन नंब रों को डायल कर सहायता ले सकती हैं,बुद्धवार को जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर महिला यात्रि यों को शक्ति मिशन अभियान के तहत पंपलेट बाटकर जागरूक किया गया।इस दौरान जीआ रपी थाना प्रभारी बांकेलाल ने कहा कि सरकार महिलाओं व बालिकाओं के अपराध को लेकर गंभीर है। महिलाएं व बालिकाएं जब भी खुद को असुरक्षित महसूस करें तो सरकार द्वारा जा री टोल फ्री नंबर 181, 1090, 1098, 139 और 112 पर सूचना दें। अपराध रोकने के लिए अपराध का विरोध करना जरूरी है।उन्होंने यह भी बताया कि शिकायत करने वालों का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा, साथ ही उन्हें सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए नियम-कानून के प्रति जागरूक कि या गया।इसके अलावा उन्हें अपने कीमती सा मान की सुरक्षा और अपरिचित की दी हुई कोई चीज जैसे चाय,बिस्किट नहीं खाए।इसमें नशी ला पदार्थ मिला हो सकता है।इससे आप किसी अनहोनी के शिकार हो सकते हैं।

## न्यू पायनियर पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण, बच्चों ने दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



नानपारा, बहराइच। न्यू पायनियर पब्लिक स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम शीर्षक से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृ-समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रिंसिपल शबा परवीन और पायनियर ग्रुप के मैनेजर अदील आब्दी ने किया। उनके साथ शिक्षिका निशा मैम तथा शिक्षक सलीम आदि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक पौधे रोपित किए। कक्षा 4 के अब्दुल समद खान और युवराज सोनी, कक्षा 6 की सारा हयात, गयास हबीब तथा समीया बेगम ने अपने हाथों से पौधे लगाकर सभी को हरियाली और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। प्रिंसिपल शबा परवीन ने कहा कि–माँ धरती की सेवा और माँ के सम्मान से बड़ा कोई धर्म नहीं। यदि हर बच्चा एक पेड़ माँ के नाम लगाए तो आने वाली पीढ़ियों को हरियाली का अमूल्य उपहार मिलेगा।

# पीएम श्री विद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत कन्या पूजन का हुआ कार्यक्रम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। विकास खण्ड मरौरी के प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर गौटिया में सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के अंतर्गत कन्या पूजन मेगा इवेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कन्या पूजन के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसी क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी एवं ग्राम प्रधान किरन यादव द्वारा कन्याओं को तिलक लगाकर उनका पूजन कर पांच बर्तन, मिठाई व फल वितरित किये गए साथ ही सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा गोदभराई की गई, ततपश्चात स्कूली बच्चों द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्पलाइन नम्बरों के प्रचार प्रसार से सम्बंधित, दहेज प्रथा एवं स्कूली शिक्षा से सम्बंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महिला कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले 25 बच्चों को एजुकेशन किट देकर पुरुष्कृत किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल द्वारा उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को एवं स्कूल की छात्राओं को महिला सशक्तिकर के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि बालिका को स्वाबलंबी बनने की आवश्यकता है। कहीं पर भी कमजोर बनने के आवश्यकता नही हैं क्योंकि नारी से ही समाज की उत्पत्ति होती है।जिला विकास अधिकारी संजय कुमार द्वारा बालिकाओं को शिक्षित होने एवं अपनी शक्तियों प्रयोग करने की प्रेरणा दी गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा विभाग से सम्बंधित योजनाएं कन्या सुमंगला योजना,निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल सेवा योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति अंतर्गत बालिकाओ एवं महिलाओं को स्वंय पर निर्भर होने की प्रेरणा दी गई।कार्यक्रम के दौरान महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर, जिला मिशन कोओडिनेटर सुवर्णा पांडेय,सीडीपीओ अनीता चौधरी,जयश्री सिंह,विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रजनी जौहरी, ग्राम प्रधान किरन यादव एवं महिला कल्याण विभाग का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा हैं।

# व्यापारी सुरक्षा और भ्रष्टाचार रोकथाम पर हुई चर्चा: शैली शर्मा




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा विंग शैली शर्मा ने पदाधिकारियों संग पुलिस अधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट

पीलीभीत। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा विंग के पदाधिकारियों ने सुनगढ़ी थाना प्रभारी नरेश त्यागी एवं कोतवाली प्रभारी सतेंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने बुके,माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया। मुलाकात में केवल औपचारिक बातचीत ही नहीं हुई, बल्कि कई अहम मुद्दों पर खुलकर चर्चा की गई। खासतौर से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और व्यापारी सुरक्षा को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। दोनों पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि व्यापारी वर्ग को किसी प्रकार की असुरक्षा का सामना नहीं करना पड़ेगा। पुलिस हर स्तर पर उनके साथ खड़ी है और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, संगठन मंत्री रजी अंसारी,जिला मंत्री ताबिश,अभिलाष गुप्ता, सलमान,अमान, हर्षित गंगवार, वसीम, शिवम प्रजापति, भूपेंद्र समेत अनेक व्यापारी मौजूद रहे है।

# समाज सेवी संतोष सिंह ने कन्याओं के चरण पखार कर लिया आशीर्वाद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### भेंटुआ के गोवर्धनपुर में आयोजित विशाल कन्याभोज में चुनरी और दक्षिणा भेंट किया

अमेठी । शारदीय नवरात्रि की नवमी को विकास क्षेत्र भेंटुआ के गांव गोवर्धनपुर दुआरा में समाज सेवी संतोष कुमार सिंह द्वारा विशाल कन्यभोज आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों कन्याओं के चरण पखार कर आरती पूजन और चुनरी दक्षिणा भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्र के गांव गोवर्धनपुर दुआरा निवासी समाज सेवी संतोष कुमार सिंह ने शारदीय नवरात्र की नवमी को हवन पूजन उपरांत विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस कन्या भोज में आस पास के गांव से लगभग दो सौ अधिक कन्या आई थी। समाज सेवी संतोष कुमार सिंह ने कन्याओं के चरण पखार कर पूजन और आरती करने के बाद चुनरी भेंट किया। उसके बाद सभी को पंगत में बैठाकर भोजन कराया।उन्होंने सभी कन्याओं को दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। समाज सेवी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्रि पर्व के विश्राम दिवस पर कन्या पूजन और भोग प्रसाद का बड़ा महत्व है। मैंने नौ दिन के मौन व्रत के साथ नौ दिन का एक बेला में फलाहार के उपवास का संकल्प रखा था जिसका आज समापन करते हुये कन्या पूजन व भोजन का आयोजन किया। मैने मां भवानी से अपने क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया।

# मनमानी:एमएलसी का पत्र ठंडे बस्ते में भ्रष्टाचारी संजय प्रकाश सक्सेना पर नहीं हुई कोई कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### योगी सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता संजय प्रकाश सक्सेना घोटाले में हो चुकी है थाना न्यूरिया में एफआईआर

पीलीभीत। योगी सरकार लगातार भ्रष्टाचार को कम करने का प्रयास कर रही है।लेकिन पीलीभीत में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए एक ही नाम काफी है। संजय प्रकाश सक्सेना का योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को लगातार लगाया जा रहा है। धब्बा आपको बता दे कि डीपीआरओ कार्यालय में संबद्ध चल रहे पंचायत निरीक्षक उद्योग संजय प्रकाश सक्सेना के खिलाफ लगातार ग्राम प्रधान भाजपा एमएलसी सहित कई जनप्रतिनिधियों ने डीएम से शिकायत कर हटाकर उसको मूल पद पर भेजने की लिखित शिकायत की थी। लेकिन अभी तक उसकी मूल पद पर वापस नहीं किया गया है। सामूहिक रूप से कई ग्राम प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की थी। पीलीभीत शाहजहांपुर से भारतीय जनता पार्टी के मंच सुधीर गुप्ता ने भी जिलाधिकारी को पत्र भेज कर संजय प्रकाश सक्सेना के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन जनपद स्तरीय अधिकारियों ने ग्राम प्रधान और एमएलसी के द्वारा की गई शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। संजय प्रकाश सक्सेना की मूल तैनाती पंचायत उद्योग इंस्पेक्टर के पद पर हैं। लेकिन योगी सरकार में भ्रष्टाचार को और बढ़ावा देने के लिए जुगाड़ तुग़ड़ करके डीपीआरओ कार्यालय में संबद्ध करा लिया है। ग्राम प्रधानो को जांच के नाम पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के नाम पर उगाई करने का भी आप संजय प्रकाश सक्सेना पर लग चुका है। लेकिन अधिकारी कमाऊ पूत होने के कारण कुछ भी बोलने और करने को तैयार नहीं हो रहे हैं। एक बार संजय प्रकाश सक्सेना को डीपीआरओ कार्यालय से हटाया भी जा चुका है। लेकिन जुगाड़ तुगाड़ करके फिर से उसने अपने आप को डीपीआरओ कार्यालय में संबद्ध करा लिया है। आए दिन ग्राम पंचायतो में हो रही जांचों से परेशान ग्राम प्रधानों ने मुख्य विकास अधिकारी से मिलकर संजय प्रकाश सक्सेना के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। लेकिन ग्राम प्रधानों की शिकायतों को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। संजय प्रकाश सक्सेना के खिलाफ वर्ष 2013 में शौचालय की धनराशि में गोलमाल किया गया था। इसके बाद जनपद के थाना न्यूरिया में कई गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। लगातार संजय प्रकाश सक्सेना के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में शिकायत की गई लेकिन फिर भी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा उसको मूल पद पर नहीं भेजा गया है। जल्द ही जनपद से एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिलकर इस मामले में शिकायत करके कार्रवाई की मांग करेगा जिससे आने वाले समय में जनपद में और भ्रष्टाचार न फैल सके।

## बंदी के इलाज पर कोर्ट सख्त, जेल अधीक्षक व चिकित्सक तलब

सुलतानपुर। विवाहिता हत्या के मामले में जिला कारागार में बंद आरोपी दयाराम के इलाज को लेकर उठे सवालों पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। आरोपी के अधिवक्ता ने जिला जज की अदालत में अर्जी दाखिल कर आरोप लगाया कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे दयाराम का सही ढंग से उपचार नहीं हो रहा है। अर्जी पर सुनवाई करते हुए प्रभारी जिला न्यायाधीश संतोष कुमार ने संज्ञान लिया और जेल अधीक्षक व संबंधित चिकित्सक को चार अक्टूबर दोपहर 2 बजे व्यक्तिगत रूप से अदालत में तलब कर जवाब देने का निर्देश दिया है। अदालत ने आदेश दिया है कि दोनों अधिकारी इलाज से संबंधित सभी प्रपत्रों के साथ पेश हों। मामला चांदा थाना क्षेत्र के सुलतान शहीद-वैतीखुर्द गांव का है। यहां तीन सितंबर 2024 को दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की हत्या का आरोप दयाराम, उनके पुत्र राजेंद्र व अन्य पर लगा था। आरोपी ससुर दयाराम इस समय जिला कारागार में निरुद्ध है। वहीं जेल प्रशासन की ओर से भेजी गई आख्या में बताया गया है कि आरोपी दयाराम को जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है। बावजूद इसके उसके स्वास्थ्य को लेकर स्पष्ट स्थिति न होने पर अदालत ने अधिकारियों को तलब किया है।

## बच्चों के साथ शिक्षक भी लेंगे पंच प्रण की शपथ : बीएसए

अमेठी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि आगामी एक सितम्बर को परिषदीय विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान पंच प्रण शपथ कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिया गया है। बीएसए ने बताया कि राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष के पत्र पर हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत प्रार्थना सभा के समय बच्चों एवं शिक्षकों को पंच प्रण शपथ का निर्देश जारी किया गया है जिसमें जनपद के तेरह विकास क्षेत्रों के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा इससे बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि विकास क्षेत्र के एक सौ अठारह विद्यालयों में सोमवार को पंच प्रण की शपथ दिलाई जायेगी।




## वंडर बॉक्स प्रशिक्षण का बीएसए ने किया शुभारंभ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में बाल वाटिका के बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने दो दिवसीय वंडर बॉक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम बाल वाटिका के बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सहित कई अध्यापक और अध्यापिकाएं एवं जिला समन्वयक और डायट प्रवक्ता उपस्थित थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाल वाटिका के बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करना हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम से शिक्षकों को नए तरीके सीखने और अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने का अवसर मिलता है। इससे बच्चों को भी लाभ होता है और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है।

## ग्राहकों को नहीं मिल रहा जीएसटी का लाभ पुराने दामों पर ही बेच रहे दुकानदार सामान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। केंद्र सरकार ने जीएसटी की स्लेव में बदलाव तो कर दिया लेकिन अभी तक पूरनपुर नगर और देहात क्षेत्र में कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।दुकानदार कहते है।कि हमारे पास जमा स्टाक को हम उसी रेट में ही बेचेंगे हमारे पास जीएसटी कम का कोई आदेश नहीं आया है। कई ग्राहकों को ने बताया कि दुकानदार पुराने रेट पर ही सामान बेच रहे हैं। किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दे रहे हैं।जो पहले माल जिस रेट में मिल रहा था।बो अभी भी उसी रेट बेचा जा रहा है।

## सरकारी स्कूल की छात्रा इकरा बनी नायब तहसीलदार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर की कक्षा 3 की होनहार छात्रा इकरा को एक दिन के लिए नायब तहसीलदार पूरनपुर का दायित्व सौंपा गया। यह केवल औपचारिकता नहीं थी,बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम था।जिसने पूरे जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश को यह संदेश दिया कि ञ्बेटियां केवल घर-परिवार तक सीमित नहीं,बल्कि प्रशासनिक जिम्मेदारियां भी संभाल सकती हैं।जैसे ही उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने इकरा को नायब तहसीलदार की कुर्सी पर बैठाया और औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपा इकरा के चेहरे पर झलकता आत्मविश्वास इस बात की गवाही दे रहा था। कि यह दिन उसके जीवन का सबसे अहम पड़ाव बनने जा रहा है। नायब तहसीलदार की भूमिका में आते ही इकरा ने जनसुनवाई शुरू की। कई ग्रामीण अपनी समस्याएं को लेकर पहुंचे और उन्होंने पूरी गंभीरता से हर एक शिकायत को सुना और शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक उत्तर देते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। यह देखकर मौजूद अधिकारी भी दंग रह गए कि इतनी कम उम्र में भी इकरा में निर्णय लेने और नेतृत्व करने की क्षमता कितनी मजबूत है।इस मौके पर उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह,तहसीलदार आशीष गुप्ता,विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुगंध अग्रवाल,नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा है।

## मां ज्वाला की दिव्य ज्योति का विंदेश्वरीगंज में भव्य स्वागत

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हिमाचल प्रदेश स्थित मां ज्वाला मंदिर से आई दिव्य ज्योति का विंदेश्वरीगंज कस्बे में आगमन हुआ, जहां श्रद्धा और भक्ति के माहौल में इसका भव्य स्वागत किया गया। व्यापार मंडल विंदेश्वरीगंज के तत्वाधान में अध्यक्ष रमाकांत अग्रहरि व उनके सहयोगियों ने ज्योति की अगवानी कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन व आरती उतारी।

## गांधी जयंती पर जनपद में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम : डीएम

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जनपद में दो अक्टूबर गांधी जयंती समारोह को पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रातः नौ बजे सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तदोपरांत महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यार्पण, रामधुन और उनके प्रिय भजनों की प्रस्तुति होगी। विद्यालयों में व्याख्यान, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं गांधी जी के व्यक्तित्व-कृतित्व पर चर्चा आयोजित होगी। नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों द्वारा मलिन बस्तियों की सफाई तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान और गोष्ठियां आयोजित होंगी। प्रातः दस बजे से दोपहर दो बजे तक जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा एवं फल वितरण किया जायेगा। सांय छह बजे नगर पालिका परिषद जायस, गौरीगंज एवं नगर पंचायत अमेठी व मुसाफिरखाना में गांधी जी के विचारों और जीवन मूल्यों पर गोष्ठी होगी।

# श्रीमद भागवत कथा का आमंत्रण पत्र डोर टू डोर बांट रहे ब्लाक प्रमुख तिलोई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



### पूरे दान सिंह वैस मेंढ़ौना में ग्यारह अक्टूबर से दोपहर दो से पांच बजे तक तक होगी कथा

### ब्लाक प्रमुख तिलोई ने खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को भी प्रदान किया आमंत्रण पत्र

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव पूरे दान सिंह वैस मजरे मेंढ़ौना में आगामी ग्यारह अक्टूबर से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के श्रीमुख से होने वाली श्रीमद भागवत कथा का आमंत्रण पत्र और अक्षत ब्लाक प्रमुख तिलोई द्वारा घर घर पहुंचाया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा में प्रदेश सरकार के कई मंत्री विधायकों के साथ ही हजारों की संख्या में भक्तगणों द्वारा कथा का रसपान किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक प्रमुख ने प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के आवास पर पहुंचकर आमंत्रण पत्र प्रदान किया।कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि आगामी ग्यारह अक्टूबर से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के श्रीमुख से प्रारम्भ होने वाली श्रीमद भागवत कथा सत्रह अक्टूबर तक नियमित दोपहर दो बजे से पांच बजे तक होगी और ग्यारह अक्टूबर को कार्यक्रम स्थल से श्रीराम जानकी मंदिर जमुरवां तक भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं और कन्याएं शामिल होगी। उन्होंने बताया कि तिलोई तहसील क्षेत्र की एक सौ इक्यावन ग्राम पंचायतों में श्रीमद भागवत कथा का आमंत्रण पत्र अक्षत के साथ घर घर पहुंचाया जा रहा है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने बताया कि पण्डाल में लगभग तीस हजार भक्तों के एक साथ बैठने की व्यवस्था की गई है जिसमें महिलाओं के लिये अलग पंक्ति में बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति द्वारा अपने कार्यो को निभाते हुये घर घर आमंत्रण पत्र पहुंचाया जा रहा है। गांव पूरे दान सिंह वैस शंकरगंज में होने वाली श्रीमद भागवत कथा को लेकर क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर होर्डिग लगाई गई है और जगह जगह तोरणद्वार बनाये जा रहे हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के आवास पर पहुंचकर आमंत्रण पत्र प्रदान किया। इसके अलावा गांव बहादुरगंज, मेढ़ौना सहित अन्य कई गांवों में आमंत्रण पत्र घर घर जाकर वितरित किया गया। इस मौके पर भाजपा के मण्डल महामंत्री दिग्विजय सिंह, सिद्धार्थ सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# सेवार्थम फाउंडेशन लगाएगा रोजगार मेला : आशीश तिवारी

## युवाओं को मिलेगा सुनहरा अवसर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय सेवार्थम फाउंडेशन अब बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल करने जा रहा है। संस्था आगामी 8 और 9 नवंबर को लंभुआ विकास खंड के गोथुआ जागीपुर गांव में दो दिवसीय रोजगार मेला आयोजित करेगी। इसमें मल्टीनेशनल कंपनियों समेत दर्जनों प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करेंगी।

शहर के एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान फाउंडेशन के संस्थापक आशीष त्रिपाठी ने बताया कि संस्था जरूरतमंदों की मदद के साथ-साथ अब युवाओं के भविष्य को संवारने की दिशा में भी कार्य कर रही है। रोजगार मेले में रियल एस्टेट, मार्केटिंग सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होंगी। चयनित युवाओं को रहने और भोजन की व्यवस्था में भी संस्था मदद करेगी। उन्होंने कहा कि रोजगार का यह अवसर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा। प्रेसवार्ता में संस्था के जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## धरियामऊ हादसे में पीड़ित परिवारों को दी आर्थिक मदद और आवास का आश्वासन



सुलतानपुर। सेवार्थम फाउंडेशन ने धरियामऊ हादसे में दिवंगत युवकों के परिजनों से मिलकर आर्थिक सहयोग किया और उनके लिए पक्का आवास निर्माण कराने का आश्वासन दिया। सोमवार को फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष तिवारी अर्जुनपुर गांव पहुँचे। यहां उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और सहायता राशि प्रदान की। इस अवसर पर दिवंगत हिमांशु की माता शकुंतला देवी को ?50,000 की आर्थिक मदद दी गई, साथ ही उनकी बहन हिमांशी को परिवार के लिए दो कमरों का पक्का मकान बनवाने का भरोसा दिया गया।इसी तरह दिवंगत विक्रम-आनन्द के पिता गिरजा प्रसाद व माता निर्मला देवी को भी ?50,000-?50,000 की मदद दी गई और आवास का आश्वासन दिया गया। हादसे में घायल सूर्यभान पट्टी निवासी सूरज चौहान को इलाज हेतु ?10,000 की सहायता दी गई। इसके अलावा मलाकतुलापुर निवासी संतोष पांडे, जो सूरत में हादसे के बाद कोमा में हैं, उनके परिवार को भरण-पोषण हेतु ?1,00,000 की सहायता राशि दी गई।डॉ. आशीष तिवारी ने कहा कि ञ्सेवार्थम फाउंडेशन सदैव दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा रहेगा और हर संभव सहायता आगे भी प्रदान करता रहेगा।ञ्इस मौके पर विवेक तिवारी, आचार्य चन्द्रकेश मिश्रा, रत्नेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी राममनी त्रिपाठी, राम अनुज धूरिया, जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा, लवलेश दुबे, जिला मीडिया प्रमुख अमित बरनवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल दुबे, मंडल अध्यक्ष बजरंगी यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्रा, नवाब वर्मा, धर्मेंद्र पांडे,

## सतपाल सिंह व्यापार मंडल की युवा टीम के जिला मंत्री मनोनीत

पूरनपुर। यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यों को और अधिक गति देने तथा युवा व्यापारियों को संगठन से जोड़ने के लिए एक नई जोश से नई उमंग से युवा टीम का विस्तार किया गया जिसमें प्रीत ऐसी हाउस कोतवाली रोड के स्वामी सतपाल सिंह को जिला मंत्री के नवीन दायित्वों के साथ पद सौंपा जिसकी औपचारिक घोषणा प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी के प्रतिष्ठान पर युवा जिला अध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री ने की जिसमें जिला एवं नगर स्तर के विभिन्न पदाधिकारियों ने भाग लिया प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने कहा कि युवा शक्ति को संगठन से जोड़कर ही व्यापार मंडल को नई ऊर्जा मिलेगी युवा जिला उपाध्यक्ष अनुज खंडेलवाल ने नवनियुक्त सदस्यों को उनके उत्तरदायित्वों के प्रति सजग रहने की सलाह दी जिला युवा अध्यक्ष हर्षित अग्निहोत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं,उद्योगों, रोजगार और युवाओं की भागीदारी को लेकर महत्वपूर्ण विचार रखे उन्होंने व्यापार जगत और युवा शक्ति के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं की ऊर्जा और व्यापारियों का अनुभव मिले, तो जिले की अर्थव्यवस्था नई ऊँचाइयों को छू सकती है ।

## सम्पादकीय

# आंकड़ों के पीछे के असली तथ्य

ज्यादातर देशों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े नियमित अंतराल पर जारी होते रहते हैं। मगर भारत में एक खास बात यह है कि उनके जारी होते ही बहस छिड़ जाती है। जीडीपी की नई श्रृंखला जारी होने के एक दशक बाद इसकी विश्वसनीयता को लेकर अब भी सवाल उठाए जा रहे हैं। इसकी वजह से विश्लेषक और नीति निर्धारक दोनों देश की अर्थव्यवस्था की वास्तविक तस्वीर पर सीधे तौर पर कुछ कहने से हिचकिचाने लगते हैं। जीडीपी के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 फीसदी की मजबूत दर से आगे बढ़ी है। यह वृद्धि दर अन्य दूसरे आंकड़ों पर आधारित अर्थशास्त्रियों द्वारा व्यक्त अनुमानों की तुलना में कहीं अधिक रही है। जीडीपी के आंकड़ों को शक की नजरों से देखा जा रहा है और बहस भी छिड़ गई है जिसे लेकर कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जीडीपी सीरीज के साथ कई मुद्दे जुड़े हैं। पहली समस्या नॉमिनल जीडीपी से जुड़ी जुड़ी है।संगठित विनिर्माण और सेवाओं के लिए, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के साथ कंपनियों द्वारा की गई वित्तीय फाइलिंग पर बहुत अधिक निर्भर करता है। वह नियमित रूप से फाइल करने वाली कंपनियों से डेटा एकत्र करता है। इनके अलावा, इन्हीं आंकड़ों के आधार पर उन कंपनियों की वित्तीय जानकारियों का आकलन किया जाता है जिन्होंने एमसीए को अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी हैं। हालांकि, वित्तीय जानकारियां नहीं देने वाली कई कंपनियां नुकसान में चल रही हैं या उनका परिचालन ठप हो गया है या फिर वे मुखौटा कंपनियों के रूप में काम कर रही हैं। ये मुनाफा छुपाने या नियमों के परोक्ष रूप से उल्लंघन करने के लिए इस्तेमाल में लाई जाती हैं। ऐसे मामलों में वित्तीय जानकारियां देने वाली कंपनियों के आंकड़े बढ़ाकर रिपोर्ट नहीं सौंपने वाली कंपनियों के आंकड़ों का आकलन करने से जीडीपी के आंकड़ों में त्रुटियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। इन एमसीए कंपनियों का 2016-17 में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने सर्वेक्षण किया था। इस सर्वेक्षण में पाया गया था कि नमूने में शामिल 35,000 कंपनियों में लगभग एक चौथाई ने आंकड़े साझा नहीं किए या फिर वे बंद हो गई थीं या उनका कोई अता-पता नहीं था। एनएसएसओ की 2019 में जारी रिपोर्ट में वित्तीय जानकारियां नहीं देने वाली कंपनियों के समूह में बड़े अंतर दिखाई दिए। फिर भी ये कंपनियां जीडीपी का अनुमान लगाने की प्रक्रिया में शामिल की जा रही हैं। इससे संकेत मिलता है कि भारत का नॉमिनल जीडीपी आकलन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहा है, जो इस बात पर निर्भर करते हुए और भी बदतर हो सकती हैं कि किसी तिमाही में किन फर्मों का नमूना लिया गया है। असंगठित क्षेत्रों का आकलन करना एक और कमजोर कड़ी है। नवीन आंकड़ों के अभाव में एनएसओ इस क्षेत्र की वृद्धि का आकलन 2011-12 के सर्वेक्षण के आधार पर यह मानते हुए करता है कि यह (सर्वेक्षण) निजी कंपनी क्षेत्र की वृद्धि पर नजर रखता है। एक सीमा तक यह धारणा ठीक लगती है मगर 2016 के बाद असंगठित और संगठित क्षेत्रों के बीच आपसी संबंध टूट गया। 2016 के बाद नोटबंदी, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और कोविड महामारी ने गैर-संगठित क्षेत्र की फर्मों पर कहीं अधिक तगड़ी चोट की। इससे जीडीपी वृद्धि का अधिक आकलन करने के आसार और बढ़ गए। अंत में, जीडीपी डिफ्लेटर के साथ भी कुछ गंभीर मुद्दे हैं। जीडीपी डिफ्लेटर मुद्रास्फीति का एक माप है। यह बताता है कि किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की कुल कीमत एक तय समय में कितनी बदलती है।

# दशहरा: सत्य की जीत का सन्देश

दशहरा (02 अक्टूबर) पर विशेष

**भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है।**

भारत विविधताओं से भरा देश है जहाँ अनेक धर्मों और संस्कृतियों के लोग साथ रहते हैं। यहां साल भर अनेक त्योहार मनाए जाते हैं जो न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक भी होते हैं। इन्हीं प्रमुख त्योहारों में से एक है दशहरा जिसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है और इसका भारतीय संस्कृति में एक विशेष स्थान है। दशहरा का पर्व भगवान राम की रावण पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसे विजयादशमी कहा जाता है, जिसका अर्थ है ऌविजय प्राप्त करने वाला दसवाँ दिनङ्क। रामायण के अनुसार भगवान राम ने रावण का वध कर अपनी पत्नी सीता को उसके बंदीगृह से मुक्त कराया था। यह पर्व यह संदेश देता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में जीत सत्य और धर्म की ही होती है। यह त्योहार लोगों को नैतिक मूल्यों, सत्य, और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का संहार किया था तो देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का 10 दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया था। इसीलिये इसको विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है।

भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है।

बंगाल, ओडिशा और असम में यह पर्व दुर्गा पूजा के रूप में ही मनाया जाता है। यह बंगालियों, ओडिया, और असमिया लोगों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। बंगाल में दशहरा पूरे पांच दिनों के लिए मनाया जाता है। ओडिशा और असम मे चार दिन तक त्योहार चलता है। यहां देवी दुर्गा को भव्य सुशोभित पंडालों में विराजमान करते हैं। देश के नामी कलाकारों को बुलवा कर दुर्गा की मूर्ति तैयार करवाई जाती हैं। यहां दशमी के दिन विशेष पूजा का आयोजन किया जाता है और प्रसाद वितरण किया जाता है। पुरुष आपस में आलिंगन करते हैं जिसे कोलाकुली कहते हैं। स्त्रियां देवी के माथे पर सिंदूर चढ़ाती हैं व देवी को अश्रुपूरित विदाई देती हैं। इसके साथ ही वे आपस में भी सिंदूर लगाती हैं व सिंदूर से खेलती हैं। इस दिन यहां नीलकंठ पक्षी को देखना बहुत ही शुभ माना जाता है। अन्त में देवी प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया जाता है।

महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र के लोग इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश एवं नये घर खरीदने का शुभ मुहूर्त समझते हैं। महाराष्ट्र में इस अवसर पर सिलंगण के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में भी इसको मनाया जाता है।

कर्नाटक में मैसूर का दशहरा भी पूरे भारत में प्रसिद्ध है। मैसूर में दशहरे के समय पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सज्जित किया जाता है और हाथियों का शृंगार कर पूरे शहर में एक भव्य जुलूस निकाला जाता है। इस समय प्रसिद्ध मैसूर महल को दीपमालिकाओं से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। इसके साथ शहर में लोग टार्च लाइट के संग नृत्य और संगीत की शोभायात्रा का आनंद लेते हैं। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की ही भांति यहां भी दस दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इस पर्व की तैयारी आरंभ हो जाती है। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर वस्त्रों से सज्जित होकर ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्रो को लेकर बाहर निकलते हैं। पहाड़ी लोग अपने ग्रामीण देवता का धूम धाम से जुलूस निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर नगर के मुख्य भागों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और कुल्लू नगर में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा निराली होती है। बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय ना मानकर लोग इसे मां दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक पर्व मानते हैं। दंतेश्वरी माता बस्तर अंचल के निवासियों की आराध्य देवी हैंजो दुर्गा का ही रूप हैं। यहां यह पर्व पूरे 75 दिन चलता है। यहाँ दशहरा श्रावण मास की अमावस से आश्विन मास की शुक्ल त्रयोदशी तक चलता है। बस्तर में यह समारोह लगभग 15वीं शताब्दी से शुरु हुआ था। इसका समापन अश्विन शुक्ल त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है। गुजरात में मिट्टी सुशोभित रंगीन घड़ा देवी का प्रतीक माना जाता है और इसको कुंवारी लड़कियां सिर पर रखकर एक लोकप्रिय नृत्य करती हैं जिसे गरबा कहा जाता है। गरबा नृत्य इस पर्व की शान है। पुरुष एवं स्त्रियां दो छोटे रंगीन डंडों को संगीत की लय पर आपस में बजाते हुए घूम-घूम कर नृत्य करते हैं। तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में दशहरा नौ दिनों तक चलता है जिसमें तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा की पूजा करते हैं। पहले तीन दिन धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का पूजन होता है। अगले तीन दिन कला और विद्या की देवी सरस्वती की अर्चना की जाती है और अंतिम दिन देवी शक्ति की देवी दुर्गा की स्तुति की जाती है। पूजन स्थल को अच्छी तरह फूलों और दीपकों से सजाया जाता है। लोग एक दूसरे को मिठाइयां व कपड़े देते हैं। कश्मीर के अल्पसंख्यक हिन्दू नवरात्रि के पर्व को श्रद्धा से मनाते हैं। परिवार के सारे वयस्क सदस्य नौ दिनों तक उपवास करते हैं। अत्यंत पुरानी परम्परा के अनुसार नौ दिनों तक लोग माता खीर भवानी के दर्शन करने के लिए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय विजय नामक मुहूर्त होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है। इसलिए भी इसे विजयादशमी कहते हैं।



**रमेश सर्राफ धमोरा**

# महात्मा गांधी की जीवन दृष्टि

**गिरीश्वर मिश्र**

गांधीजी का जन्म उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में हुआ था, आधी बीसवीं सदी तक के दौरान वे भारतीय समाज और राजनीति की धुरी बन गए और अब इक्कीसवीं सदी में हम सब उनके मिथक से रूबरू हो रहे हैं। विश्वव्यापी अंग्रेजी साम्राज्य से अहिंसक लड़ाई के साथ उनका स्वाधीन भारत का स्वप्न सत्य हुआ। देश में रचनात्मक बदलाव के लिए वे सबको साथ ले कर चलते रहे। उनकी स्वीकार्यता का दायरा आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक यानी जीवन के सभी क्षेत्रों में निरंतर बढ़ता गया। संयम और आत्म-बल के साथ कर्मवीर गांधी ने जो ठाना उसे पूरा करने के लिए सर्वस्व लगा दिया। समाज के स्तर पर मानव कर्तृत्व की विरल गाथा बना उनका निजी जीवन पीड़ा, संघर्ष और अनिश्चय से भरा था। देश के लिए समर्पण की मिसाल बने गांधीजी अंतिम जन की मानवीय गरिमा की रक्षा के लिए की मोर्चों पर डटे रहे। वे देश के विभाजन और आजादी के साथ शुरू हुई हिंसा से क्षुब्ध और दुखी थे। बंगाल में नोआखाली से लौट दिल्ली में दंगापीड़ितों की सेवा सुश्रूशा में जुट गए। विभाजन की विभीषिका बड़ी दारुण थी और विचलित तथा हताश गांधीजी ने स्वतंत्र भारत में अपने पहले जन्मदिन यानी 2 अक्टूबर 1947 को दुखी हो कर कहा था कि वे अब जीना नहीं चाहते और विधि का विधान यह हुआ कि वह सचमुच उनका आखिरी जन्मदिन सिद्ध हुआ। पांच बार की असफल कोशिशों के बाद 30 जनवरी 1948 को दिल्ली के बिड़ला हाउस में उनकी हत्या हो गई। गौरतलब है कि गांधीजी स्वतंत्र भारत में करीब पांच महीने जीवित रहे थे और इस बीच यह बूढ़ा सेनानी स्वप्न-भंग से गुज़र रहा था। अब कोई उनकी सुन नहीं रहा था। ये दिन उनके लिए बड़े तकलीफ़देह थे। गांधीजी ने अपने जीवन की कथा को पारदर्शी बनाए रखा। 'सत्य' और 'नैतिकता' से जूझती इस कथा को उन्होंने 'एक खुली किताब' कहा। उनका साहस ही था कि वह कह सके कि 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है।' प्रिय-अपरिय, अच्छे-बुरे हर पहलू को वह सबसे साझा किए। वे सही अर्थों में सत्य के पुजारी थे और जो भी है वह सत्य है इसलिए उसे झूठ के सहारे छिपाना अपराध ही होता। सत्य पर उनका भरोसा बढ़ता गया और वे कथनी और करनी में एका लाने में लागातार जुटे रहे। तभी वह पहनावा, खानपान और मेलमिलाप आदि सब में सरल भारतीय जीवन शैली को अपना सके। वे प्रामाणिकता की कसौटी पर खरे उतरते रहे। विचार को कर्म में तब्दील करने पर जोर देने वाले गांधीजी परिवर्तन चाहने वाले को खुद अपने में बदलाव लाने के लिए कहते हैं। यह खुद उनकी अपनी जिन्दगी की सीख थी। बहुत हद तक प्रयासपूर्वक संयमित जीवन जीते हुए वह जगत की नियमबद्धता में प्रकट हो रहे परमात्मा में आस्था और विश्वास रखते थे। चूँकि नज़रिए स्वाभाविक रूप से भिन्न होते हैं विविधता सहज संभाव्य होती है। गैर-जानकारी में लोग अपने से अलग दूसरी दृष्टियों को ग़लत या हीन ठहराने लगते हैं। गांधीजी अपनी प्रार्थना सभा में सभी प्रमुख धर्मों की प्रार्थनाओं को शामिल करते थे। वे मानते थे सभी एक ही तत्व से बने हैं इसलिए कोई अछूत नहीं और किसी का भी स्वामित्व नहीं। सभी ट्रस्टी हैं इसलिए (अपना हक़ न जमाते हुए) त्यागपूर्वक भोग करना चाहिए। गांधीजी धैर्य और दृढ़ता के साथ सत्य (ईश्वर), अहिंसा (प्रेम) और अपरिग्रह (जरूरत भर संग्रह) जैसे विचारों को अमली जामा पहनाते रहे और दैनन्दिन जीवन में शामिल करते रहे। इस दृष्टि से उनकी उर्वर मानसिकता और सृजनशीलता असंदिग्ध है। भारत और विदेश में हो रहे अनुभवों को समेटते और पचाते हुए गांधीजी खुले मन से मानवीय चेतना के आत्म-बोध को रचते रहे। वे कई अर्थों में समकालीनों से अलग हट कर गांधीजी ने अपना रास्ता बनाया और उस पर चलने की तैयारी की थी और जोखिम उठाकर भी उस पर चलते रहे। गांधीजी देश के लम्बे स्वतंत्रता-संग्राम में दो दशकों तक केंद्र-बिन्दु रहे। इसके पहले दाक्षिण अफ़्रीका में के दो दशक की अवधि में सामाजिकऽराजनैतिक कार्यकलाप में बीती थी जिनमें नस्लवाद और साम्राज्यवाद का तीव्र विरोध शामिल था। वे भारतीय समुदाय के साथ काम करते हुए संघर्ष की शक्ति को जाना पहचाना। आत्मविश्वास से भरे गांधीजी ने अखबार निकालने के साथ सामाजिक चेतना के लिए प्रयास किए। उनका निजी अध्यवसाय भी चलता रहा और मानव स्वभाव की गहनता को समझते रहे।

## सेहत मंत्र

# शाकाहारी भोजन को दें खानपान में खास जगह, मिलेंगे कई सारे लाभ

सदियों से, भारतीय खान-पान की परंपरा में अलग-अलग मौसम के आधार पर सब्जियों के उपयोग का एक बेमिसाल पैटर्न विकसित हुआ है, जो विभिन्न खाद्यान्नों को उगाने, रोपण करने, कटाई करने, खाना बनाने और उनके संरक्षण पर आधारित है। आयुर्वेद इन सभी प्रक्रियाओं का मूल स्रोत है। जिसमें विभिन्न खाद्यान्नों के उपयोग को बड़ी अच्छी तरह से परिभाषित किया गया है। आयुर्वेद में मौसम के अनुसार खान-पान के दिशानिर्देश दिए गए हैं जिसे ऋतुचर्या कहा जाता है, जिसमें ऋतु का मतलब मौसम और चर्या का मतलब दिशानिर्देश होता है। ये अलग-अलग मौसमों और स्थानीय उपज को ध्यान में रखते हुए साल भर आहार एवं जीवनशैली में बदलाव के दिशानिर्देश के रूप में काम करते हैं। मौसमी सब्जियां दरअसल शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व प्रदान करने का कुदरती जरिया हैं और पारंपरिक आहार में हर मौसम में स्थानीय रूप से उपलब्ध सभी चीजों को शामिल किया जाता है। जानी-मानी फूड राइटर तथा हेल्थ एवं वेल-बीइंग कन्सल्टेंट और गोदरेज फूड ट्रेंड्स रिपोर्ट 2022 में लेखिका के तौर पर योगदान देने वाली, अनुश्रुति कहती हैं, ''वास्तव में सब्जियों को पचाना थोड़ा कठिन होता है, और इसी वजह से आयुर्वेद में इस बात पर काफी बल दिया गया है कि सब्जियों का सेवन कब और कैसे किया जाना चाहिए। सब्जियों को सही मात्रा में वसा और मसालों के साथ पकाना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, ताकि हमें उनका सही लाभ मिल सके और शरीर में अच्छी तरह अवशोषण हो सके। गोदरेज फूड ट्रेंड्स रिपोर्ट 2022 के अनुसार, प्रतिरोधक क्षमता और सेहत के प्रति सजग रहने के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ-साथ मौसमी सब्जियों व खाद्य-पदार्थों के साथ लोगों के आंतरिक जुड़ाव की प्रवृत्ति स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रही है। वे आगे कहती हैं, ''आयुर्वेद पर आधारित जीवन-शैली में ऋतुचर्या को बहुत अहमियत दी जाती है, जिसमें मौसम में परिवर्तन के साथ आहार में बदलाव और खास समय पर खास सब्जियों के सेवन की सलाह दी जाती है।

## धर्म मंत्र

# भारतवर्ष में सर्वाधिक पूजे जाने वाले आराध्य देव हैं हनुमानजी

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। उनको हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के 11वें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। भारतीय संस्कृति में मानव जीवन के लक्ष्य भौतिक सुख तथा आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति के लिए अनेक देवी देवताओं की पूजा का विधान है जिनमें पंचदेव प्रमुख हैं। पंच देवों का तेज पुंज श्री हनुमानजी हैं। माता अन्जनी के गर्भ से प्रकट हनुमानजी में पांच देवताओं का तेज समाहित हैं। अजर, अमर, गुणनिधि, सुत होहु- यह वरदान माता जानकीजी ने हनुमानजी को अशोक वाटिका में दिया था। स्वयं भगवा- श्रीराम ने कहा था कि- 'सुन कपि तोहि समान उपकारी, नहि कोउ सुर, नर, मुनि, तुनधारी।' बल और बुद्धि के प्रतीक हनुमानजी राम और जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। उनको मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात वायु से उत्पन्न होने वाला। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरों में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान।

पर्यटन



# गोवा अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए देश-विदेशी पर्यटकों करता है आकर्षित

गोवा भले भारत का सबसे छोटा राज्य हो लेकिन अपनी प्राकृतिक खूबसूरती की बदौलत यह देशी विदेशी पर्यटकों की सर्वाधिक तादाद को आकर्षित करने वाला प्रदेश भी है। युवा सैलानियों के लिए तो गोवा में वह सब कुछ है जिसकी वह कल्पना कर सकते हैं तो दूसरी ओर शांत वातावरण में समय गुजरने के इच्छुक लोगों के लिए भी गोवा में काफी कुछ है। पूरी दुनिया में गोवा अपने सुन्दर समुद्र के किनारों और प्रसिद्ध स्थापत्य के लिये जाना जाता है। गोवा पहले पुर्तगाल का उपनिवेश था। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया और 19 दिसंबर 1961 को यह भारतीय प्रशासन को सौंपा गया। देखा तो गोवा में छोटे-बड़े लगभग 40 समुद्री तट है। इनमें से कुछ समुद्र तट अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हैं। गोवा में पर्यटकों की भीड़ सबसे अधिक गर्मियों में होती है। उसके बाद यहां ऐसे सैलानी आते हैं जो मानसून का लुत्फ उठाना चाहते हैं। इसके अलावा अक्टूबर माह से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों के आने का जो सिलसिला शुरू होता है वह नव वर्ष तक जारी रहता है। गोवा के मनभावन बीचेस की बात करें तो पणजी से 16 किलोमीटर दूर कलंगुट बीच, उसके पास बागा बीच, पणजी बीच के निकट मीरामार बीच और जुआरी नदी के मुहाने पर दोनापाउला बीच स्थित है। वहीं इसकी दूसरी दिशा में कोलवा बीच ऐसे ही सागरतटों में से है जहां मानसून के वक्त पर्यटक जरूर आना चाहेंगे। यही नहीं, अगर मौसम साथ दे तो बागाटोर बीच, अंजुना बीच, सिंकेरियन बीच, पालोलेम बीच जैसे अन्य सुंदर सागर तट भी देखे जा सकते हैं। गोवा के प्रसिद्ध मंदिरों की बात करें तो इनमें श्री कामाक्षी, सप्तकेटेश्वर, श्री शांतादुर्ग, महालसा नारायणी, परनेम का भगवती मंदिर और महालक्ष्मी आदि दर्शनीय है। गोवा में किराए पर बाइक, स्कूटी और कार आसानी से मिल जाती हैं। दिन भर घूमने के लिए सबसे सस्ते परिवहन के विकल्प यही हैं।

# रामनगर बाराबंकी : प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन अलर्ट, अधिकारियों ने घाट पर संभाली कमान

## सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद, नाविक व गोताखोर तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर, बाराबंकी। शारदीय नवरात्रि में आयोजित दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन हर्षोल्लास के साथ संपन्न होने के बाद अब प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय दिखाई दे रहा है। परंपरागत धार्मिक आस्था और जनसमूह की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तहसील एवं पुलिस प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। शनिवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल एवं पुलिस उपाधीक्षक सुश्री गरिमा पंत स्वयं रामनगर क्षेत्र के घाघरा घाट पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने घाट पर मौजूद व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

इस दौरान प्रशासन की ओर से प्रतिमाओं के भू-विसर्जन के लिए गड्ढे खुदवाए गए हैं, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो सके। साथ ही, नदी में संभावित भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए नाविकों और गोताखोरों की तैनाती भी की गई है, जिससे किसी भी आकस्मिक घटना पर तुरंत नियंत्रण पाया जा सके।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल ने बताया कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनहोनी की संभावना को रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने आयोजक मंडलों से संवाद स्थापित कर उन्हें शासकीय नियमों एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय तहसीलदार विपुल सिंह सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रशासन एवं आयोजक मंडलों के सहयोग से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का कार्यक्रम शांति, सुव्यवस्था और श्रद्धा के साथ संपन्न होगा।

# दुर्गा जागरण में उमड़ा आस्था का सैलाब, जन प्रतिनिधियों ने टेका माथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। मां दुर्गा मंदिर समिति सुरवारी के द्वारा मंगलवार की रात्रि में भव्य एवं दिव्य जागरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत व उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग सदस्य वासुदेव मौर्य,पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी,विश्व हिन्दू परिषद विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य,आरएलबी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन/जिला संस्कार प्रमुख रामकिशोर शुक्ला ने मां जगत जननी शक्ति स्वरूपा महामाई की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।एससी एसटी आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि हम सभी हिंदू सनातनी परंपरा के संवाहक हैं। हमारे धार्मिक अनुष्ठान वर्तमान व भावी पीढ़ी को नशा मुक्त,संस्कारित व बंधुत्व पूर्ण जीवन जीने की सीख देते हैं। उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य ने कहा कि धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता के केंद्र बिंदु है जिससे समाज में सामाजिक समरसता बढ़ती है। आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र एवं माला बनाकर सम्मान किया। महामाई के जागरण में हजारों भक्तों ने अरदास लगाई। श्री राम जागरण ग्रुप लखनऊ के कलाकारों के द्वारा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। गणेश वंदना,मयूर नृत्य, फूलों की होली,कृष्ण सुदामा का मिलन,भगवान शिव व भारत माता की जीवंत झांकियां दिखाकर कलाकारों ने भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन भाप जिला मंत्री राहुल कुमार ने किया। जागरण में साध्वी अर्चना गिरी भाजपा नेता गौरी कान्त दीक्षित,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री अमित मौर्य, मनीष कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

# वन दरोगा पर नवरात्रि में मुर्गा बनाने का आरोप डीएफओ से शिकायत जांच शुरू



### क्या होता है जब लकड़ी लदी गाड़ी पकड़ी जाती है

लकड़ी और गाड़ी की जब्ती के मामले में पकड़ी गई लकड़ी और परिवहन के लिए इस्तेमाल किए गए वाहन (जैसे ट्रैक्टर, ट्रक, पिकअप) को वन विभाग जब्त कर लेता है। पकड़ी गई लकड़ी की मात्रा, पेड़ की प्रजाति और मालिक के इतिहास के आधार पर जुर्माना लगाया जाता है। वन अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाती है। किंतु वन क्षेत्र रामसनेही घाट के दक्षिणी बीट के वनदरोगा द्वारा लकड़ी सहित पकड़ना रेंज आफिस ले जाना फिर गाड़ी को सीज न करना एवं जुर्माने की रकम वसूलने के बाद भी तत्काल पावती रसीद न देना वही लकड़ी सहित पिकप को पकड़ कर बिना पावती चालान रसीद के छोड़ना वन दरोगा की धन उगाही साफ जाहिर है वही कटान के आरोपी को तालिबानी सजा के तौर पर मुर्गा बनाना बहुत ही निंदनीय है।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत वन रेंज रामसनेहीघाट क्षेत्र के एक गांव में अवैध कटान की शिकायत पर पहुंची वन विभाग की टीम ने एक लकड़ी लदी पिकअप को अपने कब्जे में लिया और उसको वन रेंज रामसेनहीं घाट लेकर पहुंची। जहां पर जुर्माने के बाद पिकअप को छोड़ दिया गया।लकड़ी काट रहे लोगों ने आरोप लगाया है कि वन रेंज रामसनेहीघाट में तैनात वन दरोगा ने जुर्माने का पैसा लेने के बाद भी उसी दिन रसीद नही दी आरोप है कि कटान के आरोपियों को वन दरोगा ने तालिबानी फरमान जारी करते हुए मुर्गा बनने की सजा दे डाली।

प्राप्त जानकारी अनुसार वन रेंज रामसनेहीघाट के अंतर्गत दक्षिण बीट के एक गांव में बाग में सूखे पेड़ की कटान चल रही थी। जिसकी शिकायत किसी ने वन विभाग वन रेंज रामसनहींघाट को किया मौके पर पहुंची वन विभाग की पूरी टीम ने लकड़ी को काट रहे लोगों सहित लकड़ी लदी पूरी पिकअप को वन रेंज ऑफिस लेकर पर पहुंचे जहां पर उन्होंने दो पेड़ों का जुर्माना के बाद छोड़ दिया। इस संबंध में जब आरोपी वन दरोगा से बात करने कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया,वही डीएफओ आकाश दीप ने बताया कि मामले की जानकारी है जांच व बयान के लिए जांच अधिकारी नियुक्त किया है आरोप लगाने वाले का बयान व जांच के बाद उचित कार्यवाही की बात कही है।

# यूपीएससी 2025 में ऑल इंडिया 16 वीं रैंक लाकर बाराबंकी का नाम किया रोशन

## संघर्ष, मेहनत और लगन से हासिल किया मुकाम, बेटियों के लिए दर्शिता बनी प्रेरणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



त्रिवेदीगंज, बाराबंकी । होनहार वीरवान के होत चिकने पात की उक्ति अब जनपद बाराबंकी की बेटी दर्शिता बाजपेयी की सफलता की कहानी बयां करती है। यूपीएससी द्वारा घोषित भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में दर्शिता ने ऑल इंडिया 16वीं रैंक हासिल कर जिले, तहसील और गांव का नाम रोशन किया है। वर्तमान मे लखनऊ के मोती नगर में रह रही तहसील हैदरगढ़ की गौरवा उसमानपुर ग्राम पंचायत के तिलोकपुर गांव की मूल निवासी दर्शिता बाजपेयी साधारण परिवार से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता की मिसाल बनी हैं। मंगलवार को जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, घर से लेकर गांव तक जश्न का माहौल बन गया। मिठाइयाँ बँटीं, बधाइयाँ दी गईं और हर कोई गर्व से कहने लगा ल्लयह हमारी बेटी हैम्ङ्क दर्शिता ने पूरी शिक्षा लखनऊ में ही की हैम् नवयुग रेडियंस से 12 वीं व नवयुग कन्या महाविद्यालय से बी एस सी तक की पढ़ाई कीम् उसके बाद लखनऊ विश्वविद्यालय से एम.एस सी. सांख्यिकीय के साथ ही यूपीएससी की तैयारी भी करती रहीं। इस दौरान उन्होंने कई उतार-चढ़ाव देखे और दो बार साछात्कार तक पहुँचने के बाद भी चयन नहीं हुआम् लेकिन दर्शिता ने कभी हार नहीं मानी। दर्शिता की सफलता के पीछे परिवार की प्रेरणा भी अहम रही। पिता सुशील बाजपेयी व माँ हीरा बाजपेयी तथा भाई अदव्य अधिवक्ता हैंम् परिवार का माहौल हमेशा शिक्षा और अनुशासन को प्राथमिकता देने वाला रहा,जिसने दर्शिता को इस मुकाम तक पहुँचाया। कहती हैं, ल्लमुझे विश्वास था कि अगर मेहनत और लगन से पढ़ाई की जाए तो सफलता निश्चित है। बेटियाँ किसी से कम नहीं हैं, बस उन्हें अवसर और आत्मविश्वास चाहिए।ङ्कउनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में बेटियों को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में प्रोत्साहन मिलेगा। बतौर सैनिक देश की सेवा में इस तिलोकपुर के बाजपेयी परिवार के माखन बाजपेयी, बटेश्वर बाजपेयी, तथा दर्शिता के बाबा देवी प्रसाद बाजपेयी ने अपनी सेवाएं दी हैंम् तिलोकपुर में दर्शिता के परिवारी पत्रकार व कवि सुनील वाजपेयी शिवम्,भाजपा नेता श्यामू बाजपेयी आदि को घर पहुंचकर व दूरभाष पर लगातार बधाई देने वालों का तांता लगा है। गांव के लोग एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इसे अपनी सामूहिक उपलब्धि मान रहे हैं। दर्शिता अब न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे बाराबंकी जिले की नई प्रेरणा बन गई है।

## प्रतिमाओं का विसर्जन हो पर नदियाँ हमारी आस्था की क़ीमत न चुकाएँ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### आस्था के नाम पर नदियों को ज़हर क्यों पिला रहे हैं हम

रामनगर बाराबंकी । शारदीय नवरात्र के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर हर वर्ष सख्त और बेहतर तैयारियाँ की जाती हैं। लेकिन प्रशासनिक तैयारियों से भी बड़ा सवाल यह है कि क्या हम अपनी नदियों के अस्तित्व को बचाने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने और शासन की गाइडलाइन का पालन करने के प्रति सचमुच गंभीर हैं? आज के दौर में जब जगह-जगह पर्यावरण संकट की बातें हो रही हैं, तब भी बहुत से लोग मूर्तियों का सीधा विसर्जन नदियों में करते हैं। यह केवल नदी को प्रदूषित करने का काम नहीं करता बल्कि मूर्तियों पर लगे रासायनिक रंग और कैमिकल नदियों के जलचरों के जीवन के लिए भी घातक साबित होते हैं। यही नहीं, आने वाली पीढ़ियों को मिलने वाला प्राकृतिक सौंदर्य भी धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। यही कारण है कि दुर्गा पूजा आयोजक मंडलों को अब जागरूक होकर भू-विसर्जन (गड्ढों में प्रतिमा विसर्जन) की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। यह न केवल प्रशासनिक गाइडलाइन का पालन है बल्कि हमारी धार्मिक आस्था के अनुरूप भी है। धर्मशास्त्रों में कहीं यह नहीं कहा गया है कि प्रतिमा का विसर्जन केवल नदी या जलस्रोत में ही किया जाए। विसर्जन का मूल भाव है ऽ देवी शक्ति को सम्मानपूर्वक विदा करना और पंचतत्व में विलीन करना। इसलिए गड्ढों में नदी का जल प्रवाहित करके किए जाने वाले भू-विसर्जन से किसी भी तरह का धार्मिक संकट खड़ा नहीं होता। इस विषय में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल ने जानकारी दी कि पीस कमेटी की फोटो में आयोजकों को स्पष्ट रूप से समझाया गया है कि मूर्तियों का भू-विसर्जन किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा बड़े गड्ढे खुदवाए गए हैं और उनमें नदी का जल प्रवाहित कराया जाएगा, जिससे धार्मिक परंपरा का निर्वहन भी होगा और पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। दरअसल, आज जरूरत केवल प्रशासनिक प्रयासों की नहीं है, बल्कि समाज की जागरूकता की भी है। जब तक हम अपनी सोच नहीं बदलेंगे, तब तक नदियों की सेहत को बचाना संभव नहीं है। जो लोग आज भी अंधाधुंध नदी में प्रतिमाएँ विसर्जित कर रहे हैं, वे न केवल शासन की गाइडलाइन की अनदेखी कर रहे हैं बल्कि धर्म की आड़ में प्रकृति के साथ अपराध भी कर रहे हैं। समय आ गया है कि हम समझें–माँ दुर्गा हमें केवल आस्था का नहीं बल्कि प्रकृति और जीवन का भी संदेश देती हैं। हमारी जागरूकता ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए नदियों, जलचरों और प्राकृतिक सौंदर्य को बचा सकती है।

# माता के दरबार में जनपद न्यायाधीश ने लगाई हाजिरी, की अरदास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। नगर पालिका परिषद में यूथ एसोसिएशन द्वारा आयोजित नवदुर्गा पूजा आकर्षण बढ़ता ही जा रहा। माता के सभी रूपों की ऐतिहासिक पूजा पंडाल में सांस्कृतिक आयोजन की भी धूम है।

माता के नौ लोगों की पूजा राधा काल सलाम होती है सवेरे माता का विभिन्न व्यंजनों से लगता। वो प्रसाद के लिए दूध में पडती। हर कोई माता का भोग खाने को लालायित दिखता। माता के दरबार में

जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव भी हाज़िर हुई, माता की आरती कर अरदास की। यूथ एसोसिएशन परिवार द्वारा नगर पालिका परिषद में सजाए गए मां के दरबार में सीजेएम सुधा सिंह ने पहुंचकर मां भगवती की पूजा- अर्चना की और मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। सारिका गुप्ता द्वारा जनपद न्यायाधीश एवं सीजेएम को मां की चुनरी भेंट कर उनका सम्मान किया गया।बंगाल से आए पुरोहित मनोतोष सरकार गांगुली ने मां के दरबार में उपस्थित भक्तों से मां के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कराया। वहीं महिला सदस्यों सरिका गुप्ता, दर्शिका गुप्ता, रेखा बीपी दास ,सीमा शर्मा ,माया जायसवाल, ममता गुप्ता, अंशु जायसवाल, पूनम गुप्ता, कविता निगम द्वारा मां के सभी स्वरूप को भोजन प्रसाद अर्पित किया गया। जिसे प्रसाद के रूप में उपस्थित लोगों को वितरित किया। राजेश गुप्ता किल्टू, आदर्श गुलसिया,चरणजीत गावा, गोपाल मिश्रा, पुरुषोत्तम टंडन ,सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, रामेंद्र गुप्ता, शेफाली निगम, ऋषभ श्रीवास्तव रामधन मुखर्जी,,राकेश, पन्नालाल, राजेश सिंह ,रामानंद गुप्ता, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अर्पित गुप्ता, डॉ अनूप सिंह पिनाकी मुखर्जी, आदि लोग उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूजा महोत्सव पंडाल में संपन्न हुई सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए जाएंगे। साथ ही सबसे अधिक पुरस्कार जीतने वाले विद्यालय को अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय ,तृतीय ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच मूर्ति विसर्जन



निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड शीत विज्ञान चलो में स्थापित प्रतिभाओं का बुधवार को गाजे–बाजे और जयकारों के साथ यू विसर्जन किया गया। कस्बों से गांवों तक स्थापित प्रतिमाओं को ढोल–तासे की धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने नदी, नहर और जलाशयों में विधि–विधान से विसर्जित किया। कुर्सी क्षेत्र के बहरौली से निकले विसर्जन शोभायात्रा में फूलों से सजे ट्रैक्टर–ट्रॉली पर प्रतिमा स्थापित कर महिला–पुरुष झूमते हुए कस्बा कुर्सी, बसारा, टिकैतगंज, निंदूरा आदि मार्गों से होते हुए निगोहां स्थित शारदा सहायक नहर तक पहुंचे। वहां पूजन–अर्चन के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। विभिन्न चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा और रशोभायात्रा पर पैनी नजर रखी गई। इस अवसर पर दीपक यादव, श्रीश रावत, मदन, अखिलेश कुमार समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अंबेडकर प्रतिमा तोड़कर अशांति फैलाने की साजिश

**बुद्धिजीविओ की सूझ–बूझ से टला बवाल**

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महादेवा देवा कोटवा की धरती को सांप्रदायिकता की आग में झोंकने का कुत्सित प्रयास अभी थमा नहीं है। शहर के संनिकट आई लव मोहम्मद का बैनर उतारने एवं नष्ट करने की घटना से तनाव का फैलाव अभी कम नहीं हुआ कि रामनगर क्षेत्र में बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा खंडित कर असामाजिक तत्वों ने जनपद के वातावरण में विष घोलने का एक और कुचक्र रच डाला। बुद्धिजीवियों की सराहना करना पड़ेगा कि उनकी पहल से मूर्ति बदल गई और अंततः असामाजिक तत्वों की मंसा विफल हुई।मिली जानकारी के मुताबिक रामनगर थाना क्षेत्र के रानीबाजार में स्थापित भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को एक युवक ने पत्थर से प्रहार कर तोड़ दी। घटना क्षेत्र भर में जंगल में आग सरीखा फैल गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित होने लगे। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा जिसे पुलिस थाने के लाक अप में डाल दिया। आरोपी को मानसिक दिक्षित बताया जा रहा है। बढते तनाव को देखते हुए प्रशासनिक व्यवस्थापन में तत्काल नई प्रतिमा स्थापित कराई गई, पूजा अर्चना के बाद लोग शांत हुए।ग्राम प्रधान व बसपा पदाधिकारियों तथा स्थानीय लोगों की सूझ–बूझ एवं तत्परता में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और शांति स्थापित हुई।

### मस्तराम कुटी पर भंडारा आज

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहरौली स्थित श्री श्री 1008 बाबा मस्तराम दास आश्रम पर गुरुवार दो अक्टूबर को विशाल भंडारा व हवन का परंपरागत आयोजन आहुत है। प्रत्येक पूर्णिमा से पूर्व के गुरुवार को यहां भव्य भंडारा का आयोजन प्रति माह होता है।
आश्रम परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर विधिवत हवन–पूजन करते हैं और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धन्य धन्य होते।

### हवन पूजन, कन्या भोज के साथ नवरात्रि का अवसान

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि को आज क्षेत्र के विभिन्न गांवों दौलतपुर, मोहनपुर, मिर्ज़ापुर, टिकैतगंज, कुर्सी, बहरौली सहित कई अन्य स्थानों पर परंपरा अनुसार कन्याओं को भोजन कराया गया। सुबह से ही गांव–गांव घर घर कंडोम भोज का आयोजन हुआ। माहौल पूरे दिन भक्तिमय रहा।

### जरूरतमंदों की सेवा, मिशन शक्ति टीम बनी वरदान

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन हेतु संचालित मिशन शक्ति फ़ेज–5 के तहत थाना बड्डूपुर के ग्राम खिझना में आयोजित चौपाल में चुन्नी पत्नी स्वर्गीय मो. रफीक ने बताया कि उनको विधवा पेंशन नहीं मिल रही है। मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम प्रधान के सहयोग से विधवा पेंशन से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज तैयार करवाने में उनकी मदद की गयी जिससे उनके खाते में विधवा पेंशन आने लगी है। उक्त महिला द्वारा मिशन शक्ति टीम का आभार प्रकट करते हुए भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी।

### तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम निंदूरा स्थित माता पूर्वी देवी मंदिर प्रांगण में दो अक्टूबर से चार अक्टूबर तक 16 वाँ तीन दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा।जिसमें कथा व्यास आचार्य कमलेश कुमार पाण्डेय (मृदुल जी महाराज) ज्ञानगंगा प्रवाहित करेंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक और रात्रि आठ बजे से 11:30 बजे तक आयोजित होगी। अंतिम दिन चार अक्टूबर को दोपहर से भंडारा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में रस लीला एवं झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# मिशन शक्ति फ़ेज–5 : महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




### युवतियों–महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा, जागरूकता हेतु हेल्पलाइन नंबर बताए गए

रामसनेहीघाट बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के निर्देशानुसार शारदीय नवरात्री पर्व पर मिशन शक्ति केंद्र द्वारा नव दुर्गा पंडाल में मिशन शक्ति फ़ेज 5.ग के तहत मिशन शक्ति टीम थाना असंद्रा बाबा मस्तान दास आश्रम परिसर इमलिहा सूपामऊ में उप निरीक्षक सरोज कुमार दीक्षित उपनिरीक्षक संजय कुमार महिला आरक्षी खुशबू पाल महिला आरक्षी गौरी देवी के द्वारा महिला सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया, एवं उत्तर प्रदेश शासन व उत्तर प्रदेश पुलिस स्तर से संचालित समस्त योजनाओं व प्रबंधनो की जानकारी दी गयी, एण्टीरोमियो टीम द्वारा मे चौपाल लगाकर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए अभियान मिशन शक्ति, ''नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वाबलंबन'' एंटी रोमियो, साइबर जागरूकता के तहत बालिकाओ /महिलाओं को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, व साइबर क्राइम संबंधी अपराध ,यातायात के नियमों , बाल विवाह ,पास्को एक्ट,नये कानून,घरेलू हिंसा, गुड टच ,बैड टच के बारे में अवगत कराया गया और महिलाओं को जागरूकता अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा,1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,102 ,स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई व सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी योजनाओं जैसे सामुहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृध्दा पेंशन, विधवा पेंशन आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। अफवाहों से बचने चोर और ड्रोन के संदर्भ में भी लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर उपनिरीक्षक संजय कुमार सरोज कुमार दीक्षित महिला सिपाही प्रिया सिंह गौरी बाजपेई खुशबू पाल किरन लता राहुल कुमार सनी साहनी मंदीप मौर्या राहुल बाबू रविशंकर यादव, चौकीदार जीत बहादुर यादव किठैया प्रधान वीरेंद्र सिंह सूपामऊ प्रधान पुत्र सनी, इंद्रमणि शुक्ला सुरेंद्र पाल, अखिलेश कुमार मोनू सरदार संदीप विश्वकर्मा एवं स्थानीय महिलाओं में मायावती सुशीला रामकुमारी गंगादेई सरिता, वंदना युवतियों में अर्चना सिंह आचल सिंह सहित करीब दो दर्जन महिला शक्ति सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे मौजूद रहे।

# विसर्जन स्थलों पर रहेगी चाक चौबंद व्यवस्था, अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### डीएम एसपी भी कर रहे हैं भ्रमण

बाराबंकी। तहसील प्रशासन क्षेत्र के विभिन्न अंचलों में मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत सक्रिय हुआ है। बुधवार को एसडीएम अनुराग सिंह व क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा ने रामसनेही घाट ,गोकुल घाट, पहरूपुर व सहादतगंज स्थित कल्याणी नदी के घाटों का आज निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भीड़ नियंत्रण,यातायात प्रबंधन और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश कर्मचारियों को दिए। नदी के घाटों पर हाई मास्क लाइटें और बैरिकेडिंग के साथ गोताखोरों की तैनाती भी की गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी और हथौंधा चौकी प्रभारी बृजभान सिंह चंदेल, उपनिरीक्षक मारकंडेय राय,हेड कांस्टेबल दिनेश पाल, रामसिंह,लेखपाल गायत्री जयसवाल व अन्य राजस्व कर्मचारियों की संयुक्त टीम सक्रिय दिखी। सिरौली गौसपुर संवाददाता के अनुसार एसडीएम प्रीति सिंह ने विसर्जन स्थलों का भ्रमण कर मातहतो को व्यवस्था के कड़े निर्देश दिए हैं। ''जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान भी सक्रिय मूर्ति विसर्जन स्थलों का डीएम व एसपी द्वारा आज निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मातहतों को व्यवस्थित व सुरक्षित मूर्ति विसर्जन के कड़े निर्देश दिए।हर विसर्जन स्थल पर गोताखोर व अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहे। व्यवस्थाएँ दुरुस्त रखने व साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व यातायात पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा है। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण के पर्याप्त इंतज़ाम किए जाएं।





## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कैथरीन डेब्रनर ने पूरी की स्वर्ण पदकों की हैट्रिक

एजेंसी

नई दिल्ली। स्विटजरलैंड की स्टार व्हीलचेयर रेसर कैथरीन डेब्रनर ने यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बुधवार को स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। महिलाओं की 5000 मीटर टी54 और 800 मीटर टी53 स्पर्धाओं में पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकीं कैथरीन ने बुधवार सुबह 3:16.81 मिनट के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ 1500 मीटर टी54 का खिताब भी अपने नाम किया।



गत चैंपियन झोउ झाओकियान (चीन) 800 मीटर के बाद दूसरी बार दूसरे स्थान पर खिसक गईं। चीनी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में 100 मीटर और 400 मीटर स्प्रिंट में डेब्रनर को मात देने की उम्मीद कर रही होंगी, लेकिन डेब्रनर के पास पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में चार स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव है और वह इस बार भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगी। पुरुषों की शॉट पुट एफ36 स्पर्धा में व्लादिमीर स्विरिडोव (न्यूट्रल पैरा एथलीट) ने अपने अंतिम प्रयास में 17.01 मीटर का शानदार थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक जीता। पिछली बार सर्कल में प्रवेश करने पर, रूस में जन्मे इस एथलीट ने 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर गत चैंपियन यासीन गुएनिची (ट्यूनीशिया) से बढ़त हासिल की थी, लेकिन आखिरी प्रयास में गुएनिची उनसे आगे निकल गए। गुएनिची पहले दो राउंड के बाद 16.57 मीटर और 16.74 मीटर के थ्रो के साथ आठ एथलीटों के समूह में सबसे आगे थे, लेकिन पाँचवें राउंड में स्विरिडोव के आगे निकलने के बाद, ट्यूनीशियाई एथलीट ने अपने छठे प्रयास में 16.93 मीटर का थ्रो फेंककर काउंटबैक में बढ़त बना ली और रूस में जन्मे दो बार के पैरालंपिक खेलों के चैंपियन पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

आखिरकार, लोहे की गेंद को उठाने के लिए लंबे इंतज़ार के बाद 35 वर्षीय स्विरिडोव ने उसे काफी दूर तक फेंका। जब यह घोषणा की गई कि उन्होंने 17.01 मीटर की दूरी तय कर ली है, तो उन्होंने राहत की सांस ली। ट्यूनीशियाई खिलाड़ी ने आगे बढ़कर स्विरिडोव को गले लगाया और उनकी सराहना की। 2023 और 2024 में स्विरिडोव की अनुपस्थिति में विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले गुएनिची रूसी मूल के इस एथलीट की वैश्विक प्रतियोगिताओं में पकड़ ढीली करना चाहते थे। उन्हें 2019 विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों में भी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने स्विरिडोव के अदम्य साहस की सराहना करने में सहजता दिखाई।

## प्रयागराज हॉप्स ने जीता बास्केटबाल का खिताब

एजेंसी

प्रयागराज। प्रथम प्रयागराज जिला सब जूनियर बास्केटबाल प्रतियोगिता में प्रयागराज हॉप्स ने स्काई टाइटन को 11-4 से अंक से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। वशिष्ठ वात्सल्य पब्लिक स्कूल सिविल लाइंस स्थित बुल्स बास्केटबाल अकादमी के कोर्ट पर बुधवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में विजेता टीम के तरफ से आदर्श रंजन ने पांच, अजिंक्य शुक्ला ने चार अंक एवं विनीत ने दो अंक बनाये। उपविजेता टीम की तरफ से सभी चार अंक देवांश ने अर्जित किये। प्रतियोगिता में छह टीमों ने प्रतियोगिता में भाग किया। मैच में रवि प्रकाश मौर्य मुख्य रेफरी एवं प्रीति शर्मा, सूरज दुबे, मोहम्मद सैफ, शिवम सोनकर, शिवांक मिश्रा सहायक निर्णायक रहे। मैच से पूर्व भारतीय बास्केटबाल टीम के मुख्य चयनकर्ता व अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी राजेंद्र सिंह बेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।




मुख्य अतिथि सिविल लाइंस के पार्षद संतोष कुमार सिंह उर्फ बबलू रघुवंशी ने पुरस्कार वितरित किये। अंश को प्रतियोगिता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। आयोजन सचिव बिनोद कुमार ने अतिथियों का स्वागत और विजय राय ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर प्रयागराज जिला बास्केटबाल संघ के सचिव शील कुमार ओझा आशीष कुमार, प्रशांत, कौशलेंद्र, कुणाल, हबीब नवाज, प्रवीण मिश्रा, राजेंद्र कनौजिया, पुनीत श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहला वनडे शुरू, सांसद रमेश अवस्थी ने किया शुभारम्भ

कानपुर। ग्रीन पार्क अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे मंगलवार को बारिश के चलते रद्द कर दिया गया था। लेकिन बुधवार को मौसम साफ होने से मैनेजमेंट की ओर पहला एक दिवसीय मैच कराया जा रहा है। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने मैच का शुभारम्भ किया। तीन मैचों की सीरीज का पहला वनडे 30 सितम्बर को खेला जाना था, लेकिन दिन भर हुई बारिश के चलते देर शाम मैनेजमेंट की ओर से मैच को रद्द करने की घोषणा की गई। हालांकि दोनों टीमों के शहर में होने की वजह से मैनेजमेंट ने यह फैसला लिया कि मैच रद्द होने की वजह से शेड्यूल प्रभावित होगा। इसलिए अब यह मुकाबला खेला जाएगा। जिसके चलते बिना दर्शकों की मौजूदगी में ग्रीन पार्क में खेला जा रहा है। दिन भर हुई बारिश की वजह से मैदान से लेकर दर्शक दीर्घा तक फैली अव्यवस्थाओं के चलते आयोजकों द्वारा यह फैसला लिया गया कि यह मैच बिना दर्शकों के ही कराया जाए। ऐसे में दर्शकों के मन में एक संचय यह भी बना हुआ है कि मंगलवार को उनके द्वारा खरीदी गई टिकटों का क्या होगा जिसे लेकर मैनेजमेंट ने साफ कर दिया है कि जो भी टिकट खरीदे गए हैं। समय आने पर उन सभी टिकटों का रिफंड कर दिया जाएगा।

### गेल मोनफिस ने किया संन्यास का ऐलान, 2026 सीज़न होगा करियर का आखिरी साल

पेरिस। फ्रांस के स्टार टेनिस खिलाड़ी गेल मोनफिस ने घोषणा की है कि वे 2026 सीज़न के बाद पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लेंगे। 39 वर्षीय मोनफिस ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, आने वाला साल मेरे पेशेवर करियर का आखिरी होगा३ मैं अपने इस फैसले से पूरी तरह संतुष्ट हूं। पूर्व विश्व नंबर-6 मोनफिस ने 2004 में प्रो करियर की शुरुआत की थी और अब तक 13 एटीपी खिताब अपने नाम किए हैं। उन्होंने दो ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल (2008 फ्रेंच ओपन और 2016 यूएस ओपन) तक का सफर तय किया। इसी साल जनवरी में वे 38 साल 132 दिन की उम्र में ऑकलैंड खिताब जीतकर एटीपी इतिहास के सबसे उम्रदराज़ चैंपियन बने, और इस मामले में रोजर फ़ेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा। फ्रांस के मशहूर फोर मस्केटियर्स में जो-विलफ्रेड सोंगा, गिल्स सायमन और रिचर्ड गैस्के के बाद अब मोनफिस भी रिटायर होने जा रहे हैं। हालांकि वे कभी ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए, लेकिन उन्होंने अपने 21 साल के लंबे करियर को गर्व से याद किया। फिलहाल विश्व रैंकिंग में नंबर-53 पर काबिज मोनफिस, यूक्रेनी टेनिस खिलाड़ी एलीना स्वितोलिना के पति हैं और उनकी एक बेटी भी है। उन्होंने अपने प्रशंसकों का आभार जताते हुए कहा, ल्लजिन्होंने भी कभी 'अले गैल' का नारा लगाया, आपके प्यार और ऊर्जा का मेरे लिए बहुत बड़ा महत्व रहा।

### महिला वनडे विश्व कप : दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत की जीत, श्रीलंका को 59 रनों से हराया

गुवाहाटी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्व कप का आगाज शानदार अंदाज़ में किया और उद्घाटन मैच में श्रीलंका को 59 रन से मात दी। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत की जीत की हीरो रहीं दीप्ति शर्मा, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से दम दिखाया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए संघर्षपूर्ण स्थिति से उबरकर बड़ा स्कोर खड़ा किया। शुरुआती विकेट जल्दी गिरने के बाद दीप्ति शर्मा (87 रन) और अमनजोत कौर (57 रन) की सातवें विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी ने टीम को संभाला। हरलीन देओल (48) और प्रतिका रावल (37) ने भी अहम योगदान दिया। डीएलएस नियम के आधार पर श्रीलंका को 271 रन का लक्ष्य मिला, लेकिन पूरी टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। कप्तान चमारी अट्टापट्टू (43), निलाक्षी दि सिल्वा (35) और हर्षिता समाराविक्रमा (29) ही कुछ संघर्ष कर सकीं। गेंदबाजी में भी दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके, जबकि स्नेह राणा और श्री चरणी ने 2-2 विकेट हासिल किए। बाकी गेंदबाजों ने भी लगातार दबाव बनाए रखा। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की और खिताबी अभियान को मजबूत आधार दिया।

## इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने चाइना ओपन का खिताब जीता

एजेंसी

बीजिंग, 01 अक्टूबर (हि.स.)। इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिका के युवा टीनर लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर अपने करियर का 21वां खिताब जीत लिया। सिनर ने बीजिंग की हार्ड कोर्ट पर यह खिताब दूसरी बार अपने नाम किया। 2023 में उन्होंने अपने टूर्नामेंट डेब्यू में डेनियल मेदवेदेव को हराकर पहला खिताब जीता था।

24 साल के सिनर अब तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने चाइना ओपन का खिताब एक से अधिक बार जीता है। उनसे पहले नोवाक जोकोविच ने छह और राफ़ेल नडाल ने दो खिताब जीते हैं। बीजिंग के सेंटर डायमंड कोर्ट पर उनकी एकमात्र हार उनके बड़े प्रतिद्वंदी कार्लोस अल्काराज के



हाथों हुई थी। अल्काराज ने पिछले साल चाइना ओपन का फाइनल तीन सेट में जीता था।

सिनर ने पहले सेट में टिएन को तुरंत ब्रेक करते हुए मैच पर कब्जा जमा लिया। दूसरे सेट के दूसरे गेम में टिएन को ब्रेक लेने का एक मौका मिला, लेकिन सिनर ने तुरंत नियंत्रण वापस ले लिया। 1 घंटे 12 मिनट चले इस फाइनल में सिनर ने 10 एसेस मारे और मैच को सहज तरीके से समाप्त किया। टिएन अगर जीत जाते तो बीजिंग के इतिहास में सबसे कम रैंक वाले चैंपियन बन जाते और 19 साल 9 महीने की उम्र में एंडी रॉडिक के बाद सबसे युवा अमेरिकी टूर चैंपियन बनते।

सिनर की बीजिंग जीत इस सत्र में उनका तीसरा खिताब। इसके पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन और विम्बलडन जीत रखे हैं। अल्काराज के शंघाई मास्टर्स से बाहर होने के बाद सिनर के पास वर्ष के अंत से पहले पुरुषों की रैंकिंग में टॉप नंबर एक पर वापस लौटने का मौका है। सिनर इस हफ्ते शुरू हुए शंघाई ओपन में टॉप सीड होंगे।

## तमिम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड चुनाव से नामांकन वापस लिया

ढ़ाका । बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमिम इकबाल ने आगामी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) चुनाव से अपना नामांकन वापस ले लिया है, जो 6 अक्टूबर को होने वाला था। बाएं हाथ के ओपनर तमिम बुधवार (1 अक्टूबर) को बीसीबी मुख्यालय पहुंचे और औपचारिक रूप से अपने नामांकन पत्र वापस लिए। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा, ल्लआज हमने अपना नामांकन वापस लिया है। मेरे सहित करीब 14-15 लोगों ने अपना नामांकन वापस लिया है। इसका कारण बहुत स्पष्ट है। मुझे आपको कोई विस्तार से विवरण देने की आवश्यकता नहीं है।

तमिम पहले बीसीबी में निदेशक पद के लिए चुनाव में हिस्सा लेने में रुचि दिखा चुके थे, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने अपना मन बदल लिया। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद खुलकर सरकार के हस्तक्षेप का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, शुरुआत से ही मैं कह रहा था कि यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है ।

## सीनियर पुरुष अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप मंडलीय टीम का चयन 2 और 3 अक्टूबर को

एजेंसी

मुरादाबाद। जिला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बुधवार को बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश व उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के समन्वय से सीनियर पुरुष अंतर मंडलीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन उप्र के अयोध्या में 10 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक किया जायेगा, जिसमें मुरादाबाद मण्डल की टीम भी प्रतिभाग करेगी, उक्त आयोजन हेतु मण्डल की टीम के चयन के लिए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी व ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन के समन्वय से 2 अक्टूबर को ज़िला स्तर व 3



अक्टूबर को मण्डल का चयन किया जाएगा। नासिर कमाल ने आगे बताया कि चयन मे वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकता है जिसका जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम द्वारा जन्म तिथि से एक वर्ष के भीतर पंजीयन/जारी किया गया हो। इच्छुक खिलाड़ी उक्त दिनांक को आपने मूल आधार, जन्म प्रमाण पत्र, चार रंगीन फोटो तथा एआईएफएफ का पंजीयन शुल्क 200/ के साथ नेता जी सुभाष चंद्र बॉस स्पोर्ट्स स्टेडियम मुरादाबाद में अपरान्ह 3 बजे पूर्ण खेल किट व पूर्ण मांगे गये मूल प्रमाण पत्रों के साथ ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उस्मान खान, सहायक सचिव आमिर मिर्ज़ा, सहायक सचिव सुरेंदरपाल सिंह से संपर्क कर आपने मूल प्रमाण पत्र के साथ संपर्क करें।

## अंडर-19 यूथ टेस्ट: वैभव सूर्यवंशी और वेदांत ने भारत को दिलाई बढ़त

एजेंसी

ब्रिस्बेन। भारतीय अंडर-19 टीम के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने पहले यूथ टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ धमाकेदार शतक लगाकर टीम को मजबूती से बढ़त दिलाई। वैभव सूर्यवंशी ने 78 गेंदों में शतक लगाते हुए भारत को पहली पारीग में 428 रन तक पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया की टीम 8 रन पर 1 विकेट खो चुकी थी, जिसमें ओपनर एलेक्स ली यंग को डक पर पैसर दीपेश देवेंद्रन ने आउट किया। सूर्यवंशी ने केवल 86 गेंदों में 113 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 8 छक्के शामिल थे। उन्होंने एक छक्का और चौका लगाकर शतक पूरा किया। उन्होंने 78 गेंदों पर शतक पूरा किया और इसी के साथ वह यूथ टेस्ट इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए, उनसे पहले आयुष म्हात्रे ने 64 गेंद पर शतक लगाया था। सूर्यवंशी इस उपलब्धि के साथ सबसे कम उम्र में ऑस्ट्रेलिया की जमीन पर शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लियाम ब्लैकफोर्ड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ 124 गेंदों में शतक लगाया था।

साल 2025 में सूर्यवंशी पहले ही सुर्खियों में रहे हैं। जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर, उन्होंने 15 साल की उम्र से पहले एक ही यूथ टेस्ट में अर्धशतक और विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया। इसके अलावा, उन्होंने ब्रेंडन मैक्कुलम के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए दो 100-बॉल से कम शतक भी लगाए। सूर्यवंशी के अलावा वेदांत त्रिवेदी ने भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 192 गेंदों पर 19 चौकों की बदौलत 140 रन बनाए। इन दोनों की पारियों की बदौलत भारत ने अपनी पहली पारी में 428 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 243 रन बनाए थे और दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 8 रन पर 1 विकेट खो दिया है ।

## शेयर बाजार में रौनक लौटी, सेंसेक्स ने लगाई 715 अंकों की छलांग

एजेंसी

नई दिल्ली । शेयर बाजार सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहा। बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांकों में जबरदस्त उछाल आया। सेंसेक्स 715.69 अंक उछल गया, जबकि 225 अंकों की तेजी रही। इसके पीछे आरबीआई के रेपो रेट स्थिर रखने और आर्थिक वृद्धि दर अनुमान बढ़ने को अहम माना जा रहा है।




बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 715.70 अंक यानी 0.89 फीसदी उछलकर 80,983.31 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 800.81 अंक बढ़कर 81,068.43 अंकों पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 225.20 अंक यानी 0.92 फीसदी चढ़कर 24,836.30 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल प्रमुख कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा 5.54 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में तेजी रही। हालांकि, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा स्टील के शेयरों में गिरावट रहा। वहीं, एशिया के अन्य शेयर बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में बंद हुआ, जबकि जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं, चीन के शेयर बाजार राष्ट्रीय दिवस की छुट्टी के कारण बंद रहे।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की अनुकूल घोषणाओं के बाद बैंकों और वित्तीय शेयरों में हुई लिवाली ने बाजार को रफ्तार देने का काम किया। आरबीआई के प्रमुख ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने और अपने विकास अनुमानों में वृद्धि के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में हुई खरीदारी से इसमें अछाल आया।

उल्लेखनीय है कि पिछले आठ कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क का सेंसेक्स 2,746.34 अंक यानी 3.30 फीसदी गिरा, जबकि निफ्टी 812.5 अंक यानी 3.19 फीसदी गिरा है।

## सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह नौ फीसदी बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह सितंबर महीने में सालाना आधार पर 9.1 फीसदी बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले महीने अगस्त में जीएसटी राजस्व संग्रह 6.5 फीसदी बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जीएसटी की दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण बिक्री में वृद्धि से जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़ा है। सितंबर, 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर पांच फीसदी अधिक है। सितंबर, 2024 में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये और अगस्त, 2025 में यह 1.86 लाख करोड़ रुपये रहा था। आंकड़ो के अनुसार सितंबर में सकल




घरेलू राजस्व 6.8 फीसदी बढ़कर 1.36 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर 15.6 फीसदी बढ़कर 52,492 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जीएसटी 'रिफंड' भी सालाना आधार पर 40.1 फीसदी बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया। देश में 22 सितंबर से लागू जीएसटी की दरों का असर जीएसटी आंकड़ों में दिखा है। जीएसटी 2.0 सुधार लागू होने के बाद 22 सितंबर से रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक, दवाओं और उपकरणों से लेकर मोटर वाहन तक 375 चीजों की कीमतें कम हुई हैं।

# एचएएल को अमेरिका से तेजस का चौथा इंजन मिला

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को चौथा इंजन सौंप दिया है। इसका इस्तेमाल एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों में किया जाएगा, जिन्हें निकट भविष्य में भारतीय वायु सेना में शामिल किया जाना है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक भारत को 12 जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। एचएएल का लक्ष्य इस साल अक्टूबर तक पहला विमान तैयार करना है, जिसमें से तीन पहले ही तैयार हैं और अंतिम परीक्षणों का इंतजार है। इंजन को लेकर बुनियादी समस्याओं का समाधान होने के बाद अब विमान के उत्पादन में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है।

भारत ने फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 48 हजार करोड़ का एक समझौता किया था। इस अनुबंध में 73 तेजस मार्क-1ए जेट और 10 प्रशिक्षक विमान शामिल थे। भारतीय वायु सेना को 2024 में पहली खेप मिलने की उम्मीद थी, लेकिन इस बीच कंपनी जीई एयरोस्पेस (जीई) ने एफ-404 इंजन का उत्पादन बंद कर दिया था। भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी,

**एचएएल को इस वित्तीय वर्ष के अंत तक जीई एयरोस्पेस से 12 इंजन मिलने की उम्मीद**

लेकिन इसमें लगने वाले इंजन की अमेरिका से आपूर्ति में देरी की वजह से इंतजार लंबा हो गया।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार कंपनी ने इसी साल 26 मार्च को पहला इंजन भारत को सौंपा। इसके बाद 13 जुलाई को जीई ने दूसरा इंजन भेजा। एचएएल को एलसीए मार्क-1ए के लिए तीसरा जीई-404 इंजन 11 सितंबर को मिला। कंपनी ने उसी समय एक और इंजन सितंबर के अंत तक देने का वादा किया था, जो माह के आखिरी दिन मिल गया, जिसकी पुष्टि आज एचएएल ने की है। अब भारत को चार इंजन मिल चुके हैं, जिससे एलसीए मार्क-1ए विमानों के उत्पादन और आपूर्ति का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद बढ़ी है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक भारत को 12 जीई-404 इंजन मिलने की उम्मीद है। ये इंजन भारत के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान में लगाए जाएंगे, जिसे भारतीय वायु सेना में शामिल किया जा रहा है।

एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने कहा कि एक अरब अमेरिकी डॉलर से



अधिक कीमत वाले 113 जीई-404 इंजनों के ऑर्डर के लिए बातचीत पूरी हो गई है और अनुबंध पर अक्टूबर में हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्रालय की ओर से 25 सितंबर को दिए गए 97 एलसीए मार्क-1ए लड़ाकू विमानों के नए ऑर्डर में 68 सिंगल-सीट लड़ाकू विमानों और 29 ट्विन-सीट ट्रेनर विमानों के इंजन शामिल होंगे, जिनकी डिलीवरी 2027-28 में शुरू होगी और छह वर्षों में पूरी होगी। एचएएल का लक्ष्य इस साल अक्टूबर तक पहला विमान तैयार करना है, जिसमें से तीन पहले ही तैयार हैं और अंतिम परीक्षणों का इंतजार है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2032-33 तक हम सभी 180 विमानों का निर्माण पूरा कर लेंगे। एचएएल अध्यक्ष ने रक्षा मंत्रालय के साथ नया अनुबंध होने के बाद कहा था कि पहले वाले ऑर्डर की तुलना में इस ऑर्डर में 70 फीसदी स्वदेशी सामग्री होगी, जिसमें उपकरण, धातु, कोई भी स्पेयर पार्ट या जो कुछ भी हम बनाते हैं, वह हो सकती है।

ये सभी सामग्री ज्यादातर भारतीय निजी क्षेत्र से आपूर्ति की जाएगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम उन आपूर्ति शृंखलाओं को 70 फीसदी तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि हम स्वदेशी रडार, ईडब्ल्यू सुइट और कई अन्य उपकरण को एकीकृत करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भरता पर जोर देकर ऑर्डर दे रही है, जिससे न केवल एचएएल में, बल्कि हमारे पूरे पारिस्थितिकी तंत्र में रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि एचएएल जीई के एफ-414 इंजनों के लिए 80 फीसदी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी बातचीत कर रहा है, जो उन्नत एलसीए मार्क-2 और स्वदेशी उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को शक्ति प्रदान करेगा। डॉ. सुनील ने कहा कि जीई ने हमें एक साल में 12 इंजन देने का वादा किया था, लेकिन अब शायद हमें वित्तीय वर्ष के अंत तक 12 इंजन मिल जाएंगे। इस साल हमें 10 इंजन मिल सकते हैं। बाकी इंजन हमें अगले साल मार्च तक मिल जाएंगे। हम 10वें विमान का ढांचा बना चुके हैं और 11वां विमान तैयार है। इंजन को लेकर बुनियादी समस्याओं का समाधान हो गया है, इसलिए अब उत्पादन में तेजी आएगी। जीई ने अगले साल 20 इंजन देने का वादा किया है, जिसके लिए शीर्ष प्रबंधन के साथ एक बैठक की है।

## खरगे को डॉक्टरों ने दी पेसमेकर लगाने की दी सलाह

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को मंगलवार को सांस लेने में तकलीफ होने पर बेंगलुरु एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। श्री खरगे की हालत अब स्थिर है और उन्हें डॉक्टरों ने पेसमेकर लगाने की सलाह दी है।

श्री खरगे के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने बुधवार दोपहर सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा श्री खरगे को डॉक्टरों ने पेसमेकर लगाने की सलाह दी है और उन्हें पहले से रूटीन प्लान के तहत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है और वह बेहतर महसूस कर रहे हैं। श्री प्रियांग खरगे ने कहा कि आपकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं।

गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष को मंगलवार को बुखार और पैर में दर्द की शिकायत के बाद बेंगलुरु के एमएस रमैया अस्पताल ले जाया गया। वहां के डॉक्टर उनकी देखभाल कर रहे हैं। श्री खरगे को स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिलने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने आज उनसे अस्पताल जाकर मुलाकात की।

# तीनों सेनाओं के एकीकरण में बजटीय संतुलन बनाये रखते हुए सक्रिय योगदान दे रक्षा लेखा विभाग : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण के लिए चल रही कवायद के बीच रक्षा लेखा विभाग से उनकी जरूरतों के अनुसार बजटीय समीकरणों को बनाये रखते हुए इस महत्वपूर्ण पहल में सक्रिय योगदान देने को कहा है। श्री सिंह ने बुधवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के 278 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा लेखा विभाग की तीनों सेनाओं तक पहुंच है और उन्हें तीनों की जरूरतों के बारे में भलीभांति पता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब तीनों सेनाओं में एकीकरण का काम तेजी से चल रहा है तो लेखा विभाग को इस काम को सरल तथा प्रभावी बनाने के लिए अपनी भूमिका को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लेखा विभाग के समक्ष यह चुनौती है कि वह अनुसंधान और विकास की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बजटीय समीकरणों को बरकरार रखे और एकीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाये। उन्होंने कहा , '' आज के समय में अनुसंधान और विकास की जो जरूरत है उसको देखते हुए रक्षा लेखा विभाग के पास एक बड़ी चुनौती यह है, कि किस प्रकार से वह बजटीय समीकरण को बरकरार रखते हुए अनुसंधान और विकास की राशि की प्रक्रिया को भी सुगम बनाये।'' श्री सिंह ने कहा कि रक्षा लेखा विभाग को तीनों सेनाओं के साथ बैठकर विचार विमर्श करना चाहिए कि वे तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को सुविधाजनक और सुगम कैसे बना सकते हैं। उन्होंने कहा , '' आप सभी, सेनाओं के साथ बैठकर, विचार-विमर्श करें और यह देखें, कि आप लोग तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को कितना आसान बना सकते हैं। यह हमारी तीनों सेनाओं के एकीकरण में अच्छे परिणाम दे सकता है, ऐसा मेरा विश्वास है। ''

रक्षा लेखा विभाग के महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह विभाग सशस्त्र सेनाओं और सहयोगी संगठनों के वित्तीय प्रबंधन में बड़ी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सलाह, लेखा और बजट प्रबंधन एक तरफ तो रक्षा सेवाओं की वित्तीय स्थिति को सुनिश्चित करती है वहीं दूसरी तरफ संचालन तैयारियों को भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि रखा लेखा विभाग ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वित्तीय मजबूती सुनिश्चित की, संसाधनों की पूर्ति की और संचालन तत्परता को बनाए रखा।

## सितंबर में जीएसटी संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1,98,017 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत कुल राजस्व संग्रह सितंबर 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1,89,017 करोड़ रुपये रहा। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2024 में सकल जीएसटी राजस्व 1,73,240 करोड़ रुपये रहा था। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल से सितंबर तक कुल जीएसटी राजस्व संग्रह पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही की तुलना में 9.8 फीसदी बढ़कर 11,93,431 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। सितंबर में कुल जीएसटी रिफंड 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया। कुल संग्रह में से रिफंड को घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1,60,360 करोड़ रुपये रहा जो पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पहली छमाही में शुद्ध राजस्व संग्रह में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह 10,38,476 करोड़ रुपये हो गया।

# सरकार ने 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने को मंजूरी दी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय कर्मियों के बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूलों की बढ़ती जरुरत के मद्देनजर मंत्रिमंडल ने देशभर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने का फैसला किया है जिसमें करीब 5900 करोड़ रुपये का खर्च होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति के फैसले की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैश्णव ने बताया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए देश भर में 57 नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने को मंजूरी दी गयी है। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों की स्थापना के लिए 2026-27 से नौ वर्षों की अवधि में कुल अनुमानित 5862.55



करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। इसमें 2585.52 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय होगी और 3277.03 करोड़ रुपये का परिचालन होगा।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने रक्षा और अर्धसैनिक बलों सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय और अस्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरे देश में एक समान मानक की शैक्षिक सुविधाएँ प्रदान करने हेतु नवंबर 1962 में केंद्रीय विद्यालय योजना को मंजूरी दी थी। नए केंद्रीय विद्यालयों का उद्घाटन एक सतत प्रक्रिया है। मंत्रालय और केंद्रीय विद्यालय संगठन को नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों सहित विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से नियमित रूप से प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। ये प्रस्ताव संबंधित प्रायोजक प्राधिकरण, अर्थात राज्य/केंद्र शासित प्रदेश/केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रायोजित किए जाते हैं। वर्तमान में 1288 केंद्रीय विद्यालय कार्यरत हैं, जिनमें तीन मास्को, काठमांडू और तेहरान शामिल हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में 913 केंद्रीय विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में नामित किया गया है।

## जुबीन गर्ग मौत मामले में नामजद दोनों आरोपियों को 14 दिन की हिरासत में भेजा गया

**गुवाहाटी।** विश्व विख्यात गायक ज़ुबीन गर्ग की मौत के मामले में दर्ज एफआईआर में नामजद दो आरोपियों श्यामकानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा को बुधवार को एक अदालत ने विशेष जाँच दल (एसआईटी) की 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया । एसआईटी ने दोनों आरोपियों को मंगलवार देर रात दिल्ली में गिरफ्तार किया गया और आज सुबह गुवाहाटी स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर पेश किया, जहाँ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए उन्हें 14 दिनों की हिरासत में भेज दिया। एसआईटी प्रमुख मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा, ''हमने सिद्धार्थ शर्मा को कल शाम दिल्ली-हरियाणा के पास एक स्थान से गिरफ्तार किया। श्यामकानु महंत सिंगापुर से दिल्ली आ रहा था, जहाँ इमिग्रेशन ब्यूरो ने राज्य सरकार की ओर से जारी लुकआउट सर्कुलर के आधार पर उसे हिरासत में ले लिया। बाद में इमिग्रेशन ब्यूरो ने उसे हमें सौंप दिया था। उल्लेखनीय है कि श्यामकानु महंत सिंगापुर में हुये नॉर्थ ईस्ट इंडिया फ़ेस्टिवल का मुख्य आयोजक हैं, जबकि सिद्धार्थ शर्मा जुबीन गर्ग का प्रबंधक है। दोनों 19 सितंबर को सिंगापुर में जुबीन गर्ग की मौत के बाद से ही फरार थे। जुबीन गर्ग की मौत के बाद उनके प्रशंसकों ने असम के विभिन्न थानों में कई एफआईआर दर्ज करायी हैं और उनकी मौत के कारणों की गहन जांच की मांग की है। पिछले शनिवार को जुबीन गर्ग के परिजनों ने भी एफआईआर दर्ज कराकर उनकी मौत के कारणों की गहन जांच की मांग की थी। एसआईटी एफआईआर में नामजद कई लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि असम सरकार ने केंद्र सरकार से सिंगापुर के साथ 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' लागू करने का अनुरोध किया था ताकि जांच प्रक्रिया में मदद मिल सके। गृह मंत्रालय ने इस अनुरोध के बाद श्री जुबीन गर्ग की मौत की जांच में सहयोग के लिए सिंगापुर के अधिकारियों को एक पत्र भेजा है।

## सौ साल में आरएसएस ने देश को फायदा पहुंचाने वाला कोई काम नहीं किया : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) 100 साल का हो चुका है लेकिन अपनी स्थापना से अब तक उसने कोई ऐसा काम नहीं किया जिससे देश को फायदा हुआ है। कांग्रेस ने बुधवार को यहां सोशल मीडिया पर एक बयान में संघ पर अंग्रेजों का मुखबिर होने का आरोप लगाया और कहा कि इस संगठन ने हिंदुओं और मुस्लिमों का सांप्रदायिक विभाजन कर, देश को दो टुकड़ों में बांटकर खोखला कर दिया है। पार्टी ने कहा कि संघ का आज शताब्दी वर्ष है लेकिन इन सौ वर्षों में इस संगठन ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिससे देश को नुकसान छोड़ कोई फायदा पहुंचाया हो। पार्टी ने संघ को देश को बांटने वाला संगठन बताया और कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान उसके नेता न जेल गए और न ही अंग्रेजों ने उस पर कभी प्रतिबंध लगाया था। कांग्रेस ने तीखा हमला करते हुए कहा कि 1942 में अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुए 'भारत छोड़ो आंदोलन' में जब पूरा देश जेल जा रहा था, तब संघ इस आंदोलन को दबाने में अंग्रेजों की मदद कर रहा था। पार्टी ने आरोप लगाया कि इस संगठन का एक भी नेता आजादी की लड़ाई में जेल नहीं गया और महात्मा गांधी, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे देशभक्तों और क्रांतिकारियों को अराजक कहकर ब्रिटिश शासन के पक्ष में काम करता रहा। पार्टी ने संघ पर यह भी आरोप लगाया कि उसने संविधान निर्माण के लिए अपने एक भी प्रतिनिधि को संविधान सभा में नहीं भेजा था इसलिए शुरु से ही वह (आरएसएस) संविधान को नकारता रहा है।

## राजेश अग्रवाल ने संभाला वाणिज्य सचिव का पदभार

नयी दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यहां वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव का पदभार ग्रहण किया। श्री अग्रवाल को कौशल विकास, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षुता, विद्युत, उर्वरक, कृषि और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालयों सहित कई क्षेत्रों में कुशल प्रशासक के तौर पर शासन, नीति निर्माण और कार्यान्वयन में तीन दशकों का अनुभव है। उन्होंने देश की कौशल विकास नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और मणिपुर, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों में क्षेत्रीय सुधारों को आगे बढ़ाया है।

# पेज एक का शेष

### 'संघ के खिलाफ...

जिसमें राष्ट्र चेतना, समय समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। उन्होंने बताया कि संघ की 100 वर्ष की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में आज भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के जारी किए हैं। पीएम ने जारी किए गए सिक्के की विशेषता बताते हुए कहा, 100 रुपए के सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय चिन्ह है और दूसरी ओर सिंह के साथ वरद-मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि है। भारतीय मुद्रा पर भारत माता की तस्वीर संभवतः स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस सिक्के के ऊपर संघ का बोध वाक्य भी अंकित है- राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम। 1963 में आरएसएस के स्वयंसेवक भी 26 जनवरी की परेड में शामिल हुए थे। उन्होंने बहुत आन-बान-शान से राष्ट्रभक्ति की धुन पर कदमताल किया था। जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी और संघ की धारा में भी सैकड़ों जीवन पुष्पित, पल्लवित हुए हैं। अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विराट उद्देश्य लेकर चला। ये उद्देश्य रहा- राष्ट्र निर्माण।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, ''संघ के बारे में कहा जाता है कि इसमें सामान्य लोग मिलकर असामान्य और अभूतपूर्व कार्य करते हैं। व्यक्ति निर्माण की ये सुंदर प्रक्रिया हम आज भी संघ की शाखाओं में देखते हैं। संघ शाखा का मैदान एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां स्वयंसेवक की अहं से वयं तक की यात्रा शुरु होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञ वेदी है। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ, शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति। यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। संघ ने कितने ही बलिदान दिये। लेकिन भाव एक ही रहा - राष्ट्र प्रथम... लक्ष्य एक ही रहा -'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'।''पीएम मोदी ने संघ के खिलाफ साजिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''राष्ट्र साधना की इस यात्रा में ऐसा नहीं है कि संघ पर हमले नहीं हुए, संघ के खिलाफ साजिशें नहीं हुईं, हमने देखा है कि कैसे आजादी के बाद संघ को कुचलने का प्रयास हुआ। मुख्यधारा में आने से रोकने के अनगिनत षड्यंत्र हुए। परमपूज्य गुरुजी को झूठे केस में फंसाया गया, उन्हें जेल तक भेज दिया गया। लेकिन जब पूज्य गुरुजी जेल से बाहर आए तो उन्होंने सहज रूप से कहा और शायद इतिहास में सहज भाव एक बहुत बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने सहजता से कहा था कि कभी-कभी जीभ दांतों के नीचे आकर दब जाती है, कुचल भी जाती है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ देते हैं, क्योंकि दांत भी हमारे हैं और जीभ भी हमारी है।''पीएम ने कहा कि संघ प्रारंभ से राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थितप्रज्ञ रखा है, समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं की विशेषता बताते हुए कहा, ''खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना। ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है जो दुर्गम हैं, जहां पहुंचना सबसे कठिन है। हमारे देश में लगभग 10 करोड़ आदिवासी भाई-बहन हैं। जिनके कल्याण के लिए संघ लगातार प्रयासरत है। लंबे समय तक सरकारों ने उन्हें प्राथमिकता नहीं दी, लेकिन संघ ने उनकी संस्कृति, उनके पर्व उत्सव, उनकी भाषा और परंपराओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सेवा भारती, विद्या भारती, एकल विद्यालय, वनवासी कल्याण आश्रम आदवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। श्री शेखावत ने कहा कि संघ केवल एक संगठन नहीं राष्ट्र निर्माण की प्रखर पाठशाला है। इसने देश को नई ऊर्जा देने का कम किया। संघ लगातार सौ वर्षों से काम करता रहा आज यह विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना है। दृढ़ भावना के साथ समाज में एकता बनाने के रूप में इसकी पहचान बनी। श्री होसबोले ने नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्कृति मंत्रालय ने इस कार्यक्रम के बारे में सोचा इसके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूँ। कल संघ के विजय यात्रा में एक विशेष विजय दशमी है। संघ ने सौ विजयादशमी देखी हैं। प्रधानमंत्री ने आरएसएस की शताब्दी वर्ष के विशेष अवसर पर डाक टिकट जारी किया है जो स्वयस्वेकों और सभी के लिए हर्ष का अवसर है। संघ आज बहुत विशाल हुआ है और देश के कोने कोने में फैला हुआ है। देश के किसी भी ट्रेन में जाएँगे तो कोई न कोई स्वयंसेवक मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष पूर्व समाज को संगठित करने के उद्देश्य से यह संगठन बनाया गया तब कहा गया था कि सदियों से समाज जागरण और धर्म रक्षा करने का जो काम किया है उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का काम किया है। संघ की यात्रा रोचक है। उदासीनता और विरोध के मार्ग पर चलते हुए आज स्वीकारता पर पहुँचा है। संघ का विचार यहाँ की मिट्टी का विचार है।

### गेहूं का नया...

एमएसपी में 160 रुपये प्रति क्विंटल का इजाफा किया गया है। इसी तरह जौ में 170 रुपये, चने में 225 रुपये, मसूर में 300 रुपये, सरसों में 250 रुपये और सैफफ्लावर के एमएसपी में 600 रुपये क्विंटल का इजाफा कर दिया गया है। तिलहन में सबसे ज्यादा एमएसपी सैफफ्लावर का बढ़ाया गया है जबकि दलहन में मसूर का एमएसपी सबसे अधिक किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 में गेहूं की लागत 1239 रुपये आंकी गई है और नये एमएसपी 2585 के हिसाब से किसान को लागत का 109 प्रतिशत अधिक भाव मिलेगा। इसी तरह जौ की लागत साल 2026-27 में 1361 रुपये आंकी गई है और उसकी नयी एमएसपी 2150 के अनुसार किसान को लागत से 58 प्रतिशत अधिक भाव मिलेगा। इस तरह चने की लागत 3699 रुपये की तुलना में किसान को 5875 रुपये नयी एमएसपी के अनुसार 59 प्रतिशत अधिक , मसूर की लागत 3705 रुपये की तुलना में नयी एमएसपी 7000 रुपये के हिसाब से 89 प्रतिशत अधिक, सरसों की लागत 3210 रुपये के हिसाब से नयी एमएसपी 6200 में 93 का फायदा और सैफफ्लावर की लागत 4360 है जबकि किसान को नयी एमएसपी 6540 के हिसाब से 50 प्रतिशत का फायदा होगा। यहां लागत से आशय सभी भुगतान की गयी लागतों से है, जैसे मजूदरी, बैल श्रम/मशीन श्रम, पट्टे पर ली गई भूमि का किराया, बीज, उर्वरक, खाद जैसी चीजों पर खर्चा, सिंचाई शुल्क, उपकरणों और कृषि भवनों पर मूल्यह्रास, कार्यशील पूंजी पर ब्याज, पंप सेट आदि के संचालन के लिए डीजल/बिजली, विविध व्यय और पारिवारिक श्रम का अनुमानित मूल्य शामिल हैं। विपणन सत्र 2026-27 के लिये अनिवार्य रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि, औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने की केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है।

### आपके लोन की...

अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि एमपीसी ने मौद्रिक नीति रुख को 'तटस्थ' पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। अक्तूबर महीने की एमपीसी बैठक के फैसलों के बारे में बताते हुए केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने कहा कि इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घरेलू आर्थिक गतिविधियां गतिमान बनी रहेंगी। हालांकि उन्होंने आशंका जताई कि टैरिफ संबंधी घटनाक्रम से इस वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में विकास दर में कमी आ सकती है। मल्होत्रा ने बताया कि जीएसटी और अन्य सुधार आर्थिक विकास पर बाहरी कारकों के प्रभाव को कुछ हद तक कम कर देंगे। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मजबूत रेमिटेंस के कारण जारी वित्त वर्ष में चालू खाता घाटा टिकाऊ रहने की उम्मीद है। फरवरी 2025 से आरबीआई नीतिगत दरों में 100 आधार अंकों की कटौती कर चुका है। जून में अपनी पिछली नीति समीक्षा में, उसने रेपो दर को 50 आधार अंकों की कटौती करके 5.5 प्रतिशत कर दिया था। सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे। एमपीसी की सिफारिश के आधार पर, आरबीआई ने खुदरा मुद्रास्फीति में कमी के बीच फरवरी और अप्रैल में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की तथा जून में 50 आधार अंकों की कटौती की। इस साल फरवरी से खुदरा मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से नीचे चल रही है। खाद्य कीमतों में कमी और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण अगस्त में यह छह साल के निचले स्तर 2.07 प्रतिशत पर आ गई।

### बरेली उपद्रव में शामिल...

की। इस दौरान बाइक से आते दो संदिग्धों ने पुलिस को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों इदरीश उर्फ बोरा (50) और इकबाल (48) निवासी शाहजहांपुर, पैरों में गोली लगने से घायल होकर दबोच लिए गए। गिरफ्तार आरोपी लंबे आपराधिक इतिहास वाले कुख्यात अपराधी बताए जा रहे हैं। इदरीश पर 20 और इकबाल पर 17 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें डकैती, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ही 26 सितंबर को दंगे के दौरान पुलिस पर हमला किया और राइफल लूटी थी। वे उसे बेचने के इरादे से मीरगंज जा रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को उपचार के बाद जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सीबीगंज पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। दोनों शाहजहांपुर निवासी हैं।

### महिलाओं के प्रति अपराध...

योगी आदित्यनाथ ने कहा सनातन आस्था में नारी शक्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सनातन आस्था की नैतिक जिम्मेदारी के भाव से सरकार नारी शक्ति की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए शारदीय नवरात्र की पहली तिथि, 22 सितंबर से मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ किया गया है। इसमें महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही उनके स्वावलंबन जागरूकता के लिए पंचायत स्तर तक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश के सभी जिलों में सराहनीय कार्य हो रहे हैं। मिशन शक्ति सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत ने सदैव नारी शक्ति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव रखा है। हरेक कालखंड में इसके दर्शन होते हैं। आज भी प्रत्येक क्षेत्र में भारत की नारी शक्ति ने अपनी ताकत और सामर्थ्य का एहसास कराकर दुनिया को अचंभित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां बेटी सुरक्षित और सम्मानित है तो वहां का समाज भी सुरक्षित और सम्मानित माना जाता है। उत्तर प्रदेश में ऐसा ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, कन्या सुमंगला और सामूहिक विवाह जैसी योजनाएं बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए हैं। इसी क्रम में देश की सर्वोच्च पंचायतों में नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम भी लाया गया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में 1 करोड़ महिलाओं को किसी न किसी रूप में 12000 रुपये सालाना पेंशन दिया जा रहा है। 26 लाख बेटियों को जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25000 रुपये के पैकेज वाले कन्या सुमंगला योजना से जोड़ा गया है। सामूहिक विवाह योजना में धनराशि बढ़ाकर प्रति जोड़ा एक लाख रुपये करके गरीब परिवारों को बेटियों के विवाह में धन की चिंता से मुक्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों को गुरुवार को मनाए जाने वाले विजयदशमी पर्व की भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि विजयदशमी, भारत के सनातन विजय का प्रतीक है। यह अधर्म, अन्याय और अत्याचार पर धर्म, न्याय और सदाचार के विजय का पर्व है। विजयदशमी पर अत्याचार, अधर्म और अन्याय के प्रतीक रावण के पुतले जलाए जाएंगे और भगवान श्रीराम के राजतिलक के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# मंत्री सिरसा ने दो नए आधुनिक बायो-मेडिकल वेस्ट प्लांट के लिए टेंडर निकालने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को राजधानी के लिए दो नए आधुनिक बायो-मेडिकल वेस्ट प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया।

मंत्री सिरसा ने बताया कि समीक्षा के दौरान पाया गया कि मौजूदा दो यूनिट्स पूरी दिल्ली का रोजाना निकलने वाला बायो-मेडिकल वेस्ट अकेले नहीं संभाल सकते। इस स्थिति को देखते हुए भूमि, तकनीक, लॉजिस्टिक्स और क्षमता पर स्टडी कराई गई और निलोठी प्लांट- जो कई बार एक्सटेंशन पर चल रहा था उसके स्थान पर दो आधुनिक सुविधा स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने कहा, हमारा फोकस शॉर्ट कट लेने पर नहीं, बल्कि लंबे समय तक चलने वाले स्थायी समाधान बनाने पर है ताकि लोग बदलाव को साफ देख सकें।ङ्क ये टेंडर बिल्डऽओनऽऑपरेट (बीओओ) मॉडल पर 10 साल की अवधि के लिए होंगे। नेशनल प्रोडक्टिविटी काउंसिल एनपीसी प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाने में सहयोग करेगा। मंत्री सिरसा ने साफ निर्देश दिए हैं कि तीन महीने के भीतर बिड इवैल्यूएशन और लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी हो जाएं ताकि तुरंत एग्रीमेंट साइन होकर काम शुरू हो सके। मंत्री के कार्यालय में रोजाना डैशबोर्ड प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें टेंडर की प्रगति, स्थान उपलब्धता, आवश्यक स्वीकृतियां, ऑपरेटर की तैनाती और कमीशनिंग प्लान दर्ज होंगे। उन्होंने कहा, ल्ववर्तमान में दिल्ली के अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं से रोज़ाना करीब 40 एमटी बायो-मेडिकल वेस्ट निकलता है। ऐसे में राजधानी को आधुनिक और भरोसेमंद ट्रीटमेंट सिस्टम की आवश्यकता है ताकि समय रहते इसका सुरक्षित तरीके से निपटान हो सके।

## राष्ट्रपति ने दी विजयादशमी की बधाई

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि विजयादशमी के अवसर पर वे सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हैं। उन्होंने कहा कि अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व हमें सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश के विभिन्न भागों में रावण दहन और दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाने वाला यह पर्व हमारे राष्ट्रीय मूल्यों को दर्शाता है। यह पर्व हमें क्रोध और अहंकार जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग करने तथा साहस और दृढ़ संकल्पता जैसी सकारात्मक प्रवृत्तियों को अपनाने की शिक्षा भी देता है। राष्ट्रपति ने कामना कहा कि यह पर्व हमें एक ऐसे समाज और देश के निर्माण के लिए प्रेरित करे जहां सभी लोग न्याय, समानता और सद्भाव के विचारों से प्रेरित होकर एक साथ आगे बढ़ें।

# धामी सरकार में अराजकतत्व और माहौल खराब करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे : महेंद्र भट्ट

**देवभूमि की शांति और उसके स्वरूप पर हमला, नाकाबिले बर्दाश्त, सख्त कार्रवाई उचित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सोशल मीडिया के जरिए माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी कट्टरपंथ फैलाने और माहौल बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ये भाजपा की धामी सरकार है, ऐसे अराजक तत्वों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पत्रकारों से पूछे सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करने देगी। चाहे वह सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला शख्स हो या ऐसी टिप्पणियों की आड़ में कानून अपने हाथ में लेने वाले लोग। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जिस तरह धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की गई थी वो बेहद निंदनीय और चिंताजनक थी। लेकिन जिस तरह पुलिस प्रशासन ने तत्काल मामले को पूरी तरह संभाला और साजिशकर्ताओं पर सख्त कार्रवाई कर रही है, वह प्रशंसनीय हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस तरह की विवादित टिप्पणी को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। लेकिन जैसे ही प्रकरण संज्ञान में आया, पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया। ऐसे में सभी को कानूनी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए था। वावजूद इसके जिस तरह मामले को तूल देकर राजधानी और प्रदेश का माहौल बिगड़ने की कोशिश गई है वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार, जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है। मुख्यमंत्री देवभूमि का माहौल और छवि बिगड़ने की साजिशों को नाकाम करने के प्रति कटिबद्ध हैं। इससे पूर्व भी धर्मांतरण विरोधी, दंगारोधी और यूसीसी कानून, राज्य का देवभूमि स्वरूप बनाए रखने की दृष्टि से उन्होंने लागू किया है। अब राजधानी में हुई घटना के दोषियों पर हुई कार्रवाई से भी कड़ा संदेश अराजक मंशाओं तक पहुंचा होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## विश्व अनुवाद दिवस पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अनुवाद पर साहित्य मंच का आयोजन

नई दिल्ली। विश्व अनुवाद दिवस पर साहित्य अकादेमी ने बुधवार को ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अनुवाद'' विषय पर 'साहित्य मंच' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अनुवादक सुभाष नीरव ने की, जिसमें भावना सक्सेना, निशात जैदी और योगेश अवस्थी ने अपने विचार साझा किए। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से आईं भावना सक्सेना ने मंत्रालय द्वारा विकसित अनुवादिनी, कंठस्थ और भाषिणी जैसे एप्स की चर्चा की। उन्होंने कहा कि मशीनी अनुवाद पर पूरी तरह निर्भरता संभव नहीं है क्योंकि मानवीय स्पर्श ही अनुवाद को परिष्कृत करता है। उन्होंने मशीनी अनुवाद को हेय दृष्टि से न देखने की सलाह देते हुए कहा कि मशीनें मानव प्रयासों से ही बेहतर हो सकती हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की प्रख्यात अनुवादिका निशात जैदी ने बताया कि मशीनें निरंतर सीखती हैं और डेटा को बेहतर बनाने में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि अनुवाद केवल वर्तमान का होता है, जिसमें भाषा के विविध रंग उभरते हैं, लेकिन इसमें भूत और भविष्य की उपस्थिति नहीं होती। गुजराती अनुवादक योगेश अवस्थी ने सरकारी स्तर पर एआई-संचालित अनुवाद प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मशीनी अनुवाद की मांग भविष्य में बढ़ेगी। हालांकि, उन्होंने डेटा सुरक्षा पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि डेटा का दुरुपयोग रोकने के लिए सतर्कता जरूरी है। अध्यक्ष सुभाष नीरव ने कहा कि सरकारी और शैक्षिक कार्यों के लिए कई अनुवाद एप उपलब्ध हैं, लेकिन साहित्यिक अनुवाद के लिए कोई विश्वसनीय एप नहीं है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए जोर दिया कि केवल मानवीय अनुवादक ही भाषा की शुद्धता और गहराई को पकड़ सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने बताया कि मशीनी अनुवाद की आवश्यकता बढ़ेगी, लेकिन इसे मानवीय प्रयासों और विश्वसनीयता के साथ संतुलित करना होगा। यह आयोजन अनुवाद के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की संभावनाओं और चुनौतियों पर विचार-मंथन का एक महत्वपूर्ण मंच साबित

## समाज में नारी का सम्मान सर्वोच्च होना चाहिए आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार। शारदीय नवरात्रि की नवमी तिथि पर पतंजलि के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने परंपरागत तरीके से कन्या पूजन किया। कन्या पूजन से पहले उन्होंने हवन-पूजन किया। पूजन के बाद कन्याओं को प्रसाद स्वरूप भोजन, वस्त्र और उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि कन्या पूजन भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की आत्मा है। इसमें माँ दुर्गा के नौ रूपों की प्रतीक स्वरूप कन्याओं का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद लिया जाता है। यह परंपरा समाज को नारी शक्ति के सम्मान और पूजन की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन से मुझे अदभूत शक्ति मिलती है। आचार्य श्री ने कहा कि जब हम नौ कन्याओं का पूजन करते हैं, तो वास्तव में हम शक्ति, विद्या, करुणा, समृद्धि, स्वास्थ्य, साहस, विजय और धर्म की आराधना करते हैं। यह परंपरा हमें यह सिखाती है कि समाज में नारी का सम्मान सर्वोच्च होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज के युग में जहां भौतिकता तेजी से बढ़ रही है। वहीं हमें अपनी जड़ों, अपनी परंपराओं और अपने संस्कारों से जुड़े रहना चाहिए। कन्या पूजन हमें यह स्मरण कराता है कि बिना नारी के समाज अधूरा है। कार्यक्रम के दौरान साधु-संतों की भी मौजूदगी रही। पतंजलि परिवार के सदस्य भी मौजूद रहें।

## सुदूर हुडोली गांव में मनाया गया आरएसएस का शताब्दी वर्ष

उत्तरकाशी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुंदियाटगांव खंड के हुडोली मंडल ने सरस्वती शिशु मंदिर हुडोली में शताब्दी वर्ष मनाया। इस दौरान उन्होंने शस्त्र पूजन किया। 30 स्वयंसेवकों ने सहभागिता कर संगठनात्मक गतिविधियों के महत्व पर विचार साझा किए। मुख्य वक्ता सहविभाग संयोजक गोविंद राणा ने सामाजिक समरसता, ग्राम विकास और राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर सह जिला प्रचार प्रमुख सुमन रावत और संजय रावत ने भी विचार रखे।

# मां दुर्गा के नौवें रूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की लिए मंदिरों और पंडालों में उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। अररिया जिला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न मंदिरों और पूजा पंडालों में स्थापित शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा पंडालों में उमड़ पड़ी।

नौवें दिन कन्या पूजन का भी विधान है और इस विधान के तहत नवरात्र में नौ दिनों तक भूखे रहकर साधना में लीन तपस्वियों ने अपने अपने घरों में कन्या पूजन कर उन्हें भोग लगाते हुए भोजन कराया। कन्या पूजन उपरांत उन्हें दक्षिणा और श्रृंगार का समान भक्तों द्वारा भेंट किया गया। नौवें दिन खिचड़ी का मां को महाभोग भी लगाया गया। महाभोग प्रसाद प्राप्त करने के लिए पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।

शारदीय नवरात्र के नौवें स्वरूप की चर्चा करते हुए पंडित प्रमोद मिश्रा ने बताया कि नवरात्र के आखिरी यानी नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना का विधान है। मां सिद्धिदात्री के स्वरूप में माता सिद्धिदात्री कमल पर विराजमान हैं और चार भुजाओं वाली हैं। इस स्वरूप में देवी ने अपने एक हाथ में शंख, दूसरे में गदा, तीसरे में कमल और चौथे हाथ में चक्र धारण किया हुआ है। मां सिद्धिदात्री देवी दुर्गा के समान सिंह की सवारी करती हैं। भोग के रूप में देवी को लवा, पूड़ी और चना अर्पित की जाती है। इसके बाद दीपक जलाकर माता की आरती के बाद भक्तों के बीच में प्रसाद वितरित की जाती है। इस दिन पर 9 कन्याओं का पूजन कर अपने व्रत का पारण करते हैं और हवन का भी आयोजन करते हैं। पूजा में देवी के इस स्वरूप को रोली, चंदन, अक्षत, धूप, दीप, फूल, फल, मिठाई नारियल और चुनरी आदि अर्पित की जाती है।

## कटिहार में 178.73 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

कटिहार। मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने बुधवार को वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रदेश के कई जिलों में पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियानवित 4193 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम के तहत कटिहार जिला में भी कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। कटिहार जिला में भवन निर्माण विभाग, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन और ग्राम पंचायतों द्वारा निर्मित कुल 19 पंचायत सरकार भवनों का लोकार्पण किया गया, जिसकी कुल निहित राशि 54.07 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, 34 पंचायत सरकार भवनों के निर्माण से संबंधित पंचायतों में शिलान्यास का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी कुल निहित राशि 105.16 करोड़ रुपये है। साथ ही, जिला में 39 पंचायतों में कन्या विवाह मंडपों के निर्माण का शिलान्यास भी किया गया, जिसकी समेकित राशि 19.50 करोड़ रुपये है। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा और अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। जिला मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के अलावा संबंधित सभी पंचायतों में भी स्थानीय स्तर पर मुखिया और अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति में लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## राजभवन में लगा स्वास्थ्य शिविर, 267 व्यक्तियों ने कराया परीक्षण

देहरादून। सरकार के 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत राजभवन में बुधवार को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए एक वृहद स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर में राजकीय दून मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कुल 267 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शिविर का निरीक्षण किया और चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिविर में आए लोगों से संवाद कर उनके अनुभव जाने और चिकित्सकीय व्यवस्था की सराहना की।इ राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से शुरू किए गए इस अभियान से विशेषकर माताओं, बहनों और बेटियों को लाभ प्राप्त हो रहा है। वे घर-परिवार की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि अक्सर अपने स्वास्थ्य की देखभाल नहीं कर पातीं।

# भाजपा को लगा झटका, चार बार के विधायक रहे जनार्दन यादव ने थामा जन सुराज का दामन

अररिया। चुनाव के मौसम में पाला बदलने का काम भी शुरू हो गया है। अररिया के नरपतगंज से चार बार भाजपा विधायक रहे जनार्दन यादव ने भाजपा से इस्तीफा देने के बाद जन सुराज का दामन थाम लिया है। उन्होंने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय कुमार सिंह के समक्ष पटना स्थित जन सुराज के कार्यालय में जन सुराज का दामन थामा। जनार्दन यादव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ जन सुराज का दामन थामा है। प्रशांत किशोर और उदय कुमार सिंह ने पीला गमछा ओढ़ाकर उन पार्टी में स्वागत किया। जनार्दन यादव अररिया जिला में भाजपा के पुराने सिपहसलार रहे हैं। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में लड़े गए छात्र आंदोलन की उपज रहे जर्नादन यादव ने पिछले दिनों पार्टी में उपेक्षा और अनदेखी का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। तबसे ही उनके जन सुराज में जाने की संभावना लगाई जा रही थी। जनसंघ के काल से ही पार्टी से जुड़े जनार्दन यादव छात्र आंदोलन के दौरान मीसा को तहत दो बार जेल गए थे। भागलपुर केंद्रीय कारा में काफी दिनों तक उन्होंने बंदी के रूप में समय बिताया था। छात्र आंदोलन के बाद 1977 में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने पहली बार जीत दर्ज की थी। लेकिन चुनाव लड़ने के लिए निर्धारित कम उम्र के कारण पटना हाईकोर्ट ने उन्हें अयोग्य करार दे दिया था। फलस्वरूप हाईकोर्ट के निर्णय के आलोक में उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था।जिसके बाद हाईकोर्ट के आदेश पर फिर से 1980 में हुए मध्यावधि चुनाव में पार्टी न उनपर भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया।

# उत्तराखंड में स्वैच्छिक रक्तदान के लिए 66 हजार लोगों ने कराया पंजीकरण


कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान के तहत प्रदेशभर में आयोजित रक्तदान शिविरों में अबतक 66 हजार से अधिक लोगों ने ई-रक्तकोष पोर्टल पर स्वैच्छिक रक्तदान के लिये अपना पंजीकरण कराया है। वहीं, आठ हजार से अधिक लोगों ने इन शिविरों में रक्तदान भी किया। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से यह विशेष अभियान प्रारम्भ किया गया है। अभियान के अंतर्गत राज्यभर के राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला एवं उप जिला अस्पताल, संयुक्त अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि अब तक 66,878 लोगों ने स्वैच्छिक रक्दान के लिये ई-रक्तकोष पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। इनमें अल्मोड़ा में 3891, बागेश्वर 525, चमोली 999, चम्पावत 1686, देहरादून 6539, हरिद्वार 6004, नैनीताल 6026, पौड़ी 9006, पिथौरागढ़ 1383, रुद्रप्रयाग 1418, टिहरी 15901, ऊधमसिंह नगर 11370 तथा उत्तरकाशी से 2130 लोग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 8,779 लोगों ने रक्तदान शिविरों में स्वैच्छिक रक्तदान भी किया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेशभर में 67 ब्लड बैंक क्रियाशील हैं, जिनकी रक्त संग्रहण क्षमता 39,750 यूनिट हैं। इस अभियान के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

## सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह नौ फीसदी बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्?व संग्रह सितंबर महीने में सालाना आधार पर 9.1 फीसदी बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले महीने अगस्त में जीएसटी राजस्व संग्रह 6.5 फीसदी बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जीएसटी की दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण बिक्री में वृद्धि से जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़ा है। सितंबर, 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर पांच फीसदी अधिक है। सितंबर, 2024 में जीएसटी राजस्?व संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये और अगस्त, 2025 में यह 1.86 लाख करोड़ रुपये रहा था। आंकड़ो के अनुसार सितंबर में सकल घरेलू राजस्व 6.8 फीसदी बढ़कर 1.36 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर 15.6 फीसदी बढ़कर 52,492 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। जीएसटी 'रिफंड' भी सालाना आधार पर 40.1 फीसदी बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया। देश में 22 सितंबर से लागू जीएसटी की दरों का असर जीएसटी आंकड़ों में दिखा है। जीएसटी 2.0 सुधार लागू होने के बाद 22 सितंबर से रसोई के सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक, दवाओं और उपकरणों से लेकर मोटर वाहन तक 375 चीजों की कीमतें कम हुई।




दशहरा और दीपावली की समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार निगम

उचित दर विक्रेता ग्राम चंद्रपुरा विकासखंड, मियां बेहड़ खीरी

दशहरा और दीपावली की समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
चक्कर गुप्ता

प्रधान प्रतिनिधि ग्राम हरसिंहपुर विकासखंड धौरहरा खीरी

दशहरा और दीपावली की समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
शिबू खान

समाजसेवी निवासी ग्राम शेखन पुरवा धौरहरा जिला खीरी

दशहरा और दीपावली की समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं
ओम नारायण शुक्ला

ब्यूरो चीफ दैनिक कैनविज टाइम्स लखीमपुर खीरी मोबाइल नंबर 9839843930

यूनिक ट्रेनिंग एंड टेस्ट सेन्टर


सब्जी मंडी रोड सूबा बाजार, खोराबार, गोरखपुर शारदीय नवरात्र हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

नोट-- विदेश में रोजगार प्राप्त करने हेतु भारत सरकार से मान्यता प्राप्त यूनिक ट्रेनिंग सेंटर गोरखपुर पर विश्वास कर अवश्य सम्पर्क करें , आपके विश्वास पर शतप्रतिशत खरा उतरने का पूर्ण भरोसा ।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063